हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 25.07.2026 • वर्ष : 17 • अंक : 04 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

मुख्यमंत्री ने की उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, कहा

## राज्य में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण एवं तस्करी पर हर हाल में लगाएं अंकुश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को राज्य में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, बिक्री और तस्करी पर पूरी सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब का कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि लोगों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। बैठक में उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी मौजूद रहे।



बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने 3,885.11 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 4,013.53 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। वहीं, वर्ष 2026-27 के लिए 4,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जुलाई 2026 के मध्य तक 1,376 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया जा चुका है, जो वार्षिक लक्ष्य का 30.57 प्रतिशत है।

मुख्यमंत्री ने विभाग में रिक्त पदों को शीघ्र भरने का निर्देश देते हुए कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। अधिकारियों ने बताया कि 583 उत्पाद सिपाहियों को नियुक्ति पत्र देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

मुख्यमंत्री ने मदिरा परिवहन वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग और डिजिटल लॉक लगाने के निर्देश दिए, ताकि वाहनों की रियल-टाइम निगरानी हो सके और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने स्पिरिट की खपत का व्यापक अध्ययन कर भविष्य की मांग और राजस्व बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रकार की मदिरा विनिर्माण नीति और औद्योगिक अल्कोहल के विनियमन के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, लेबल पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी जोर दिया, ताकि लोकप्रिय ब्रांडों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने राज्य में उत्पाद विभाग के गोदाम निर्माण कार्यों में स्थानीय आदिवासी समुदाय को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विभागीय कार्यों में आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग और जनहित आधारित कार्यप्रणाली अपनाने पर भी उन्होंने बल दिया।

बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के प्रधान सचिव अमिताभ कौशल, उत्पाद आयुक्त संदीप सिंह, जेएसबीसीएल के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार सिंह, संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एनटीए में बड़ा बदलाव 47 अधिकारी बर्खास्त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 47 अधिकारियों को सेवा से हटा दिया है। कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। यह फैसला परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बहाल करने और एजेंसी में व्यापक सुधार की शुरूआत माना जा रहा है।

एनटीए पर कार्रवाई के बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देंगे। सरकार का कहना है कि उसकी प्राथमिकता मंत्री बदलना नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना, एनटीए की कमियां दूर करना और पेपर लीक पर स्थायी रोक लगाना है। केंद्र सरकार ने पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी के मामलों में कड़े प्रावधान लाने की दिशा में भी कदम बढ़ा दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कानून को और सख्त बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### एनटीए में होगा बड़ा पुनर्गठन

सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार एनटीए का व्यापक पुनर्गठन कर रही है। परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए एजेंसी की कार्यप्रणाली में कई बदलाव किए जाएंगे। आउटसोर्सिंग व्यवस्था की समीक्षा, सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और जवाबदेही तय करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### कुछ अधिकारियों पर होगी आपराधिक कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक, हटाए गए 47 अधिकारियों में से कुछ के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की तैयारी भी की जा रही है। सरकार का कहना है कि परीक्षा में किसी भी स्तर की लापरवाही या अनियमितता के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## एक नजर

### तीन उग्रवादी कैडर और एक ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने 23 जुलाई को राज्यभर में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े तीन सक्रिय कैडरों और एक संदिग्ध ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान हथियार, गोलियां और भारी मात्रा में संदिग्ध हेरोइन भी बरामद की गई। शुक्रवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, बिष्णुपुर थाना क्षेत्र के तेरा उराक चेकपोस्ट से पुलिस ने केवाईकेएल के कथित सक्रिय कैडर और रंगदारी वसूली में संलिप्त मयांगलाम्बम टोम्बा सिंह उर्फ लक्ष्पा (39) को गिरफ्तार किया। वह मूल रूप से चुराचांदपुर के बिजांग खुनौ का निवासी है और वर्तमान में फुबाला राहत शिविर में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, वह मोइरांग स्थित एक पेट्रोल पंप में हुए विस्फोट की घटना में भी कथित रूप से शामिल था। उसके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन तथा विभिन्न बोर के 11 जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

### यूएई से भारत लाया गया 100 करोड़ की निवेश ठगी का आरोपित

**नई दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कथित निवेश ठगी के मामले में वांछित आरोपित अविनाश अर्जुन राठौड़ को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित (डिपोर्ट) कराया है। मुंबई पहुंचने पर महाराष्ट्र पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि एजेंसी ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के समन्वय से राठौड़ को भारत वापस लाने की प्रक्रिया पूरी की। आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर निवेशकों को विभिन्न निवेश योजनाओं में निश्चित मासिक रिटर्न का झांसा देकर बड़ी रकम निवेश कराई और बाद में धन का गबन कर लिया। जांच के दौरान सीबीआई ने आरोपित के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से रेड नोटिस जारी कराया था। इसके बाद यूएई के अधिकारियों के सहयोग से उसे भारत लाने की प्रक्रिया पूरी की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, निवेशकों से ठगी गई रकम को विभिन्न बैंक खातों और डीमैट खातों के जरिए इधर-उधर स्थानांतरित किया गया। अविनाश अर्जुन राठौड़ 23 जुलाई को मुंबई पहुंचा, जहां महाराष्ट्र पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

### भूमिहार ब्राह्मण शब्द पर बिहार सरकार ने लगाई रोक

**पटना :** बिहार में भूमिहार ब्राह्मण शब्द को लेकर सियासी विवाद तेज हो गया है। विधानसभा के मानसून सत्र में राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि सरकारी दस्तावेजों और अभिलेखों में इस जाति का नाम केवल भूमिहार ही दर्ज किया जाएगा। सरकार ने भूमिहार ब्राह्मण शब्द के इस्तेमाल पर रोक लगाने की बात कही है। सरकार के इस फैसले के बाद सदन में भाजपा के ही दो विधायक अपनी सरकार के खिलाफ खड़े नजर आए। भाजपा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा और विशाल प्रशांत ने इस मुद्दे पर सरकार से सवाल किए। दरभंगा जिले के जाले से भाजपा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पुराने सरकारी रिकॉर्ड, गजट और 1931 की जनगणना में इस जाति का नाम भूमिहार ब्राह्मण दर्ज है। ऐसे में जाति प्रमाण पत्र और सरकारी अभिलेखों में एकरूपता होनी चाहिए।

## टनल हादसे में झारखंड के चार मजदूरों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिक्किम के नामची जिले में निमार्णाधीन एनएचपीसी की तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की सुरंग में हुए भीषण हादसे में झारखंड के चार मजदूरों की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी और हजारीबाग के प्रभावित गांवों में शोक की लहर है।

मृतकों में पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव निवासी मसीह बारजो, खूंटी जिले के रनिया प्रखंड निवासी कृष्णा साहू और विकास कंडुलना, तथा हजारीबाग के बरही निवासी जागेश्वर ठाकुर शामिल हैं।

राज्य प्रवासन नियंत्रण कक्ष के अनुसार, खूंटी के दोनों श्रमिकों और हजारीबाग के एक श्रमिक का शव झारखंड पहुंचा दिया गया है, जबकि पश्चिमी सिंहभूम के श्रमिक का शव भी लाए जाने की प्रक्रिया जारी है।

यह हादसा सिक्किम के नामची जिले में निमार्णाधीन सुरंग के भीतर हुआ था। बचाव अभियान के दौरान बड़ी संख्या में शव बरामद किए गए और राहत कार्य कई दिनों तक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में चलता रहा।



### एक मजदूर का शव पहुंचा गांव, मातम

**खूंटी :** सिक्किम के नामची जिले में निमार्णाधीन एनएचपीसी तीस्ता स्टेज-6 जलविद्युत परियोजना की हेड रेस टनल में गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट में मृत 22 वर्षीय कृष्णा साहू का शव शुक्रवार सुबह पैतृक गांव डाहु पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरा गांव शोक में डूब गया।

### केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री की सलाह पर उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। रवनीत सिंह बिट्टू के इस्तीफे के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी उन्हें अगले वर्ष होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। रवनीत सिंह बिट्टू का राज्यसभा कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ था। इसके बाद भाजपा ने उन्हें दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा, जिससे उनके मंत्रिपद छोड़ने की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब उनके इस्तीफे के बाद यह माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें पंजाब विधानसभा चुनाव में उतार सकती है।

केंद्र सरकार ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से किया इनकार, कहा

## परीक्षा सुधार हमारी प्राथमिकता

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीट प्रश्नपत्र लीक विवाद और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता को लेकर जारी विरोध के बीच केंद्र सरकार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, सरकार का मानना है कि मंत्री बदलने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उसकी प्राथमिकता परीक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार करना और पेपर लीक गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, एनटीए की तकनीकी और प्रशासनिक कमियों की समीक्षा की जा रही है। सरकार परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए व्यापक सुधारों पर काम कर रही है। साथ ही पेपर लीक से जुड़े संगठित गिरोहों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई भी जारी है।

सरकार ने कहा है कि प्रदर्शनकारी संगठन के साथ बातचीत जारी रहेगी। इस बीच केंद्र सरकार पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कानून लाने की तैयारी भी कर रही है। प्रस्तावित संशोधन में दोषियों के लिए कठोर सजा, अधिक आर्थिक दंड और मामलों के त्वरित निपटारे का प्रावधान किया जा सकता है।

### सीजेपी ने दोहराई इस्तीफे की मांग

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अपना रुख बरकरार रखा है। संगठन के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ हुई बैठक में स्पष्ट कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा उनकी प्रमुख मांग है और इस पर कोई समझौता नहीं होगा। सीजेपी ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने, नीट विवाद से जुड़े आत्महत्या पीड़ित छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने तथा परीक्षा सुधारों से जुड़े पांच सूत्रीय एजेंडे को लागू करने की भी मांग की है।

## सोनम वांगचुक ने तोड़ा अनशन लिखित आश्वासन पर बनी सहमति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 26 दिनों से जारी अपना आमरण अनशन शुक्रवार तड़के समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और विभिन्न राजनीतिक दलों के 65 सांसदों से लिखित आश्वासन मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। हालांकि, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कोई आश्वासन नहीं मिला।

सोनम वांगचुक ने बताया कि सरकार ने संसद में नीट प्रश्नपत्र लीक, परीक्षा प्रणाली में जवाबदेही और शिक्षा सुधार पर विस्तृत चर्चा कराने, प्रश्नपत्र लीक से जुड़े आत्महत्या पीड़ित छात्रों के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा जंतर-मंतर और 20 जुलाई के संसद मार्च में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया है।



उन्होंने कहा कि केवल मौखिक भरोसे पर वह अनशन समाप्त नहीं करना चाहते थे, इसलिए लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही उन्होंने अपना निर्णय लिया।

## राज्यसभा में 'वन्देमातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने वाला विधेयक पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने शुक्रवार को राज्यसभा में राष्ट्रगीत वंदेमातरम को राष्ट्रगान के समान दर्जा दिलाने वाले वाला विधेयक पेश किया। नित्यानंद राय ने सदन में आरोप लगाया कि विपक्ष विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी 1950 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को भी सम्मान प्राप्त होगा। राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत दोनों का समान रूप से सम्मान किया जाना चाहिए।



लोकसभा और राज्यसभा में शुक्रवार को भी विपक्ष के हंगामे के चलते कामकाज प्रभावित रहा। लोकसभा और राज्यसभा में सदन की कार्यवाही की शुरूआत में करगिल दिवस (26 जुलाई) पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई । इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे और बाद में सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। दूसरी ओर राज्यसभा में पहले कार्यवाही 12 बजे, फिर 02 बजे और फिर सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में दोपहर 2 बजे कार्यवाही प्रारंभ होने पर नित्यानंद राय ने सदन में राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन किए जाने वाला विधेयक पेश किया। विधेयक को पेश किये जाने का सीपीआई नेता संदोष कुमार पी और सीपीआई (एम) नेता जॉन ब्रिटास ने विरोध किया। ब्रिटास ने कहा कि संसद साधारण कानून बनाकर संविधान की मूल व्यवस्था को नहीं बदल सकती। संविधान सभा ने लगभग तीन वर्षों के गहन विचार-विमर्श के बाद जानबूझकर राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान को समान संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। यदि संविधान निर्माताओं की ऐसी मंशा होती तो वे इसे स्पष्ट रूप से व्यक्त करते।

## हिमाचल प्रदेश : वाहन पर चट्टान गिरने से 13 की मौत

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में 13 लोगों की जान चली गई। उदयपुर थाना क्षेत्र में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की मुख्य सड़क पर कढ़ूनाला-राहौली के पास पहाड़ी से अचानक गिरी भारी चट्टान की चपेट में एक टाटा सुमो आ गई। हादसे में वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। दोनों घायलों को बचाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे के बाद पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।



पुलिस के अनुसार, टाटा सुमो (एचपी-01एम-2210) में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे। वाहन को बीर सिंह चला रहे थे। कढ़ूनाला क्षेत्र में राहौली के पास पहुंचते ही पहाड़ी से अचानक बड़ी चट्टान नीचे आ गिरी। वाहन सीधे उसकी चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही अधिकांश यात्रियों की मौत हो गई। चट्टान गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया।

लाहौल स्पीति की उपायुक्त किरण भड़ाना ने बताया कि हादसे में वाहन में सवार 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि दो लोग घायल हैं और उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि हादसा चंबा जिले के पांगी और लाहौल स्पीति जिले के सीमावर्ती इलाके में हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी मृतक चंबा जिले के पांगी क्षेत्र के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल की पुलिस चौकी तिंदी और उदयपुर थाना पुलिस मौके पर मौजूद है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है। मृतकों की पहचान की जा रही है। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और उन्हें परिजनों को सौंपा जाएगा।

यह हादसा ऐसे समय हुआ है, जब प्रदेश में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। संवेदनशील इलाकों में यात्रा से पहले सड़क और मौसम की जानकारी लेने की भी सलाह दी गई है।

## भारत समेत 60 देशों पर ट्रंप का नया टैरिफ, भारत पर 10% आयात शुल्क लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित 60 व्यापारिक साझेदार देशों पर नया टैरिफ लागू करने की घोषणा की है। नए आदेश के तहत अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 से 12.5 प्रतिशत तक शुल्क लगाया गया है। भारत को 10 प्रतिशत टैरिफ वाली श्रेणी में रखा गया है, जबकि चीन और जापान सहित कुछ देशों पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है।

अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि कुछ देशों से आने वाले उत्पादों के निर्माण में कथित तौर पर जबरन मजदूरी का इस्तेमाल हुआ है। इसी आधार पर यह नया टैरिफ लागू किया गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अनुसार, यह शुल्क पहले लागू वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ की जगह लेगा और निर्धारित समय से प्रभावी हो गया है।

अधिकारियों के अनुसार, शुरूआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर विचार



किया गया था, लेकिन जबरन मजदूरी रोकने के क्षेत्र में भारत के प्रयासों को देखते हुए उसे 10 प्रतिशत वाली श्रेणी में रखा गया। इस श्रेणी में भारत के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, मेक्सिको, बांग्लादेश और इंडोनेशिया सहित कुल 17 देश शामिल हैं।

चीन और जापान समेत कई देशों पर 12.5 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, जिन क्षेत्रों पर पहले से अधिक शुल्क लागू है, वहां नए टैरिफ का असर नहीं होगा। वहीं, अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के तहत मिलने वाली छूट भी पहले की तरह जारी रहेगी।

यह फैसला ऐसे समय आया है जब टैरिफ नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा था। इसके बावजूद प्रशासन ने नए कानूनी प्रावधानों के तहत संशोधित टैरिफ लागू किया है। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि नई नीति को कानूनी रूप से मजबूत आधार पर तैयार किया गया है।

## एक नजर

### हाथियों ने घर तोड़कर दस हजार नकद के साथ चट कर गए अनाज



**बरही :** बरही प्रखंड में निरंतर पिछले कई महीनों से जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान है। इसी क्रम में बरही प्रखंड अंतर्गत दुलमहा पंचायत के औरैया बस्ती में बीते रात्रि दो हाथियों ने दस्तक दी, जिसके बाद कलिंदर भुईयां के घर का खिड़की तोड़कर घर में रखा चावल खा गए, साथ ही चावल में रखा दस हजार नकद रुपया भी खा गए। वहीं घटना की सूचना पाकर वन विभाग की टीम शुक्रवार अहले सुबह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल हाथियों के बगल के जंगल में जाने की सूचना है, वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने में जुटी हुई है। साथ ही वन विभाग की टीम ने लोगों से सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की है।

### जीटी रोड पर जलजमाव से रफ्तार थमी व्यापार और जनजीवन प्रभावित

**चौपारण :** लगातार हो रही बारिश ने चौपारण बाजार की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 (जीटी रोड) पर कई स्थानों पर जलजमाव होने से आम लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। सड़क पर पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों, राहगीरों, दुकानदारों और आसपास के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में भी बारिश का पानी घुस जाने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष बारिश के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न होती है। सड़क पर जमा पानी से छोटे-बड़े वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। बच्चों को स्कूल आने-जाने के दौरान पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। बाजार के दुकानदारों का कहना है कि जलजमाव के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं घरों में पानी घुसने से कई परिवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई है।

### उल्टी-दस्त से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरही :** प्रखंड के केदारुत पंचायत अंतर्गत काजरा गांव निवासी एक युवक की इलाज के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल बरही में मौत हो गई। मृतक की पहचान बलदेव कुमार (22 वर्ष), पिता फागुनी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलदेव कुमार पिछले एक दिन से उल्टी और दस्त (पैखाना) की शिकायत से पीड़ित था। परिजन उसे पहले गोरियाकर्मा स्थित सरकारी अस्पताल लेकर गए थे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। हालांकि घर लौटने के बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। स्थिति गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने तुरंत उसका इलाज शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक की असामयिक मौत से गांव में शोक का माहौल है।

# पुलिस की बड़ी सफलता: राहुल दुबे गैंग के दो सक्रिय अपराधी गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में एक अपराधी घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** हजारीबाग पुलिस ने अपराध और लेवी वसूली के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित सीसीएल की चंद्रगुप्त कोल परियोजना में मुठभेड़ के बाद राहुल दुबे गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंग का एक सदस्य गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पगार ओपी क्षेत्र के बुकरू ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, पगार ओपी प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

अभियान के दौरान तड़के लगभग 3:20 बजे पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही दोनों अपराधी वाहन छोड़कर जंगल की ओर भागने लगे। इसी दौरान एक अपराधी ने पुलिस टीम पर लगातार फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन अपराधी द्वारा दोबारा फायरिंग किए जाने पर पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक अपराधी के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा।

पुलिस ने तत्काल घायल अपराधी को कब्जे में लिया तथा दूसरे आरोपी को भी पीछा कर गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने स्वयं को राहुल दुबे गैंग का सक्रिय सदस्य बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ समय पहले चंद्रगुप्त कोल परियोजना की ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी से लेवी नहीं मिलने पर दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था।

गिरफ्तार आरोपी मो. रागीब अफजल (घायल), जितेंद्र सोनी

**बरामदगी:-**

एक देसी पिस्टल

तीन मोबाइल फोन

एक अपाची मोटरसाइकिल

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ जारी है तथा गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लेवी वसूली जैसी आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## डायन बताकर प्रताड़ित करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस लगातार एक्शन मूड में काम कर रही है। महज कुछ माह के कार्यकाल में अब तक कई मामलों का खुलासा कर एवं कई मामलों में मामला दर्ज कर दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। बीते 21 जुलाई को ग्राम बादम निवासी बबीता देवी के द्वारा मारपीट एवं बेइज्जत करने के आरोप में बड़कागांव थाने में आवेदन दिया गया। जिस पर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए 21 जुलाई 2026 को बड़कागांव थाना कांड संख्या 131/26 धारा 76 / 126 (2) / 115 (2) / 109 (1) /303 (2) /352 /351 (2) / 3 (5) बीएनएस एवं 3/4 डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001, झारखंड दर्ज किया। आगे उन्होंने बताया कि जिसमें प्राथमिकी अभियुक्त अखिलेश्वर पांडेय पिता स्वङ्ग गोविंद पांडेय ग्राम बादम निवासी को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त अखिलेश्वर पांडे को 24 जुलाई 2026 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे। आगे उन्होंने कहा कि यह विशेष अभियान निरंतर आगे भी जारी रहेगा। दोसीयो पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नरेंद्र पांडेय बने चलकुसा के नए थाना प्रभारी, किया पदभार ग्रहण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चलकुसा :** पुलिस विभाग में हुए फेरबदल के तहत नरेंद्र पांडेय ने चलकुसा थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उनकी स्थानांतरण एसपी अमन कुमार ने की। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना परिसर में अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। थाना प्रभारी नरेंद्र पांडेय ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखना और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करना है। उन्होंने कहा कि अवैध नशा, जमीन विवाद, चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि पुलिस को अपना सहयोग दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित और न्यायसंगत निपटारा किया जाएगा। पदभार ग्रहण के दौरान थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी नए थाना प्रभारी से मिलकर शुभकामनाएं दीं।

### सर्पदंश से 6 वर्षीय नंदनी की मौत

**बरही :** रेलवे स्टेशन रोड निवासी रविकांत शर्मा की छह वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी बीते मध्य रात्रि सर्पदंश से गंभीर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदनी अपने बिस्तर पर थी, इसी दौरान विषैले सांप ने उसे डंस लिया। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्ची को बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मंटू सिंह, सुमन सिंह समेत दर्जनों लोग अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विभावि गृह विज्ञान विभाग में विदाई समारोह आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में गुरुवार को सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। द्वितीय समसत्र के विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष सह समाज विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ रेणु बोस ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में संगीता कुमारी ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। आरती, सोनाली और संगीता ने एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुति की। वही सोनाली ने अपने एकल नृत्य से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों ने एक-एक करके अपने अनुभवों को साझा किया। विश्वविद्यालय और विभाग से उन्होंने बताया कि यहां क्या-क्या सीखा, यहां उनके अनुभव कैसे रहे और भविष्य के लिए उनकी योजनाएं क्या है। मौके पर उन्होंने अपने संघर्षों और सफलताओं के अनुभवों को भी साझा किया। अपने अनुजों को भी खूब प्रेरित किया। मनोरंजन और आनंद से भरपूर म्यूजिकल चेयर खेल में चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम भाग में विभाग के शिक्षकों ने विदा ले रहे छात्राओं के साथ बिताए गए कुछ क्षणों को याद किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अपने आशीर्वचनों में शिक्षकों ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ते रहने, हर प्रकार की कठिनाइयों का डटकर सामना करने तथा हर परिस्थिति में सकारात्मक बने रहते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करने जैसे बहुमूल्य नसीहत दी। कार्यक्रम का समापन बेहद भावुक गीत के साथ हुआ जहां मोलिनी एवं साथियों ने सबको भाव विभोर कर दिया। नम आंखों से और सुनहरे सपनों के साथ चतुर्थ समसत्र की छात्राओं ने विभाग से विदाई लिया।

## नयाटांड़ में विधायक ने तसर सिल्क बुनाई हथकरघा प्रशिक्षण का किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नयाटांड़ गांव में तसर सिल्क बुनाई हथकरघा प्रशिक्षण का का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फिदा काटकर किया। उद्घाटन समारोह में रेशम वस्त्र विभाग दिल्ली के अधिकारी, खादी बोर्ड सचिव अमरदीप सिन्हा, सुपरवाइजर शाह मोहम्मद उपस्थित हुए। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने महिलाओं से कहा कहा कि आप मेहनत करें स्वरोजगार से जुड़े अपना परिवार का अच्छी तरह से भरण पोषण करें, आत्मनिर्भर बने। मशीन चलाने व प्रशिक्षण के लिए 60 महिलाओं को प्रशिक्षण देने का काम शुरू किया गया है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से संचालक सुपरवाइजर शाह मोहम्मद, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, शोभा कुमारी, आरती कुमारी, प्रीति जायसवाल, राखी देवी, नैना कुमारी, अंजू कुमारी, सविता कुमारी, डॉली कुमारी, रेणुका कुमारी, संगीता कुमारी, कलावती कुमारी, राधिका कुमारी, संजू कुमारी, गीता देवी, गुड़िया देवी, करिश्मा देवी, मनीषा कुमारी ,लीला देवी वगैरह शामिल थे।

# हजारीबाग पुलिस का डबल एक्शन: ब्राउन शुगर तस्कर व महिला वारंटी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे मामले में लंबे समय से वांछित एक महिला अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। पहले मामले में 13.20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेलावल ओपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल सवार युवक को संदिग्ध अवस्था में रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 13.20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार युवक की पहचान पियूष कुमार (20 वर्ष), पिता अशोक दांगी, निवासी गिद्धौर ब्लॉक मोड़, थाना गिद्धौर, जिला चतरा के रूप में हुई है। इस संबंध में कटकमसांडी थाना कांड संख्या 121/26, दिनांक 23 जुलाई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 22(बी) एवं 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने यह सामान किया बरामद कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से निम्नलिखित सामान बरामद किया–

**13.20 ग्राम ब्राउन शुगर**

ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल फोन मोटरसाइकिल संख्या JH02AB-0905

एक काला एवं भूरा रंग का बैग

पुलिस का मानना है कि बरामद मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री और उसके नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। मामले में आगे की अनुसंधान जारी है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी यह ब्राउन शुगर कहां से लाया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। छापेमारी दल में शामिल रहे अधिकारी

इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक अरमानुल हक के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। टीम में पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन महथा, पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक, पुलिस अवर निरीक्षक राजदीप कुमार, श्यामजीत किस्कू, आरक्षी सुधीर कुमार राय तथा आरक्षी दसुआ उरांव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**दूसरे मामले में महिला अभियुक्त गिरफ्तार**

इसी क्रम में पेलावल ओपी पुलिस ने एक अन्य मामले में भी कार्रवाई करते हुए कटकमसांडी (पेलावल ओपी) थाना कांड संख्या 125/25, दिनांक 1 जून 2025 की नामजद अभियुक्त तहरीना खातून को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार महिला के पति का नाम मोहम्मद रियाज है। उसका स्थायी पता बकसपुर, थाना मुफस्सिल तथा वर्तमान पता ग्राम हेदलाग, जिला हजारीबाग बताया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार भेजी जा रही 864 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त दो कारें और तीन तस्कर पुलिस के शिकंजे में



**चौपारण :** चौपारण थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार भेजी जा रही 18 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो कारों को भी जब्त कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कमलवार चौक से अंबाजीत जाने वाली सड़क पर एक सफेद कार से दूसरी कार में शराब लोड कर बिहार भेजी जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम जब कमलवार चौक से करीब 500 मीटर आगे अंबाजीत रोड पहुंची तो वहां दो कारें आमने-सामने खड़ी थीं और कुछ लोग एक वाहन से दूसरे वाहन में शराब की पेटियां लोड कर रहे थे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर तीन लोगों को मौके से दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चौपारण थाना क्षेत्र के दबगर मोहल्ला निवासी सोनू कुमार दास (35) तथा बिहार के गया जिला अंतर्गत डोभी थाना क्षेत्र के करमोनी निवासी आशीष कुमार (20) और संतोष कुमार यादव (20) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक हुंडई वरना कार से 11 पेटी और एक अल्टो कार से 7 पेटी ऑफिसर्स चॉइस 180 एमएल व्हिस्की बरामद की। कुल 18 पेटियों में 864 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई। आरोपियों के पास शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि शराब बगोदर से लाकर चौपारण के रास्ते बिहार भेजी जा रही थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी दल में बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार पासवान, सहायक अवर निरीक्षक बादल महतो तथा चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### साइकिल वितरण से शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा विधायक व बीडीओ ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित



**चौपारण :** प्रखंड स्थित केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय में शुक्रवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। आयोजित समारोह में बरही विधायक मनोज कुमार यादव और प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने लाभुक विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें विद्यालय तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों को कम करना है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं की विद्यालय में नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा। वही बीडीओ नितेश भास्कर ने विद्यार्थियों को साइकिल का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के विकास के लिए लगातार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद विद्यार्थी तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी सुविधा होगी, जिससे वे नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। कार्यक्रम में कल्याण पदाधिकारी अंकित यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव एवं रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव और कुलदीप पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### चौपारण की यातायात बदहाली पर कांग्रेस सख्त, पीडी से की तत्काल कार्रवाई की मांग



**चौपारण :** चौपारण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही यातायात अव्यवस्था, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम और सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीडी) आशुतोष सोनी से मुलाकात कर हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने पीडी के साथ विस्तृत वार्ता के दौरान बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर भारी वाहनों के दबाव, ट्रैफिक प्रबंधन की कमी और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से प्रतिदिन लंबा जाम लगता है। इससे आम लोगों, व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जाने से क्षेत्र में चिंता का माहौल है। कांग्रेस नेताओं ने बैठक में कथित 926 करोड़ रुपये की अवैध टोल वसूली का मुद्दा भी उठाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि जब तक सड़क पर सुरक्षित और सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक टोल वसूली पर भी सवाल उठते रहेंगे। कांग्रेस जिला महासचिव दीपक गुप्ता ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से जाम की समस्या, सड़क सुरक्षा और टोल वसूली से जुड़े सभी मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस आम जनता के साथ मिलकर टोल वसूली और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के विरोध में व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी।

# विधि पोर्टल 2.0 लॉन्चः झारखंड में सरकारी मुकदमों के डिजिटल प्रबंधन को मिलेगी नई रफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** झारखंड सरकार ने सरकारी न्यायालयीन प्रकरणों के समग्र और प्रभावी डिजिटल प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विधि पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया। झारखंड उच्च न्यायालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय ने पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सचिव आईटी श्रीमती पूजा सिंघल, सचिव, विधि विभाग श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव, वरीय एएजी श्री अच्युत केशव सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकसित विधि पोर्टल 2.0 को राज्य की डिजिटल सुशासन यात्रा में एक अहम उपलब्धि माना जा रहा है। यह पोर्टल आधुनिक तकनीक के माध्यम से सरकारी मुकदमों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, दक्ष और जवाबदेह बनाने में मदद करेगा।

नए पोर्टल के जरिए विभिन्न विभागों, विधि विभाग, महाधिवक्ता कार्यालय और सरकारी अधिवक्ताओं को एकीकृत डिजिटल मंच पर जोड़ा गया है। इसमें रियल-टाइम मॉनिटरिंग, स्वचालित अलर्ट, स्मार्ट कार्य प्रवाह और उन्नत विश्लेषण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो समयबद्ध निर्णय और प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करेंगी।

पोर्टल के इस संस्करण में 20 से अधिक नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इनमें ई-कोर्ट्स प्रणाली के साथ एकीकरण, स्मार्ट कॉज लिस्ट, दैनिक-साप्ताहिक केस डाइजेस्ट, एग्जीक्यूटिव डैशबोर्ड, केंद्रीकृत नोटिस प्रबंधन और मोबाइल एप जैसी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कानूनी विश्लेषण को भी इसमें शामिल करने की योजना है।

महाधिवक्ता रोहिताश्य रॉय ने कहा कि यह पोर्टल राज्य में मुकदमों के बेहतर प्रबंधन और न्यायालयों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं सचिव पूजा सिंघल ने इसे तकनीक आधारित पारदर्शी शासन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पोर्टल के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के अधिकारियों और उपयोगकर्ताओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि इसकी सभी सुविधाओं का अधिकतम लाभ लिया जा सके।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इंफोसिस के सीईओ अशीष कुमार दास से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इंफोसिस के सीईओ-डिजाइनट नियुक्त होने पर अशिष कुमार दाश को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और देश की अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी में उनके उल्लेखनीय योगदान का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की दावोस बैठक में अशिष कुमार दाश के साथ हुई मुलाकात आज भी याद है। उस दौरान झारखंड के खनन क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती तकनीकों के उपयोग, डिजिटल सुशासन को मजबूत बनाने तथा युवाओं को भविष्य के अनुरूप कौशल प्रदान करने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि अशिष कुमार दाश के नेतृत्व में झारखंड और इंफोसिस के बीच साझेदारी और अधिक मजबूत होगी। इससे नवाचार, कौशल विकास तथा प्रौद्योगिकी आधारित समावेशी विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने अशिष कुमार दाश को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## एक नजर

### झारखंड भाजपा 29 जुलाई से 20 फरवरी तक चलाएगी संत रविदास 'समरसता संकल्प अभियान'

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में 'समरसता संकल्प अभियान' को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य अगले वर्ष 20 फरवरी 2027 को मनाई जाने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में व्यापक जनजागरण अभियान की रूपरेखा तैयार करना तथा उनके समता, सामाजिक न्याय, सेवा और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि संत रविदास भारतीय संत परंपरा के महान संतों में से एक थे। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता की रक्षा का कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, सद्भाव और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अगले छह माह से अधिक समय तक चलने वाले अभियान के माध्यम से राज्य के गांव-गांव तक संत रविदास के विचारों को पहुंचाएगी। आदित्य साहू ने बताया कि काशी स्थित संत रविदास की जन्मस्थली से पवित्र मिट्टी लाकर कलश यात्रा निकाली जाएगी। झारखंड में जहां-जहां से यह कलश यात्रा गुजरेगी, वहां भाजपा कार्यकर्ता गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी संत रविदास के समता, सेवा, भक्ति, सामाजिक न्याय और मानवता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाएगी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आज दलितों की बात तो करती है, लेकिन उसने कभी संत रविदास के विचारों और उनके योगदान को उचित सम्मान नहीं दिया।

### बीएयू में जनजातीय किसानों के बीच पांच सौ किलो उन्नत बीज वितरित

**रांची :** दलहन, मक्का और अरहर संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं की जनजातीय उप योजना के तहत शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में चान्हो और बुढ़मू प्रखंड के 80 किसानों के बीच मकई, उड़द एवं अरहर के लगभग 500 किलो उन्नत बीज वितरित किया गया। इन जनजातीय किसानों में राइजोबियम कल्चर और बीज उपचार की दवा भी वितरित की गई। बीज वितरण कार्यक्रम में बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे, अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह और संबंधित परियोजनाओं के वैज्ञानिकों ने किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल उत्पादन और प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीक की भी जानकारी दी गई।

# एससीडीसी की बैठक में सहकारिता तंत्र को मजबूत करने दिशा में लिये गए कई अहम फैसले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य सहकारी विकास समिति (एससीडीसी) की चौथी बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक में झारखंड में सहकारिता क्षेत्र के विस्तार, आधुनिकीकरण, विविधीकरण और संस्थागत सुदृढ़ीकरण से जुड़े 15 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पैक्स के कम्प्यूटरीकरण और नई योजनाओं पर जोर

बैठक में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण, विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना के पायलट प्रोजेक्ट के लिए जिला और बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियों (एमपीसीएस) के चयन पर विचार किया गया। साथ ही प्रत्येक जिले और अंचल में हर महीने कम से कम दो दुग्ध एवं मत्स्य उत्पादक सहकारी समितियों के गठन पर भी चर्चा हुई।

### जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित होंगे पैक्स

बैठक में पैक्स और एमपीसीएस को जन सुविधा केंद्र तथा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों की त्रिस्तरीय संरचना स्थापित करने और 240 कम्प्यूटरीकृत एमपीसीएस में जमा संग्रहण योजना शुरू करने के प्रस्तावों पर भी विचार किया गया।

इसके अलावा निबंधक, सहयोग समितियां के कार्यालयों के कम्प्यूटरीकरण तथा प्रस्तावित झारखंड राज्य सहकारिता नीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सभी प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद आवश्यक निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों और अधिकारियों को सभी योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, वित्त विभाग, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड राज्य सहकारी बैंक, धनबाद केंद्रीय सहकारी बैंक, नाबार्ड तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डीएवी बरियातू के विद्यार्थियों में फलदार पौधों का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पर्यावरण संरक्षण और हरित रांची के लक्ष्य को लेकर डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू में रांची नगर निगम और प्रिज्मोलॉइन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 100 फलदार पौधों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 100 से अधिक विद्यार्थियों को पौधे देकर उन्हें घर और आसपास रोपने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी सभी की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाने और परिवार और समाज को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। विद्यालय की उप-प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दीदी नीलम आनंद के 74वें जन्मदिवस पर शिव शिष्यों ने किया वृक्षारोपण




**रांची :** दीदी नीलम आनंद के 74वें जन्मदिवस के अवसर पर शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को एचईसी धुर्वा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिव शिष्यों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। फाउंडेशन की अध्यक्ष बरखा आनंद ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वनों का लगातार क्षरण हो रहा है। इसके चलते बाढ़, सूखा, भूस्खलन और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि केवल वृक्ष लगाने का संकल्प लेने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करना होगा। फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने कहा कि संस्था पूरे देश में अब तक एक करोड़ से अधिक पौधे लगा चुकी है और यह अभियान लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि भारत में वन क्षेत्र कुल भू-भाग का 24.16 प्रतिशत है, जबकि झारखंड में यह 26.61 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वन क्षेत्र का कम से कम 33.33 प्रतिशत होना आवश्यक है। अर्चित आनंद ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही जरूरी है, ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में सैकड़ों शिव शिष्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

### सैमसंग ने लॉन्च की गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और वॉच9, प्री-ऑर्डर पर मिलेंगे आकर्षक ऑफर

**रांची :** सैमसंग इंडिया ने अपनी नई स्मार्टवॉच गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 के लिए भारत में प्री-ऑर्डर शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर भी पेश किए हैं। इनमें मल्टीबाय पर 9,500 रुपये तक की छूट, 1,500 रुपये के रिडीम कूपन, 3,500 रुपये तक का अपग्रेड बोनस, 3,500 रुपये तक का बैंक कैशबैक और 24 महीने तक की बिना ब्याज किस्त सुविधा शामिल है। नई स्मार्टवॉच में लंबी बैटरी, अधिक चमकदार डिस्प्ले और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई हैं। ये घड़ी उपयोगकर्ता के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण कर नींद, हृदय स्वास्थ्य, शारीरिक गतिविधि और रिकवरी से जुड़ी व्यक्तिगत सलाह देती है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 विशेष रूप से आउटडोर गतिविधियों और साहसिक खेलों के शौकीनों के लिए तैयार की गई है। इसमें ट्रेल रनिंग और डाइविंग जैसे विशेष मोड दिए गए हैं। घड़ी में 800 एमएएच बैटरी, 5000 निट्स तक की डिस्प्ले ब्राइटनेस और मजबूत टाइटेनियम बॉडी दी गई है। यह 47 मिमी आकार में टाइटेनियम सिल्वर और टाइटेनियम ग्रे रंगों में उपलब्ध होगी। गैलेक्सी वॉच9 को दैनिक उपयोग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें आरामदायक डिजाइन, बेहतर बैटरी और लगातार स्वास्थ्य निगरानी की सुविधा दी गई है। यह 40 मिमी और 44 मिमी आकार में उपलब्ध होगी। इसमें 3000 निट्स तक की ब्राइटनेस वाला डिस्प्ले और पूरे दिन चलने वाली बैटरी दी गई है।

### झारखंड में 71 प्रतिशत युवा बेरोजगार

**रांची :** ज्ञान विज्ञान समिति, झारखंड की ओर से राज्य के 18 जिलों में कराए गए बेरोजगारी सर्वेक्षण में राज्य में रोजगार की स्थिति को लेकर चिंताजनक तस्वीर सामने आई है।

अगस्तझ्रसितंबर 2025 के दौरान 4,678 लोगों पर किए गए सर्वेक्षण में 71 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि वे रोजगार की तलाश में हैं,जबकि 15 प्रतिशत पढ़ाई कर रहे हैं। शेष लोग खेती, अनियमित मजदूरी या छोटे-मोटे स्वरोजगार से जुड़े हैं। सर्वेक्षण के निष्कर्ष को शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में जारी किया गया। इस दौरान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशीनाथ चटर्जी ने बताया कि सर्वेक्षण में 2,735 पुरुष और 1,943 महिलाएं शामिल थीं। इनमें 96 प्रतिशत शिक्षित होने के बावजूद अधिकांश युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार नहीं मिल पा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 49 प्रतिशत लोगों को अच्छे रोजगार की संभावना बेहद कम दिखती है,जबकि 21 प्रतिशत ने रोजगार मिलने की संभावना लगभग समाप्त होने की बात कही। वहीं,95 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि समय के साथ राज्य में बेरोजगारी की स्थिति और गंभीर होती जा रही है। डॉ चटर्जी ने कहा कि रोजगार के सीमित अवसरों के कारण झारखंड से पलायन बढ़ रहा है और शिक्षित युवाओं को भी कम वेतन और अस्थायी कार्य करने के लिए विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कृषि, कृषि आधारित उद्योग, कुटीर उद्योग और स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोजगार के अवसर बढ़ाने, सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करने तथा गिग वर्करों को सामाजिक सुरक्षा देने की मांग की। समिति ने कहा कि सर्वेक्षण के आधार पर राज्य सरकार को रोजगार सृजन संबंधी विस्तृत नीति-परामर्श सौंपा जाएगा और राज्यव्यापी जनसंवाद अभियान चलाया जाएगा।

# झारखंड में 720 नई एंबुलेंस खरीदेगा स्वास्थ्य विभाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने 720 नई एंबुलेंस खरीदने का निर्णय लिया है। इनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस), बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) और पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल (पीटीवी) शामिल हैं। इस संबंध में शुक्रवार को नेपाल हाउस में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एंबुलेंस खरीद, संचालन व्यवस्था और निविदा प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नई एंबुलेंसों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी की जाए, ताकि इन्हें जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जा सके।

बैठक में पूर्व में स्वीकृत 30 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंसों की खरीद प्रक्रिया जारी रखने के साथ 20 अतिरिक्त एएलएस, 270 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एंबुलेंस और 400 पेशेंट ट्रांसपोर्ट व्हीकल (पीटीवी) खरीदने का निर्णय लिया गया। इस प्रकार कुल 720 नई एंबुलेंस राज्य के स्वास्थ्य तंत्र में शामिल की जाएंगी।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि नई एंबुलेंसों के शामिल होने से राज्य की आपात चिकित्सा एवं रेफरल व्यवस्था को उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई पुराने और जर्जर वाहनों के कारण विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) से मरीजों को समय पर बड़े अस्पतालों तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# डीसी ने की राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा, बोले-समन्वय के साथ करें काम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आंतरिक संसाधन (इंटरनल रिसोर्सेज) की समीक्षात्मक बैठक कर परिवहन, उत्पाद, निबंधन, खनन, मत्स्य, राज्यकर, बाजार समिति, नीलाम पत्र और माप-तौल विभाग के राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए राजस्व संग्रहण में तेजी लाने और लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि किसी भी स्थिति में राजस्व संग्रहण पिछले वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। सभी विभाग नियमित मॉनिटरिंग करें और निर्धारित लक्ष्य समय पर हासिल करें।

उत्पाद विभाग की समीक्षा में बताया गया कि अब तक 326 छापेमारी कर 8,645 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई है। विभाग का लक्ष्य पिछले वर्ष के लगभग 130 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष करीब 190 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह करना है। उपायुक्त ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान और तेज करने का निर्देश दिया। निबंधन विभाग को संपत्तियों का पंजीकरण संबंधित कार्यालयों में ही सुनिश्चित करने तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। परिवहन, राज्यकर, खनन और मत्स्य विभागों को बकाया देयों की समयबद्ध वसूली और नियमित अभियान चलाकर राजस्व बढ़ाने को कहा गया।

बैठक में बाजार समिति, नीलाम पत्र शाखा और माप-तौल विभाग के कार्यों की भी समीक्षा हुई। विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चर्चा करते हुए उपलब्ध मानव संसाधनों के प्रभावी उपयोग और आवश्यक प्रस्ताव समय पर भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता राम नारायण सिंह, सहायक समाहर्ता आस्था शरण समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रव्यापी स्वरूप ले चुका है छात्रों का आंदोलन : गौतम राणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा कि नीट पेपर लीक और देश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर छात्रों का आंदोलन अब राष्ट्रव्यापी स्वरूप ले चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा लेने की मांग की।

राणा शुक्रवार को हरमू रोड स्थित राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्रों का आंदोलन थमने वाला नहीं है, बल्कि इसकी धार पूरे देश में फैल चुकी है। लोकतंत्र लोक-लाज से चलता है और जनभावनाओं का सम्मान करना सरकार की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि वह वर्ष 1974 के जेपी छात्र आंदोलन के सिपाही रहे हैं। उस समय गुजरात से शुरू हुआ छात्र आंदोलन बिहार पहुंचा और बाद में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश के सबसे बड़े जन आंदोलनों में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान छात्र आंदोलन भी लगातार व्यापक होता जा रहा है और सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

राजद के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि छात्रों का जनांदोलन आने वाले दिनों में और तेज होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों के प्रति संवेदनहीन हो गई है। युवा देश का भविष्य हैं, लेकिन सरकार उनकी चिंताओं को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया 27 दिन बाद आई, जो उसकी उदासीनता को दर्शाती है।

कैलाश यादव ने दावा किया कि वर्तमान छात्र आंदोलन वर्ष 1974 के जेपी छात्र आंदोलन से भी आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा की हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की राजनीति सफल नहीं होगी, क्योंकि छात्र शिक्षा व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता की मांग को लेकर एकजुट हैं।

उन्होंने कहा कि छात्रों का आंदोलन किसी राजनीतिक दल का आंदोलन नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मांग है। आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करना भाजपा का सुनियोजित कार्यक्रम है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में देश में लगभग 152 बार विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार ने प्रभावी कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि छात्रों के इस आंदोलन को विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त है और भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है।

प्रेस वार्ता में राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, प्रवक्ता आबिद अली, महासचिव प्रणय कुमार बबलू, सचिव रामकुमार यादव तथा चंद्रशेखर भगत सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## एक नजर

### कोडरमा-मधुपुर जाने वाली ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौके

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा -मधुपुर रेलखंड शुक्रवार करीब चार बजे नावाडीह रेलवे स्टेशन से महज 100 मीटर पहले पोल संख्या 32/27-32/29 मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग रेलवे पुल के नीचे से एक युवक का शव बरामद किया गया है मृतक की पहचान मरकच्चो पश्चिम मुहल्ला निवासी बबलू गोस्वामी उम्र 32 वर्ष पिता सुभाष गोस्वामी के रूप में की गई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रेक के किनारे कुछ महिलाएं मवेशी चरा रही थी। उनलोगों ने ही सबसे पहले शव को रेलवे ट्रेक के किनारे देखा जिसके बाद महिलाओं द्वारा हल्ला करने पर वहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। जानकारी अनुसार मृतक अपने दो दिन पहले बैंगलोर आया हुआ था। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मरकच्चो थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई नफीस अहमद अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है।

### हाथी के हमले में 50 वर्षीय ग्रामीण की मौत, विधायक ने लिया घटनास्थल का जायजा

**बरही :** प्रखंड के ग्राम ओरपरता में जंगली हाथी के हमले में बैजनाथ यादव (50 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभारी वनपाल से बात कर पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस पर वन विभाग की ओर से तत्काल एक लाख रुपये की सहायता राशि देने तथा शेष मुआवजा आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। विधायक ने हजारीबाग के डीएफओ से भी दूरभाष पर बात कर जंगली क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने, ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के प्रति जागरूक करने तथा हाथियों की आवाजाही की सूचना समय पर उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### भाजपा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**रामगढ़ :** नीट एग्जाम पेपर लीक के मामले में कांग्रेस का आंदोलन चरम पर है, लेकिन झारखंड में जब पेपर लीक होता है तो पार्टी के नेता चुप्पी साध लेते हैं। भाजपा ने यह आरोप कांग्रेस पर लगाए हैं। कांग्रेस की इस दोहरे चरित्र के खिलाफ भाजपा ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा युवाओं के हितों की बात करने का दिखावा करती है। लेकिन जब झारखंड के युवाओं के साथ अन्याय होता है तो उसके नेताओं की चुप्पी और दोहरा रवैया सामने आ जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं के सम्मान, अधिकार एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी और जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को भी जनता के बीच उजागर करें। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के विरोध में नारे लगाए और झारखंड के युवाओं के साथ न्याय की मांग को बुलंद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजन फौजी, राजू चतुर्वेदी, सुनील प्रसाद, शिव कुमार महतो, अशोक कुमार सोनी, शीतल सिंह, रूपा देवी, विनीता सिंह, सहदेव ठाकुर, विजय जायसवाल, नगर अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय सिउपस्थित थे।

## स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

# इमरजेंसी को छोड़कर सदर अस्पताल के सभी कार्यालयों में तालाबंदी किया जाएगा : संजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** आउटसोर्सिंग कम्पनी कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स हजारीबाग के अंतर्गत जिला के सदर अस्पताल एवं सभी प्रखण्डों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर वेतन देने और 6 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के खिलाफ 23 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए कर्मचारियों के समर्थन में शुक्रवार को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के बैनर तले श्रम अधीक्षक कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व महाराणा प्रताप चौक से जुलूस भी निकाला गया। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए



सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कमांडो कम्पनी कर्मचारियों के मानदेय में खुले तौर पर चोरी कर रहा है। जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग भी भागीदार है। श्रम अधीक्षक की जवाबदेही है कि कर्मचारियों को सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय और बकाया भुगतान सुनिश्चित करें। आउटसोर्सिंग कर्मियों ने पूर्व में ही श्रम अधीक्षक को आवेदन देकर मानदेय और ईपीएफ चोरी की बात रखा है। तीन बैठकें भी हुई है, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला और कर्मचारियों के मानदेय की चोरी जारी है। इसलिए श्रम अधीक्षक को चेतावनी देने आयें हैं, कर्मचारियों का बकाया मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करायें। तुरंत हस्तक्षेप नहीं होने पर इमरजेंसी को छोड़कर सदर अस्पताल के सभी कार्यालयों में तालाबंदी किया जाएगा। झारखंड चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र तिवारी ने कहा कि कमांडो कंपनी चोर है। 26 हजार और 18 हजार की राशि प्राप्त कर कर्मियों को 12 हजार और 8 हजार दिया जा रहा है। जो कि सीधे तौर पर सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन का आधा है। कर्मचारी नेता दिनेश रविदास ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के साथ जो अन्याय हो रहा है। उसमें कमांडो कंपनी के साथ साथ सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सभी शामिल हैं। जिसकी जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन उपरांत श्रम भवन से झंडा चौक, ब्लॉक रोड होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जुलूस भी निकाला गया। हड़ताल से निपटने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्थायी कर्मियों को लगाया गया है। उसके बावजूद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था ठप है। इमरजेंसी छोड़ सभी सेवायें प्रभावित हुई है। आंदोलन में रंजीत राम, धीरज तिवारी, सीटू नेता महेन्द्र तुरी, रजनी सिन्हा, शेखर कुमार, निरज कुमार साहु, चंदन कुमार, आयुष कृष्णा, अभिजीत कुमार, सत्येन्द्र यादव, विशाल राणा, पिन्टु पंडित, राहुल वर्मा, निकिता सिन्हा, रानी सिन्हा, नंदनी सिन्हा, सुमा देवी, अमन कुमार, सुभाष आर्यन, राहुल सिंह, गोविंद साव, महीमा भारद्वाज, संजना कुमारी, रम्भा देवी, रोशन सिंह राजपूत, उमा शंकर, अनीश यादव, बिट्टू कुमार, तृप्ति कुमारी, मुकुल, विमला, बबिता, दीपक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में आउटसोर्सिंग कर्मचारी मौजूद थे।

# कटकमसांडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो अलग-अलग मामलों के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कटकमसांडी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दोनों गिरफ्तारियां अलग-अलग कांडों से संबंधित हैं। पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लंबित मामलों के निष्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पहला मामला कटकमसांडी थाना कांड संख्या 89/2026 से जुड़ा है। यह मामला दिनांक 03 जून 2026 को दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 85, 351(2), 351(3), 3(5) के साथ-साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले के नामजद अभियुक्त संजय पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त संजय पासवान की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई गई है। वह जगेश्वर पासवान का पुत्र है और ग्राम लुपुंग, थाना कटकमसांडी, जिला हजारीबाग का निवासी है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे विधिसम्मत रूप से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच एवं अन्य औपचारिकताओं को पूरा करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में कानून बेहद सख्त है और ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में कटकमसांडी थाना पुलिस ने वर्ष 2023 के एक पुराने एनडीपीएस मामले में भी बड़ी सफलता हासिल की। कटकमसांडी थाना कांड संख्या 276/2023, दिनांक 19 मार्च 2023, के प्राथमिकी अभियुक्त अरविंद गंजू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की तत्कालीन धारा 414/34 तथा एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20(b) एवं 22 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस लंबे समय से आरोपी की तलाश कर रही थी।

# भूमि पर अवैध निर्माण रोकने की मांग, एसडीओ को सौंपा आवेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** जयनगर प्रखंड के टिटिहियाँ गांव निवासी नीतू कुमारी ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को आवेदन देकर अपनी जमीन पर कथित रूप से किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है। आवेदन में नीतू कुमारी ने बताया है कि मौजा टिटिहियाँ, थाना जयनगर अंतर्गत खाता संख्या-30, प्लॉट संख्या-354, रकबा 1.52 एकड़ भूमि पर उनके परिवार का लगभग 70 वर्षों से कब्जा है। उन्होंने दावा किया है कि उक्त भूमि उनके ससुर के नाम भूदान यज्ञ समिति से प्राप्त हुई थी तथा इसकी जमाबंदी भी दर्ज है।

आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा जमीन पर ईंट, बालू गिराकर जबरन बाउंड्री निर्माण कराया जा रहा है। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, गाली-गलौज और मारपीट की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इसी भूमि विवाद को लेकर पूर्व में जयनगर थाना में एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज है, जिसकी सुनवाई विशेष न्यायालय में चल रही है। साथ ही, झारखंड हाईकोर्ट द्वारा भी संबंधित पक्षों को विवादित भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण या विवाद उत्पन्न नहीं करने का निर्देश दिए जाने का दावा किया गया है। नीतू कुमारी ने एसडीओ से मामले में हस्तक्षेप कर विवादित भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। नोट: यह समाचार आवेदिका द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में लगाए गए आरोपों पर आधारित है। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# राशन डीलर पर केवाईसी के बदले पैसे मांगने का आरोप

### राशन डीलर के पति ने '50 रुपये' लेने की बात स्वीकार की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** नवलशाही थाना अंतर्गत पंचायत बच्छेडीह के ग्राम कुशमई स्थित सिफरोज एकता महिला मंडल राशन डीलर पर केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली मामला प्रकाश मे आया है। मिली जानकारी के अनुसार ताराटांड निवासी सुखदेव दास ने बताया कि जब वे केवाईसी कराने गए तो डीलर ने 50 रुपये की मांग की। पैसे नहीं देने पर केवाईसी नहीं करने की बात कही गई, जिसके बाद वे वापस लौट आए। सुखदेव दास का आरोप है कि डीलर द्वारा कई लाभुकों से इसी तरह पैसे लिए जा रहे हैं, लेकिन डर के कारण कोई शिकायत नहीं करता। उन्होंने कहा कि वे बाहर मजदूरी करते हैं और 50 रुपये देने की स्थिति में नहीं हैं। घर पर नहीं रहने और बार-बार अधिकारियों के बुलावे के



कारण भी वे शिकायत दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और राशन वितरण में पारदर्शिता लाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में डीलर दुकान संचालिका उषा देवी की पति मनोज साव से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि शाम 5:45 बजे वे आए थे। मैंने कहा मशीन अभी नहीं खुलेगी। आपका परिवार के दो सदस्य का कर दिया हूँ अब, कम से कम 50 रुपये खर्चा-पानी तो चाहिए। इसके बाद लाभुक चला गया।

## जीपीडीपी निर्माण को लेकर पंचायत सहजकर्ता दल प्रशिक्षण प्रारंभ

# जीपीडीपी बेहतर बनेगा तभी पंचायत का विकास बेहतर होगा : धीरज कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जयनगर सबकी योजना, सबका विकास योजना अभियान अंतर्गत जयनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में ग्राम विकास योजना बनाने को लेकर प्रखंड के केंद्रपडीह, तमाय, चेहाल, करियावां, ककरचोली तथा खरियोडीह पंचायत के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी शोएब खान, पंचायती राज विभाग के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार तथा राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सीएसओ नुनेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



इस दौरान शोएब खान ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने में पंचायत के सहजकर्ता दल का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वह अपने पंचायत में आगामी वित्तीय वर्ष का जीपीडीपी को बेहतर ढंग से बनाने में अपनी भूमिका सकें। प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार तथा नुनेश्वर यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को जीपीडीपी पंचायतों में बनाना क्यों आवश्यक है इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए उनके निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराया। मौके पर प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार, मुखिया ममता देवी, हाशिम खान रूबी राणा, जल सहिया संतोषी कुमारी, पंचायत सहायक सुनीता कुमारी, सोनी कुमारी, सोनिया देवी, ऊषा देवी, शिवशंकर यादव, उपेंद्र राणा आदि मौजूद थे।

# आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, छात्रों को नशामुक्त जीवन का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय, बाघमारा में तंबाकू निषेध विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला तंबाकू निषेध परामर्शदाता दीपेश कुमार सदर अस्पताल कोडरमा उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की



गंभीर बीमारियों सहित अनेक जानलेवा रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा एवं निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने भी विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा उन्हें तंबाकू का सेवन न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने भी तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा तंबाकू निषेध से संबंधित स्लोगन लिखाए गए एवं प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को जिला परामर्शी दीपेश कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने जिला तंबाकू निषेध परामर्शदाता का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट परीक्षा पेपर लीक एवं छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस आज निकालेगी कैंडल : प्रकाश



**कोडरमा :** जिला कांग्रेस कमेटी, कोडरमा के जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण तथा नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान हुए लाठीचार्ज के विरोध में 25 जुलाई (शनिवार) को संध्या 5:00 बजे जवाहर टॉकीज, कला मंदिर, झुमरी तिलैया से कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रकाश रजक ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं ने लाखों मेहनती छात्र-छात्राओं के सपनों को आघात पहुँचाया है। वहीं, अपने अधिकारों और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर लोकतांत्रिक ढंग से आवाज उठाने वाले छात्रों पर बल प्रयोग किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव छात्रों, युवाओं और संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ खड़ी रही है। कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेस देश के युवाओं के प्रति एकजुटता प्रकट करेगी तथा निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली, जवाबदेही और न्याय की मांग को बुलंद करेगी। जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों, सभी प्रखंड अध्यक्षों, नगर पंचायत अध्यक्षों, नगर परिषद अध्यक्षों, सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षों तथा सम्मानित कांग्रेसजनों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### भगवान जगन्नाथ भाई-बहन के साथ अपने धाम लौटे



**हजारीबाग :** बड़कागांव में घूरती रथ पूजा संपन्न हो गया। हजारीबाग रोड रेंज ऑफिस के समीप प्रेम नगर स्थित मौसी बाड़ी में दिनभर भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा। पुजारी चिंतामणि महतो ने रेंज ऑफिस मौसी बाड़ी के पास भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को में रथ पर बैठा कर पूजा अर्चना कर आरती उतार कर उनके धाम राम जानकी मंदिर के लिए रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रेंज ऑफिस मौसी बाड़ी बड़कागांव मुख्य चौक दैनिक बाजार होते हुए राम जानकी मंदिर पहुंचे। राम जानकी मंदिर प्रांगण में उपस्थित लोगों ने भगवान केआगमन पर स्वागत किया आरती उतार कर उन्हें अपने मंदिर में विराजमान कराया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पुजारी चिंतामणि महतो, पवन कुमार, बुधन महतो ,पिंटू गुप्ता, इंग्लेश सोनी, कृष्णा प्रजापति, कीर्तन महतो, संजय कुमार, दर्शन प्रसाद कुशवाहा,सतनारायण महतो, मुनेश्वर महतो, किशोर कुमार, संतोष ठाकुर, बंधन महतो, जगन्नाथ महतो, रविंद्र श्रीवास्तव, पदुम महतो, कालेश्वर महतो के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सिक्किम टनल हादसे में मृत जागेश्वर ठाकुर के परिजनों से मिले विधायक



**बरही :** सिक्किम में टनल निर्माण कार्य के दौरान हुए हृदयविदारक हादसे में बरही प्रखंड के तिलैया बस्ती निवासी जागेश्वर ठाकुर का निधन हो गया। घटना के चार दिन बाद उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर विधायक मनोज कुमार यादव तिलैया बस्ती स्थित उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। विधायक मनोज कुमार यादव ने मौके पर ही संबंधित कंपनी के प्रबंधक से दूरभाष पर बातचीत कर पीड़ित परिवार को नियमानुसार उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। अंत में विधायक ने दिवंगत जागेश्वर ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### खेत में काम करने गए किसान को हाथियों ने किया जख्मी

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव बसरिया गांव में शुक्रवार की सुबह खेत में काम कर रहे किसान रामधनी ठाकुर उम्र 68 वर्ष पिता स्व लटन ठाकुर को हाथियों ने जख्मी कर दिया। जब ग्रामीणों ने देखा तो उन्हें आनन - फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनी ठाकुर खेत में मडुआ सफल लगाने गए थे। इसी दौरान दो हाथियों के झुंड ने उन्हें जख्मी कर दिया।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान में राज्य में सर्वश्रेष्ठ बना रामगढ़ जिला

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित मातृत्व अभियान में चिकित्सकों की भूमिका काफी अहम है। चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की ईमानदारीपूर्वक दी गई सेवा का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। पूरे झारखंड में रामगढ़ जिला सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाने में सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। शुक्रवार को डीसी ऋतुराज ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी लोगों को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। डीसी ने बताया कि रामगढ़ सदर अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल की जा रही है। इससे रामगढ़ जिले ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। झारखण्ड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति (स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग) ने रामगढ़ जिले को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सेवाओं के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित किया गया है। रामगढ़ जिले की तरफ से डॉ विश्वनाथ उरांव और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोला डॉक्टर अपराजित ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जिले को वर्ष 2026 की पहली तिमाही में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, उच्च गुणवत्ता वाली प्रसव पूर्व देखभाल सुनिश्चित करने और सेवा वितरण में व्यापक सुधार करने के लिए दिया गया है।

## एक नजर

### रश्मि इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में लाखों की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर शहर में गुरुवार देर रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए एनएच-75 मुख्य मार्ग स्थित रश्मि इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम को निशाना बनाया। बदमाश दुकान से लाखों रुपये मूल्य के महंगे मोबाइल फोन, आईफोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर फरार हो गए। शहर में हाल के वर्षों की यह सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स चोरी की घटनाओं में मानी जा रही है। चोरी गए सामान का अंतिम आकलन अभी किया जा रहा है।

संचालक के अनुसार चोरों ने बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने दुकान के ऊपरी हिस्से में लगे वेंटिलेटर को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर सबल सहित अन्य औजारों की मदद से ग्रिल तथा शटर को क्षतिग्रस्त करते हुए मुख्य शोरूम तक पहुंच गए। इसके बाद शोरूम में रखे महंगे स्मार्टफोन, आईफोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान समेटकर फरार हो गए।

बदमाशों ने अपनी पहचान छिपाने और पुलिस को सबूत न मिल सके, इसके लिए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी उखाड़कर साथ ले गए। पुलिस का मानना है कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने दुकान और आसपास के इलाके की रेकी की होगी। दुकान संचालक ने बताया कि गुरुवार रात रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब दुकान खोली तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। शोरूम में सामान बिखरा पड़ा था, कई मोबाइल के खाली डिब्बे फर्श पर पड़े थे और रैक से महंगे मोबाइल व लैपटॉप गायब थे। इसके बाद तत्काल चक्रधरपुर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# महाप्रभु की बाहुड़ा रथ यात्रा में भक्तों ने दिखाया उत्साह भाई बहन संग मौसीबाड़ी से लौटे महाप्रभु जगन्नाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** शुक्रवार को कमलपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव स्थित मौसीबाड़ी से जगन्नाथ महाप्रभु की बाहुड़ा (घूरती) रथ वापसी यात्रा दोपहर करीब 3 बजे निकाली गई। जगन्नाथ महाप्रभु अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ अपने घर वापस लौटे। दगड़ीगोड़ा स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में बने महाप्रभु की धाम में महाप्रभु का भव्य स्वागत हुआ।





इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन एवं जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ झूमते गाते भीड़ में शामिल हुए। दोपहर करीब तीन बजे जैसे ही महाप्रभु का रथ मौसीबाड़ी से आगे बढ़ा, पूरा इलाका जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा।

रथ यात्रा जब काटिन बाजार पहुंची तो श्रद्धालुओं की भीड़ दोगुनी हो गई। महिलाएं, पुरुष, युवा,बूढ़े और बच्चे श्रद्धा के साथ भगवान का रथ खींचने के लिए उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक अजय कुमार मुंडा, कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार एवं अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम कुमार राय सहित पुलिस बल पूरे मार्ग पर तैनात रहा।

मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद मिश्रा, यशोदा दुलाल मिश्रा ,बासुदेव मिश्रा, मृत्युंजय महतो, प्रदीप कुमार महतो, संदीप कुमार मिश्रा, शंभू दास, पूणार्नंद ब्रह्मचारी, प्रेमचांद महतो, इंद्रजीत मिश्रा, अनंत लाल मिश्रा, आनंदमय महतो, शंभू महतो, कृपासिंधु महतो, ईशान चंद्र गोप,विश्वजीत कुंभकार, अरविंद मिश्रा, मिथिलेश तिवारी, लाबली मिश्रा, काकोली, उर्मिला , सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समिति के सदस्य,वॉलेंटियर उपस्थित रहे। आयोजन पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का केंद्र बना रहा।

### 28 जुलाई को शिक्षा की समुचित व्यवस्था को लेकर प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन

**बड़कागांव :** शिक्षा की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय में 28 जुलाई को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। एकदिवसीय धरना कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुखिया इलियास अंसारी ने कहा कि एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा खनन कार्य करने के कारण प्रभावित गांवों के आठ विद्यालयों तथा 8 आंगनबाड़ी केंद्रो को ध्वस्त किया गया।


**जिला समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन सं0 01/2019 के तहत शारीरिक एवं लिखित तथा तकनीकी जाँच परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का प्रखण्डवार भौतिक एवं दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रमः–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड | दिनांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | विष्णुगढ़ | 03.08.2026 | |
| 2 | डांडी | 04.08.2026 | |
| 3 | चुरचू | 05.08.2026 | |
| 4 | बरकट्ठा | 06.08.2026 | |
| 5 | दारू | 07.08.2026 | |
| 6 | बरही | 08.08.2026 | |
| 7 | कटकमदाग | 10.08.2026 | |
| 8 | चौपारण | 11.08.2026 | |
| 9 | कटकमसांडी | 12.08.2026 | |
| 10 | बड़कागांव | 13.08.2026 | |
| 11 | चलकुशा | 14.08.2026 | |
| 12 | केरेडारी | 17.08.2026 | |
| 13 | टाटीझरिया | 18.08.2026 | |
| 14 | सदर हजारीबाग | 19.08.2026 | |
| 15 | शहरी तकनीकी | 20.08.2026 | |
| 16 | शहरी गैरतकनीकी | 21.08.2026 | |
| 17 | दिनांक 07.04.2021 को शारीरिक जाँच परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी | 22.08.2026 (सभी सफल महिला एवं शहरी तकनीकी पुरूष) एवं 24.08.2026 (सभी सफल ग्रामीण पुरूष एवं गैरतकनीकी शहरी) | |

उपरोक्त निर्धारित तिथियों को सभी सफल महिला एवं पुरूष अभ्यर्थी निम्न मूल दस्तावेजों के साथ समाहरणालय हजारीबाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगेः–
(i) शारीरिक एवं लिखित जाँच परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेशपत्र/एडमिट कार्ड (यदि उपलब्ध हो।)
(ii)आवासीय प्रमाणपत्र (आवेदन करते समय संलग्न सक्षम प्रधिकार से निर्गत ऑनलाईन प्रारूप में)
(iii) शैक्षणिक प्रमाणपत्र (ग्रामीण के लिए सातव उत्तीर्ण तथा शहरी के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो।)
(iv) तकनीकी श्रेणी का प्रमाणपत्र (शहरी तकनीकी अभ्यर्थियों के लिए)
(v)आधार कार्ड
(vi) खेल प्रमाण पत्र (यदि आवेदन में संलग्न किया गया हो।)
(vii)महिला कर्णाकित 5 प्रतिशत आरक्षण (विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा) हेतू प्रमाण पत्र

**सत्यापन के लिए निम्न दिशा निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य होगा :–**
(i) उपरोक्त अंकित दस्तावेज गृह रक्षक नवनामांकन विज्ञापन सं0 01/2019 के तहत आवेदन करते समय का होना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में बाद में निर्गत प्रमाण पत्रों को स्वीकार्य नही किया जायेगा।
(ii)सभी सफल अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ स्वंय भौतिक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के अतिरिक्त सभी अंकित दस्तावेजों की एक–एक छायाप्रति भी साथ में लायेंगे।
(iii)सभी सफल अभ्यर्थी समाहरणालय, हजारीबाग में समय प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक अपने–अपने प्रखण्ड एवं शहरी क्षेत्र के लिए निर्धारित तिथियों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य द्वार में रिर्पोटिंग टाईम प्रातः 9 बजे होगी।
(iv)यदि कोई अभ्यर्थी किसी परिस्थिति में निर्धारित तिथि को उपस्थित होन में असमर्थ रहते है तो अपना आवेदन समर्पित करते हुए उपस्थित नही होने का उचित कारण दर्शाएगे। किसी भी परिस्थिति में उचित कारण के बिना बाद में उपस्थित होने वाले सफल अभ्यर्थियों के उम्मीदवारी को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा तथा उनकी उम्मीदवारी को रद्द माना जायेगा।
(v)प्रत्येक सफल उम्मीदवार अपने आवेदन किये गए प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र के आधारप रही निर्धारित तिथि को उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परिस्थिति में दुसरे प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र से सत्यापन के लिए उपस्थित नही होंगे।
(vi) भौतिक एवं दस्तावेज सत्यापन को अंतिम रूप से चयन का आधार नही माना जायेगा और न ही किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा अंतिम रूप से चयनित होने की दावेदारी की जायेगी।
(vii)यदि किसी भी अभ्यर्थी का कोई भी दस्तावेज फर्जी/गलत पाया जाता है अथवा अन्य किसी प्रकार की धोखा धडी करने की कोशिश करता है तो उक्त उम्मीदवार के विरूद्ध तत्क्षण प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानुनी कार्रवाई की जाएगी।
(viii)गृह रक्षक नवनामांकन विज्ञापन सं0 01/2019 में प्रकाशित रिक्ति एवं नवनामांकन समिति के द्वारा लिये गए निर्णय के आलोक में रिक्ति के विरूद्ध अंतिम रूप से मेद्या के आधार पर औपबंधिक परीक्षाफल प्रकाशित की जायेगी। इस हेतु माननीय उच्च न्यायलय झारखण्ड, राँची एवं गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड सरकार के स्तर से निर्देशित सभी बिन्दुओं का अनुपालन करते हुए एक त्रुटिरहित परीक्षाफल प्रकाशन की कार्रवाई जिला गृह रक्षक नवनामांकन समिति के द्वारा किया जायेगा।
(ix)उपरोक्त आवश्यक सूचना हजारीबाग जिला के अधिकारिक वेबसाइट hazaribag.nic.in पर भी अपलोड किया गया है जिसे अभ्यर्थी लॉगइन कर देख सकत है।

सभी सफल अभ्यर्थी उपरोक्त अंकित अनुदेशो का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष गृह रक्षक नवनामांकन समिति, हजारीबाग के आदेशानुसार**

ह/0
जिला समादेष्टा
–सह–
सदस्य
गृह रक्षक नामांकन समिति,हजारीबाग

PR 385742 Home(26-27).D


## 26 को होगा जिला रविदास महासभा का मतदान समाज से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड रविदास महासभा के पूर्व महासचिव कृष्णा राम और पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष अनुज कुमार ने समाज के प्रबुद्ध एवं जिम्मेदार लोगों से 26 जुलाई को आयोजित होने वाले हजारीबाग जिला रविदास महासभा के मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि मतदान मुद्रिका कुंज, पैगमिल रोड, हजारीबाग में आयोजित होगा। इस चुनाव में शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. आंबेडकर भागवत जिला रविदास महासभा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। कृष्णा राम ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भागवत एक कुशल, विनम्र एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उन्होंने प्रोफेसर एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जिले में अपनी अलग




पहचान बनाई है और समाज के उत्थान के लिए लगातार कार्य करते रहे हैं। उन्होंने समाज के सभी मतदाताओं से समय पर मतदान स्थल पर पहुंचकर अनुशासन एवं संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से जिला संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हितों को नई दिशा मिलेगी।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़ीरमा में उत्साहपूर्वक मनाया गया बैगलेस डे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के पंचमाधव पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़ीरमा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ-2020) के तहत शुक्रवार को बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं बिना स्कूल बैग के विद्यालय पहुंचे और विभिन्न रचनात्मक एवं व्यावहारिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार ने बताया कि बैगलेस डे का उद्देश्य बच्चों पर भारी बस्ते का बोझ कम करना तथा उन्हें किताबों तक सीमित न रखकर खेल-कूद, कला, संस्कृति और व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना है।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यह पहल बच्चों के मानसिक तनाव को कम करने और उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करने के लिए शुरू की गई है। अवसर पर बच्चों को स्थानीय कला, हस्तकला, चित्रकला, खेल, संगीत और अन्य व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़कर सीखने का अवसर दिया गया। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, कौशल विकास और रचनात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। बैगलेस डे के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह और आनंद से भर गया तथा बच्चों ने पूरे मनोयोग से सभी गतिविधियों में भाग लेकर इस पहल को सफल बनाया। मौक पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, निमार्णाधीन मकान से जेट पंप चोरी मामले का खुलासा, तीन गिरफ्तार



प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के सरिया बाजार स्थित सेना गली में एक निमार्णाधीन मकान से हुई जेट पंप चोरी के मामले का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को धर दबोचा है, वहीं चोरी किया गया जेट पंप, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 12 जुलाई 2026 को महेश प्रसाद वर्णवाल ने सरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके निमार्णाधीन मकान से जेट पंप की चोरी हो गई है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने सरिया थाना कांड संख्या 121/2026 दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बगोदर-सरिया के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (रक्ळ) का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और सघन छापेमारी के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया:अजय कुमार मंडल हरीश कुमार उर्फ कृष्णा गुहा प्रिंस कुमार यादव कड़ाई से की गई पूछताछ में तीनों आरोपियों ने चोरी की इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने निम्नलिखित सामान जब्त किया हैक्रॉम्पटन कंपनी का चोरी गया जेट पंपचोरी में प्रयुक्त 125 उउ की बिना नंबर वाला मोटरसाइकिल पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अजय कुमार मंडल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी सरिया थाना में मामले दर्ज हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही गिरोह में स्थानीय अपराधियों की संभावित संलिप्तता के कोण से भी गहन जांच जारी है।

## जाहेरथान की भूमि से हटा अतिक्रमण प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पारगामा गांव स्थित आदिवासी समाज के आस्था केंद्र एवं प्राचीन जाहेरथान की भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध अतिक्रमण को शुक्रवार को प्रशासन ने हटवा दिया। अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी अभय द्विवेदी के नेतृत्व में बुलडोजर चलाकर निमार्णाधीन मकान को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार, जाहेरथान की भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसका लगातार विरोध करते हुए कई बार संबंधित लोगों को निर्माण कार्य रोकने की चेतावनी दी,लेकिन निर्माण कार्य जारी रहने का आरोप है। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन को लिखित आवेदन देकर धार्मिक स्थल की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी।



शिकायत के आधार पर प्रशासन ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर निमार्णाधीन ढांचे को हटाया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। जाहेरथान की भूमि अतिक्रमण मुक्त होने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्रवाई का स्वागत करते हुए अंचल प्रशासन और पुलिस का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि जाहेरथान आदिवासी समाज की आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी सुरक्षा और संरक्षण आवश्यक है।

### सोनुवा में नाले से युवक का शव बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र के सारंडियापोस गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक युवक का शव नाले से बरामद किया गया। पोड़ाहाट गांव और सारंडियापोस के बीच स्थित नाले में युवक का शव पानी में पेट के बल पड़ा मिला।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)**
**Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi**

**Short e-TENDER NOTICE**

Notice No. 03, Dated : 24/07/2026

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type works and having sound financial status:

| NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 03/PR/SAJHA /2026-27 | Renovation work of SAI Building at Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi. | 69,71,633/- | 1,40,000/- | 10,000/- | 4 Month |
| Start Date of Submission of Bids | | | 27/07/2026 at 5.00 PM | | |
| Last Date/Time of Submission of Bids | | | 10/08/2026 at 3.00 PM | | |
| Date/Time of opening of Bid (Technical Part) | | | 11/08/2026 at 3.30 PM | | |
| Tendering Officer and address for communication | | | Executive Engineer office, SAJHA, Morabadi, Ranchi | | |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in
2. Cost of bidding document for a non-refundable fee & Bid Security (EMD) shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in
3. Any Changes or any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
4. The undersigned reserves the right to extend the date of submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof

Sd./-
Executive Engineer
Sports Authority of Jharkhand

PR 385759 Art Culture Sports and Youth Affairs (26-27)_D


# 44 साल बाद भी 116 गांवों का पुनर्वास अधूरा समीक्षा बैठक में फिर गूंजा विस्थापितों का दर्द

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के 44 वर्ष बीत जाने के बाद भी परियोजना प्रभावित 84 मौजा के 116 गांवों का संपूर्ण पुनर्वास आज तक पूरा नहीं हो सका है। शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित परियोजना कार्यालय में भू-अर्जन एवं पुनर्वास को लेकर समीक्षा बैठक हुई, लेकिन बैठक ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया कि आखिर दशकों बाद भी विस्थापितों को उनका हक क्यों नहीं मिल पाया। बैठक में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने अधिकारियों के समक्ष 19 सूत्री मांगपत्र सौंपते हुए लंबित मुआवजा, विकास पुस्तिका, पुनर्वास अनुदान, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों को अविलंब पूरा करने की मांग की।



उन्होंने कहा कि वर्षों से विस्थापित परिवार सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकांश समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं।

विधायक ने परियोजना प्रभावित शिक्षित युवाओं को रोजगार, इंडो-डेनिश टूल रूम से प्रशिक्षित लगभग 400 युवाओं को स्थानीय उद्योगों में नियोजन, सभी 22 पुनर्वास स्थलों का विकास, अवैध कब्जा हटाकर वास्तविक विस्थापितों को भू-खंड आवंटित करने तथा आरएल-171 से 192 तक प्रभावित परिवारों को चरणबद्ध तरीके से पुनर्वास लाभ देने की मांग उठाई।उन्होंने यह भी मांग की कि पूर्ण पुनर्वास होने तक चांडिल डैम का जलस्तर आरएल-180 मीटर से ऊपर नहीं बढ़ाया जाए, क्योंकि जलस्तर बढ़ने से प्रभावित परिवारों की परेशानी और बढ़ सकती है। साथ ही चांडिल डैम क्षेत्र में पर्यटन विकास, खेल मैदान, मार्केट कॉम्प्लेक्स और अन्य सुविधाएं विकसित करने की भी बात रखी।बैठक में परियोजना प्रशासक राजीव रंजन ने अधिकारियों को पुनर्वास स्थलों का विकास करने तथा विस्थापितों के आय, जाति एवं आवासीय प्रमाणपत्र शीघ्र जारी करने का निर्देश दिया।हालांकि सबसे बड़ा सवाल अब भी बरकरार है कि जब 44 वर्षों में पुनर्वास पूरा नहीं हो सका, तो इस बैठक के निर्देश धरातल पर कब उतरेंगे? विस्थापितों का कहना है कि वर्षों से बैठकों और आश्वासनों का दौर जारी है, लेकिन उन्हें अब तक न पूरा मुआवजा मिला, न स्थायी पुनर्वास और न ही वादे के अनुरूप रोजगार।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय –जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग**
**Ph No : 06546 – 291453 Email –dho.hazaribag@gmail.com**

**(आम–सूचना)**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 – 34 दिनांक–01.07.2026 वित्तीय वर्ष 2026–27 के आलोक में जिला – हजारीबाग एवं रामगढ़ के इच्छुक कृषकों को सूचित किया जाता है कि केन्द्र प्रायोजित PM-RKVY/KY योजनान्तर्गत National Bamboo Mission (NBM) उपयोजना कार्यान्वयन निम्नांकित किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समुह/कृषक उत्पादक समुह (FPO)/सहकारी समिति/ सखी मंडल अपना आवेदन पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य / मुखिया द्वारा अनुमोदित कराकर अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक–15.08.2026 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। जिला उद्यान कार्यालय, शंकरपुर, कृषि प्रक्षेत्र, हजारीबाग से कार्यालय अवधि में विशेष जानकारी के साथ निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है ।

| क्र0 सं0 | कार्य अवयव | हजारीबाग | रामगढ़ |
|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) | |
| 1 | Plantation (using planting material from accredited / approved nursery ) (GOVT) | 09 | 09 |
| 2 | Plantation (using planting material from accredited / approved nursery ) (PRIVATE) | 30 | 30 |
| 3 | Training / Exposure visit of Farmers / Artisans / Entrepreneurs / Field functionaries / NBM staff / Officers. | 20 | 18 |

**वित्तीय वर्ष 2026–27 में जिला–हजारीबाग एवं रामगढ़ के लिए उद्यानिक योजनाएँ निम्नवत्त हैः–**

**नोट :–**
1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षो में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है केवल उन्हीं को योजना के लाभ से अच्छादित किया जायेगा।
2. पूर्व से बॉस रोपण / बॉस से निर्मित वस्तुओं का उत्पादन करने वाले कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3- SC/ST, लघु एवं सीमांत कृषक, टाना भगत कृषक समूह, महिला स्वंय सहायता समूह,PFO के तहत गठित लाभुक समुहों को प्राथमिकता दी जायगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एन0बी0एम0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों यथा ग्राम पंचायत सदस्य /वार्ड सदस्य/मुखिया आदि द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
6. योजना का क्रियान्वयन हेतु लाभुकों का आवेदन का सृजन Web Portal के माध्यम से Online किया जायेगा।
7. योजना का लाभ हेतु BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/कृषक मित्र एंव जिला स्तर पर कार्यालय से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।
8. आपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग/रामगढ़

PR 385809 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27)#D

## पेपर लीक पर छात्र आंदोलन से 2027 में राहुल-अखिलेश को कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा?

उत्तर प्रदेश की राजनीति में किसान आंदोलन के बाद अब छात्र आंदोलन का मुद्दा 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नई राजनीतिक जमीन तैयार करता दिखाई दे रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था की कथित गड़बड़ियों के खिलाफ छात्रों का गुस्सा अब केवल परीक्षा केंद्रों और धरना स्थलों तक सीमित नहीं है। यह मुद्दा संसद से लेकर सड़क तक पहुंच चुका है और विपक्षी दल इसे सरकार के खिलाफ बड़े राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। सवाल यही है कि क्या छात्रों का यह आक्रोश 2027 में भारतीय जनता पार्टी के लिए वही चुनौती बन सकता है, जिसकी उम्मीद विपक्ष ने 2022 में किसान आंदोलन के बाद की थी ?इस पूरे घटनाक्रम में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सक्रियता सबसे अधिक दिखाई दे रही है। पेपर लीक के मुद्दे पर राहुल गांधी पहले से सरकार को घेरते रहे हैं, लेकिन छात्रों के आंदोलन ने उन्हें सीधे सड़क पर उतरने का अवसर दे दिया है। अखिलेश यादव के लिए यह मुद्दा इसलिए और महत्वपूर्ण है क्योंकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं और युवाओं की नाराजगी लंबे समय से विपक्ष के प्रमुख मुद्दे रहे हैं। छात्र आंदोलन को समर्थन देकर समाजवादी पार्टी एक ऐसे वर्ग तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है, जो आने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।मामला केवल नीट या किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों की परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणाम में देरी और भर्ती प्रक्रिया पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जहां लाखों युवा वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। एक परीक्षा की तैयारी में परिवार की बचत, छात्र की उम्र और कई वर्षों का समय लग जाता है। ऐसे में परीक्षा रद्द होने या पेपर लीक की खबर केवल प्रशासनिक समस्या नहीं रहती, बल्कि परिवारों के लिए आर्थिक और भावनात्मक संकट बन जाती है।

केंद्र सरकार ने 2024 में लोक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए कानून बनाया था। इस कानून में पेपर लीक, संगठित नकल और परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी को अपराध बनाया गया तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद जब लगातार नई घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं तो छात्रों का असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। यही वह बिंदु है जहां विपक्ष सरकार से पूछ रहा है कि कानून बनने के बाद भी व्यवस्था में वह भरोसा क्यों नहीं बन पाया, जिसकी छात्रों को सबसे ज्यादा जरूरत है।आंदोलन के बढ़ते दबाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देर रात वीडियो संदेश जारी कर पेपर लीक के खिलाफ और कड़े कदमों तथा नए कानून की बात करना राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए गंभीर पीड़ा का विषय है और सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। सरकार की ओर से यह संदेश उस समय आया जब छात्र आंदोलन लगातार विस्तार ले रहा था और विपक्षी दल इसे संसद और सड़क दोनों जगह उठा रहे थे।यहीं से इस आंदोलन का राजनीतिक पहलू सामने आता है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों जानते हैं कि छात्र आंदोलन को केवल सरकार विरोधी प्रदर्शन में बदल देना आसान नहीं है। छात्र किसी राजनीतिक दल के झंडे के नीचे आंदोलन शुरू नहीं करते। उनकी पहली मांग परीक्षा व्यवस्था में भरोसा, पारदर्शिता और भविष्य की सुरक्षा होती है। इसलिए विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह छात्रों की आवाज का समर्थन करते हुए आंदोलन पर अपना राजनीतिक कब्जा करने की कोशिश करता हुआ दिखाई न दे। 2022 का किसान आंदोलन इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए सबसे बड़ा उदाहरण है।

### सूडोकु नवताल- 7866

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7865 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# जल संकट का असंतुलित प्रबंधन : अस्तित्व पर मंडराता खतरा

ललित गर्ग



जल केवल प्रकृति का उपहार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का आधार है। पृथ्वी पर जीवन की कल्पना जल के बिना असंभव है, फिर भी विडंबना यह है कि जिस जल को हमारी संस्कृति ने देवत्व प्रदान किया, उसी जल के प्रति हमारा व्यवहार सबसे अधिक लापरवाह रहा है। आज देश और दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों में जल संकट प्रमुख बन चुका है। बढ़ती आबादी, अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध भूजल दोहन, जलवायु परिवर्तन और वर्षाजल के समुचित प्रबंधन के अभाव ने इस संकट को भयावह बना दिया है। यदि समय रहते चेतना नहीं जागी तो आने वाले वर्षों में पानी केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि सामाजिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और मानवीय संघर्ष का सबसे बड़ा कारण बन सकता है। हाल के शोध इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर के अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में उत्तर भारत का भूजल भंडार लगभग 450 घन किलोमीटर घट चुका है। यह मात्रा देश के सबसे बड़े जलाशयों में से एक इंदिरा सागर बांध की कुल जल संग्रहण क्षमता से लगभग 37 गुना अधिक है। यह आंकड़ा केवल वैज्ञानिक तथ्य नहीं, बल्कि भविष्य के संकट का स्पष्ट संकेत है। इसका अर्थ है कि जिस भूजल पर करोड़ों किसानों की खेती और करोड़ों लोगों का जीवन निर्भर है, वह तेजी से समाप्त हो रहा है।

इस भयावह स्थिति के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। वर्ष 1951 से 2021 के बीच मानसूनी वर्षा में लगभग 8.5 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। दूसरी ओर, उत्तर भारत में सर्दियों का तापमान भी बढ़ा है। तापमान में यह मामूली प्रतीत होने वाली वृद्धि भी मिट्टी की नमी को तेजी से कम करती है। परिणामस्वरूप खेतों को पहले की अपेक्षा अधिक सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है। जब वर्षा कम होती है और सिंचाई की मांग बढ़ती है, तब किसान भूजल पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। यही कारण है कि भूजल का पुनर्भरण कम और दोहन अधिक हो रहा है।

आज भारत के अनेक क्षेत्रों में भूजल का स्तर हर वर्ष नीचे जा रहा है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और मध्य भारत के कई हिस्से इस संकट की चपेट में हैं। अनेक स्थानों पर सैकड़ों फीट गहराई तक बोरवेल खोदने के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। कई गांवों में हैंडपंप सूख चुके हैं और शहरों में टैंकर संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। यह स्थिति बताती है कि यदि हमने अपनी जल नीति नहीं बदली तो आने वाले समय में पानी का संकट भोजन के संकट में भी बदल सकता है।

भारत की कृषि व्यवस्था आज भी लगभग 80 प्रतिशत मीठे जल का उपयोग करती है। दुर्भाग्य से धान, गन्ना जैसी अधिक पानी वाली फसलें उन क्षेत्रों में भी उगाई जा रही हैं जहां जल संसाधन सीमित हैं। मुफ्त बिजली और सस्ते पानी की नीतियों ने कई क्षेत्रों में अनियंत्रित भूजल दोहन को बढ़ावा दिया है। जल का मूल्य शून्य समझे जाने के कारण उसका संरक्षण भी नहीं हो पा रहा। आवश्यकता इस बात की है कि कृषि नीति को जल उपलब्धता के अनुरूप बनाया जाए। जिन क्षेत्रों में पानी कम है, वहां मोटे अनाज, दालें, तिलहन तथा कम पानी में तैयार होने वाली फसलों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जल संकट केवल खेती तक सीमित नहीं है। उद्योगों, महानगरों और बढ़ते शहरी विस्तार ने भी भूजल पर अत्यधिक दबाव डाला है। बड़े-बड़े भवनों, कॉलोनियों और औद्योगिक क्षेत्रों में वर्षाजल सीधे नालों में बह जाता है। यदि प्रत्येक भवन में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू हो जाए तो लाखों लीटर पानी हर वर्ष धरती के भीतर पहुंच सकता है। दुर्भाग्यवश अनेक राज्यों में कानून तो बने, लेकिन उनका प्रभावी पालन नहीं हो पाया।

जल संकट का एक और गंभीर पक्ष जल प्रदूषण है। देश की अधिकांश नदियां औद्योगिक अपशिष्ट, रासायनिक कचरे और सीवेज के कारण प्रदूषित हो चुकी हैं। जब नदियों और तालाबों का जल उपयोग योग्य नहीं रहता तो भूजल पर दबाव और बढ़ जाता है। इसलिए जल संरक्षण के साथ-साथ जल स्त्रोतों की स्वच्छता भी समान रूप से आवश्यक है। नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पारिस्थितिकी की जीवनरेखा है। यदि नदियां स्वस्थ रहेंगी तो भूजल भी समृद्ध होगा। आज आवश्यकता केवल नई परियोजनाओं की नहीं, बल्कि जल संस्कृति के पुनर्जागरण की है। भारत में कभी तालाब, बावड़ियां, जोहड़, कुंड और पारंपरिक जल संरचनाएं गांवों की पहचान होती थीं। वे वर्षा के जल को रोककर भूजल को समृद्ध बनाती थीं। आधुनिक विकास की दौड़ में इन जल स्त्रोतों को या तो नष्ट कर दिया गया या अतिक्रमण का शिकार बना दिया गया। यदि इन पारंपरिक जल प्रणालियों का पुनर्जीवन किया जाए तो जल संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

जल संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। घरों में पानी की अनावश्यक बबार्दी रोकना, वर्षाजल संचयन अपनाना, रिसाव ठीक कराना, कम पानी वाले उपकरणों का उपयोग करना और बच्चों में जल संरक्षण के संस्कार विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन कुछ लीटर पानी भी बचाए तो राष्ट्रीय स्तर पर करोड़ों लीटर जल की बचत संभव है। सरकार को भी जल प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। प्रत्येक जिले के लिए भूजल बजट तैयार किया जाए, भूजल दोहन पर वैज्ञानिक नियंत्रण हो, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों-ड्रिप और स्प्रिंकलर-को व्यापक प्रोत्साहन मिले तथा ऐसे कृषि अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए जो कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली किस्में विकसित करे। साथ ही जल शिक्षा को विद्यालयों के पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी जल के महत्व को केवल पुस्तकों में नहीं, व्यवहार में भी समझ सके।

भविष्य का सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या हमारे पास आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त जल बचेगा? यदि आज भी हमने जल को केवल उपभोग की वस्तु समझा तो आने वाले वर्षों में जल के लिए संघर्ष, पलायन और सामाजिक असंतोष बढ़ना स्वाभाविक होगा। खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होगा, महंगाई बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा संकट आएगा। इसलिए जल संरक्षण केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक शांति का भी प्रश्न है। आज समय की पुकार है कि जल बचाना ही भविष्य बचाना है।

हमें बदलती जलवायु के अनुरूप अपनी नीतियों, कृषि प्रणाली और जीवनशैली में व्यापक परिवर्तन लाने होंगे। वर्षा की प्रत्येक बूंद को धरती में उतारना, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना और जल अनुशासन को जन-आंदोलन बनाना ही इस संकट का सबसे प्रभावी समाधान है। यदि सरकार, वैज्ञानिक, किसान, उद्योग, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में संकल्पबद्ध प्रयास करें तो जल संकट को अवसर में बदला जा सकता है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना मानव सभ्यता की सबसे बड़ी विवशता बन जाएगा।

# सीजेपी का प्रदर्शन, क्या अपने मूल उद्देश्य से भटक गया?

डॉ. मयंक चतुर्वेदी




देश में जब नीट प्रश्नपत्र लीक का मामला सामने आया तो स्वाभाविक रूप से लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों में गहरा आक्रोश उत्पन्न हुआ। यह उन युवाओं के भविष्य का प्रश्न था जिन्होंने वर्षों की मेहनत, आर्थिक संसाधन और मानसिक ऊर्जा इस परीक्षा की तैयारी में लगाई थी। ऐसे समय में छात्रों का शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतंत्र की स्वाभाविक अभिव्यक्ति माना जा सकता है। वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में छात्रों को अपनी बात रखने, सरकार से जवाब मांगने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग करने का पूरा अधिकार है, किन्तु दिल्ली में पिछले दिनों में जो घटा है, उसे देखने के बाद यह प्रश्न उठने लगा है कि क्या यह आंदोलन अभी भी छात्रों के भविष्य और शिक्षा सुधार को लेकर हो रहा है? जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के अनेक दृश्य, वहां उठ रहे विभिन्न प्रकार के नारे, अलग-अलग राजनीतिक और वैचारिक संगठनों की बढ़ती सक्रियता तथा शिक्षा से असंबंधित मुद्दों की प्रमुखता ने इस आंदोलन की दिशा और उद्देश्य पर गंभीर बहस खड़ी कर दी है।

इसी संदर्भ में जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन को लेकर अनेक वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट और सार्वजनिक चचाएं सामने आ रहे हैं। इनमें कुछ स्थानों पर ऐसे नारे सुनाई देने के दावे किए गए जिनका, परीक्षा सुधार या शिक्षा व्यवस्था से कोई प्रत्यक्ष संबंध दिखाई नहीं देता।

यदि वास्तव में किसी प्रदर्शन में आरएसएस मुदार्बाद, ब्राह्मण मुदार्बाद, हम हिंदू नहीं हैं, अथवा किसी देवी-देवता के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां जैसे नारे लगाए गए हों, तो यह साफ दशार्ता है कि आन्दोलन के नाम पर वास्तविकता में जंतर-मंतर भी हिन्दू विरोध और सनातन धर्म को टार्गेट किया जा रहा है। कुछ नारे तो बेहद ही आपत्ति जनक हैं, जिन्हें यहां लिखने के लिए भी हिम्मत चाहिए, किंतु आप सभी को सच से अवगत कराना भी जरूरी है, इसलिए आप स्वयं पढ़ें और विचार करें कि आखिर इस आन्दोलन को कौन लोग चला रहे हैं! ये कथित नारे हैं; सीता का पति क्या कर लेगा। भगवान भी मोदी की तरह ... है, जब चाहे मौसम बदल देता है। नाम रहेगा अल्लाह का। प्रेमानंद महाराज नहीं हैं। हम हिंदू नहीं हैं, हमें हिंदू मत कहो। भारत तेरे टुकड़े होंगे। अब विचार करें कि इन नारों को सुनकर या पढ़कर किस देशभक्त को आक्रोश नहीं आएगा? सच्चायी तो यही है कि ऐसे नारे न सिर्फ आंदोलन के घोषित उद्देश्य से परे हैं, बल्कि ये समाज में अनावश्यक वैमनस्य भी उत्पन्न करते हैं। इसी प्रकार, यदि मंच पर महिलाओं के आरक्षण, किसानों के आंदोलन अथवा अन्य राजनीतिक विषय प्रमुख होने लगें, तो इससे यह संदेश जाना स्वाभाविक है कि छात्र आंदोलन अब अनेक अलग-अलग एजेंडों का साझा मंच बन गया है। लोकतांत्रिक बहुलता अपने आप में नकारात्मक नहीं है, किंतु जब मूल प्रश्न पीछे छूट जाए, तो आंदोलन की प्रभावशीलता कम होने लगती है। फिर उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है। फिर प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार और कुछ स्थानों पर अव्यवस्था की खबरें और वीडियो भी चिंता बढ़ाते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न संसाधनों और सहयोग का है। सार्वजनिक चर्चा में यह भी सामने आया कि कुछ प्रदर्शनकारियों को विदेशों से भोजन अथवा अन्य प्रकार की सहायता भेजी जा रही है। सरकार के खिलाफ चल रहे इस प्रदर्शन में बांग्लादेश, पाकिस्तान, कतर, नेपाल जैसे देशों की सद्भावना जाग उठी है। वीडियोज सामने आ रहे हैं कि इन देशों से अनजान व्यक्ति जंतर-मंतर पर बैठे प्रदर्शनकारियों के लिए फूड डिलीवरी ऐप से महँगा खाना भेज रहे हैं। वहीं नेपाल के युवा लगातार वीडियो बनाकर भारत के युवाओं को नेपाल जैसा कारनामा करने के लिए भड़का रहे हैं।

क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) से जुड़े लोग यहां जय भीम, जय भीम के नारे लगाते नजर आए हैं। अब आप स्वयं ही विचार करें, इस नारे का इस आन्दोलन में क्या काम है! नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन विमेन (एनएफआईडब्ल्यू), जिसने नई दिल्ली में जंतर-मंतर के पास परिसीमन और जनगणना प्रक्रियाओं से कोटा को अलग करके संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग रखी है, सोचने वाली बात है कि यहां इस तरह की मांग का क्या औचित्य है? कांग्रेस सेवा दल के स्वयंसेवक एनआईएफडब्ल्यू के सदस्य यहां बड़ी संख्या में मौजूद हैं। इस्लामवादियों और बुर्का पहने महिलाओं की उपस्थिति भी सहज देखी जा सकती है, जब उनसे NEET विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछा जा रहा था तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहीं थी। किसान नेता गुरनाम सिंह चढुनी के नेतृत्व वाली भारतीय किसान यूनियन और उनके समर्थक यहां मौजूद हैं। यह बात समझ से परे है कि किसानों का कोई संगठन छात्रों के अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन करने क्यों आया है? निहंग तलवारें लहराते हुए पुलिसकर्मियों को धमका रहे हैं। ये निहंग पंजाब में हुए पेपर लीक के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं और दिल्ली तक का सफर तय कर विरोध प्रदर्शन करने आए हैं! जंतर-मंतर पर, सीजेपी के प्रदर्शनकारियों ने महिला पत्रकारों के साथ छेड़छाड़ की और पुरुष पत्रकारों को पीटना आखिर क्या दर्शा रहा है? ऐसे में साफ नजर आता है कि जंतर-मंतर पर चल रहा कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का विरोध प्रदर्शन छात्रों की चिंताओं को उठाने और उनके हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा है। पूरा विपक्ष यहां मौजूद है, सिर्फ मुखौटा छात्रों का लगा लिया गया है।

# क्या सोनम वांगचुक अब सरकार के साथ खड़े हो गये हैं?


कृष्णमोहन झा

यह संतोष का विषय है कि काकरोच जनता पार्टी और केंद्र सरकार के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया है। विठ्ठल हाऊस में संपन्न वार्ता में काकरोच जनता पार्टी ने सरकार के समक्ष अपनी तीन मांगों को दोहराया जिन पर वह अभी तक जोर देती आई है। वार्ता के बाद काकरोच जनता पार्टी की ओर से यह बताया गया कि नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिवारों को मुआवजा तथा प्रदर्शनकारी छात्रों के विरुद्ध दर्ज मामले वापस लेने? की मांगों पर सहमति बनने की संभावना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर काकरोच जनता पार्टी अडिग है। सरकार ने काकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों को शनिवार को फिर से बातचीत के लिए बुलाया है। एक बात तो तय प्रतीत होती है कि काकरोच जनता पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग छोडने के लिए तैयार नहीं होगी। बैठक के बाद काकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों ने जो बयान दिया है उससे तो यही अनुमान लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध जल्द सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन तथा पेपर लीक रोकने के लिए संसद में विधेयक पेश किए जाने की जो घोषणाएं की थीं उससे सरकार और आंदोलन कारी छात्रों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू करने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद मिली है। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक के अनशन की समाप्ति के बाद उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करके प्रधानमंत्री ने सरकार के सकारात्मक रुख के संकेत दिए हैं। दूसरी ओर संसद में इस मुद्दे पर विपक्ष और सरकार के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद ही वह सदन में इस मुद्दे पर चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार होगी। सवाल यह उठता है कि जब काकरोच जनता पार्टी और कांग्रेस की एक जैसी मांगें हैं तो सरकार छात्रों का आंदोलन समाप्त कराने के लिए इन दोनों में से केवल काकरोच जनता पार्टी के साथ ही बातचीत का सिलसिला शुरू करने में क्यों दिलचस्पी ले रही है। जाहिर सी बात है कि सरकार इस मुद्दे पर संसद में चर्चा में कांग्रेस को भाग लेने के लिए तो आमंत्रित कर रही है लेकिन कांग्रेस को बातचीत की टेबिल पर नहीं बुलाना चाहती। यह शायद तब संभव हो सकता था जबकि राहुल गाँधी अथवा कांग्रेस के कोई दिग्गज नेता जंतर मंतर के मंच पर पहुँच कर छात्र आंदोलन को समर्थन देते। राहुल गाँधी यह तो कह रहे हैं कि वे छात्रों के साथ मजबूती से खड़े हैं परंतु वे जंतर मंतर के मंच पर अपनी मौजूदगी नहीं दिखाना चाहते।

गौरतलब है कि सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने नीट पेपर लीक से जुड़े मामले में अपनी कुछ विशिष्ट मांगों के साथ जंतर मंतर पर गत 28 जून को जो अनिश्चित कालीन अनशन हड़ताल शुरू किया था उसे उन्होंने कल रात गुरुग्राम स्थित मेदांता हास्पिटल में केंद्रीय मंत्री द्वय जे पी नड्डा और जितेन्द्र सिंह के हाथों से चाय पीकर तोड़ दिया। गौरतलब है कि सरकार द्वारा पहले उन्हें जंतरमंतर से न ई दिल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में उनकी पत्नी गीतांजलि आगमों की याचिका पर फैसला देते हुए हाईकोर्ट ने उन्हें मेदांता हास्पिटल में शिफ्ट करने का आदेश दिया था। यूँ तो सोनम वांगचुक से अनशन तोड़ने के लिए जंतर मंतर पर भी अनेकों बार अनुरोध किया गया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद भी यह सिलसिला निरंतर जारी रहा परंतु उन्होंने सरकार की ओर से यह भरोसा दिलाए जाने के बाद अपना अनशन समाप्त किया कि वह संसद में पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में जवाब देही तय करने के मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कारियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई न करने तथा नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले परीक्षार्थियों के परिवारों को मुआवजे देने के बारे में सकारात्मक विचार करेगी । सोनम वांगचुक ने यह भी बताया कि उनके लिए अहम बात छात्रों के विरुद्ध कार्रवाई रुकवाना अहम बात थी इसलिए उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर जोर नहीं दिया ।जेपी नड्डा और जितेन्द्र सिंह की मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने जिस समय अपना अनशन समाप्त किया उसके थोड़ी ही देर बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सोनम वांगचुक के अनशन की समाप्ति पर खुशी जाहिर करते हुए यह घोषणा कर दी है कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान नीट पेपर लीक मामले में अपनी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते तब तक जंतर मंतर पर छात्रों का प्रदर्शन जारी रहेगा ।तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने एक्स पर लिखा कि हम आपका सम्मान करते हैं ।हमें ये खुशी है कि आपने अनशन तोड़ दिया। कृपया आराम करें और अपनी सेहत का ख्याल रखें और यह सुनिश्चित करें कि सरकार आपकी आवाज का इस्तेमाल आंदोलन तोड़ने के लिए न करे। इसके साथ ही महुआ मोइत्रा ने यह भी कहा कि आप्टिक्स नाम की भी कोई चीज होती है। अनशन तोडना ही था तो किसी और के हाथ से तोड़ लेते। गौरतलब है कि 22 जुलाई को विपक्षी सांसदों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने भी मेदांता अस्पताल जाकर सोनम वांगचुक को एक पत्र सौंप कर उनसे अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया था।

### दैनिक पंचांग

**25 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.11 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कन्या | 09.23 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.34 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.49 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 16.05 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.10 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.56 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.29 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 23.00 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 00.40 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मिथुन | 02.38 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 04.51 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 206 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 11.35 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा अहोरात्र।
**योग** ब्रह्म 21.09 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 11.35 बजे तदनन्तर बव 00.47 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 41'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872781
**जूलियन दिन** 2461246.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर
**तारीख** 10
**विशेष** गौरी व्रत, देवशयनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## मतदाता सूची पुनरीक्षण : गणना प्रपत्र जमा करने के लिए अब केवल पांच दिन शेष

# 29 जुलाई तक हर हाल में भरें गणना प्रपत्र : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिले के सभी पात्र मतदाताओं से समय पर गणना प्रपत्र भरने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई, 2026 गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि है और अब केवल पाँच दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रत्येक पात्र मतदाता बिना विलंब अपने संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी मतदाता ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र नहीं भरा है, तो वह शीघ्र अपने बीएलओ से संपर्क कर प्रपत्र प्राप्त करें, उसे पूरी तरह सही ढंग से भरें, आवश्यक हस्ताक्षर करें तथा



निर्धारित समय-सीमा के भीतर बीएलओ को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि समय पर प्रपत्र उपलब्ध कराना प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण सही एवं त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त, 2026 को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसलिए निर्धारित अवधि के भीतर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। सभी पात्र मतदाताओं से अपेक्षा है कि वे समय-सीमा का पालन करते हुए इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अंतिम दिनों में अनावश्यक भीड़ एवं असुविधा से बचने के लिए मतदाता अभी से अपना गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है और समय पर गणना प्रपत्र जमा कराना लोकतांत्रिक दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि यदि किसी कारणवश उन्हें अब तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है अथवा किसी प्रकार की जानकारी चाहिए, तो वे अपने संबंधित बीएलओ से तत्काल संपर्क करें।

आवश्यकता पड़ने पर संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एफ्ड) अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (अएफ्ड) कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनसेवकों तथा जागरूक नागरिकों से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से पुनः आग्रह किया कि 29 जुलाई, 2026 से पूर्व अपना गणना प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर सहित अपने बीएलओ को अवश्य उपलब्ध कराएं तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## पहले बिल, फिर बिजली : अमड़ापाड़ा में 20 बकायेदारों की बत्ती गुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में बकाया बिजली बिल की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने क्षेत्र में सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को विभाग की टीम ने विभिन्न गांवों और मोहल्लों में विशेष जांच एवं वसूली अभियान चलाकर 10 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले 20 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए। विभाग की इस कार्रवाई से बड़े बकायेदारों में हड़कंप मच गया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता (जेई) बिंजु विष्णु पूर्ति ने किया। विभागीय टीम ने बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर बिजली आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए, उनमें उमानाथ भगत, अरुण कुमार भगत, लक्ष्मीनारायण भगत, ललन भगत, टाटा टेलीकॉम, सुभद्रा देवी, प्रदीप हेम्ब्रम, यमुना



राम हांसदा और जैगुन बेवा सहित कुल 20 बड़े बकायेदार शामिल हैं। जेई बिंजु विष्णु पूर्ति ने बताया कि विभाग के राजस्व संग्रह को बढ़ाने और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, वे जल्द से जल्द भुगतान कर दें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बकाया राशि जमा करने के बाद ही संबंधित उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन पुनः बहाल किया जाएगा।

## झारखण्ड ग्रामीण बैंक श्रीकुंड में सखी मंडल की महिलाओं का प्रदर्शन, बैंक में जड़ा ताला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड स्थित बैंक में आज सखी मंडल की लगभग 100 से अधिक महिलाओं ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बैंक प्रबंधन पर विभिन्न बैंकिंग कार्यों के बदले अवैध रूप से पैसे वसूलने का आरोप लगाते हुए बैंक के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि बैंक मैनेजर जाहिद अंसारी और बैंक सखी निशात जहाँ द्वारा खाता खोलने, निकासी, जमा सहित अन्य बैंक संबंधी कार्यों के लिए उनसे अतिरिक्त राशि की मांग की जाती थी। इस कथित वसूली से नाराज महिलाओं ने क्लस्टर श्रीकुंड के नेतृत्व में बैंक पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया।महिलाओं के बैंक पहुंचने की सूचना मिलते ही बैंक मैनेजर



मौके से फरार हो गए, जिससे प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आक्रोश और बढ़ गया। महिलाओं ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए बैंक का कामकाज प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। प्रशासन की ओर से जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है। मौके पर मस्कुरा बीबी, सेलिना खातून, वासीमा बीबी, वहीदा खातून, मगफुरा बीबी, जुली देवी, रकीबा खातून, के अलावे सभी महिलाएं मौजूद रहे।

**नोट :** यह खबर प्रदर्शनकारी महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों पर आधारित है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि या संबंधित बैंक प्रबंधन का पक्ष अभी तक सामने नहीं आया है।

## अमड़ापाड़ा के वार्ड-11 में सड़क-नाला निर्माण की मांग, जेएलकेएम ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला सचिव मो. जहांगीर अंसारी ने शुक्रवार को पार्टी नेता मार्क बास्की की उपस्थिति में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अमड़ापाड़ा के वार्ड संख्या-11 (संथाली) में करीब 800 मीटर सड़क एवं नाला निर्माण की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शंभू ठाकुर के घर से मोहम्मद जुल्फिकार अंसारी के घर तक जाने वाला मार्ग वर्षों से जर्जर हालत में है। बारिश के दिनों में सड़क पर जलजमाव और कीचड़ के कारण स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को रोजाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग के निर्माण में इंटरलॉकिंग (पेवर



ब्लॉक) तकनीक अपनाने का भी सुझाव दिया गया है, ताकि सड़क अधिक टिकाऊ और सुविधाजनक बन सके। इस अवसर पर दिसंबर 2025 में अमड़ापाड़ा हटिया प्लॉट में टीन शेड निर्माण, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर दिए गए आवेदन का मामला भी उठाया गया। जेएलकेएम नेताओं ने बताया कि विभागीय जानकारी के अनुसार हटिया प्लॉट में टीन शेड निर्माण का कार्य फिलहाल प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उपायुक्त ने पहले भी संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। ज्ञापन पर उपायुक्त ने गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा सड़क-नाला निर्माण समेत अन्य जनहित के मुद्दों पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जेएलकेएम नेताओं ने कहा कि पार्टी क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखती रहेगी।

## एनएचएआई अधिकारी ने किया साहिबगंज की एन.एच. परियोजनाओं का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), क्षेत्रीय कार्यालय रांची के क्षेत्रीय अधिकारी संतोष कुमार आर्य ने



जिले की दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साहिबगंज-मनिहारी गंगा पुल परियोजना और मिजोचौकी-फरक्का राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर के पैकेज-1 एवं पैकेज-2 के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अधिकारी ने साहिबगंजझमनिहारी गंगा पुल परियोजना में निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर संतोष कुमार आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश के अनुरूप यात्रियों की सुविधा गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना (एनएचएआई) की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परियोजना में लगे अभियंताओं और तय मानकों से कोई समझौता न करने की हिदायत भी दी। मिजाचौकी-फरक्का कॉरिडोर के पैकेज-1 में राजमार्ग के नियमित रखरखाव, स्वच्छता और पौधरोपण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वहीं पैकेज-2 में परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## डेंगू पर सख्त निगरानी : 728 कंटेनरों की जांच में 64 में मिला एडीज लार्वा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक अभियान शुरू किया है। सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा एवं जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार के निर्देशानुसार 20 जुलाई से 30 नवंबर, 2026 तक जिलेभर में विशेष डेंगू सर्वे एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य डेंगू के संभावित खतरे की समय रहते पहचान, मच्छरों के प्रजनन स्थलों का उन्मूलन तथा आमजन को बचाव के प्रति जागरूक करना है।

**30 से अधिक संवेदनशील स्थलों पर सघन सर्वे**

एडीज लार्वा डेंसिटी सर्वे-2026 के अंतर्गत जिले के 30 से अधिक प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों का सघन निरीक्षण किया गया। इनमें रथ मेला मैदान, डीसी आवास, डीडीसी आवास, एसपी आवास, सूचना भवन, बस स्टैंड, न्यायालय परिसर, एसडीओ कार्यालय एवं आवास, नगर परिषद कार्यालय, जेल परिसर, इंद्रा चौक, पार्क, स्टेडियम, बाजार, रिलायंस स्मार्ट बाजार, मुस्कान होटल, पेट्रोल पंप, टिनबंगला पोखर, विवाह भवन सहित अन्य सार्वजनिक एवं व्यावसायिक स्थल शामिल रहे। सर्वेक्षण के दौरान 728 जलधारक कंटेनरों की जांच की गई, जिनमें 64 कंटेनरों में एडीज मच्छर के लार्वा तथा 2 कंटेनरों में प्यूपा पाए गए। लार्वा मिलने वाले स्थानों पर तत्काल नियंत्रणात्मक कार्रवाई



करते हुए लार्विसाइड का छिड़काव किया गया तथा संबंधित लोगों को आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।

**हर सप्ताह एक दिन—ड्राई डे अपनाने की अपील**

जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि एडीज मच्छर साफ एवं ठहरे हुए पानी में प्रजनन करता है, इसलिए डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है कि घर एवं आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दिया जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से ₹हर सप्ताह एक दिन—ड्राई डे₹ मनाने की अपील करते हुए कहा कि कूलर, पानी की टंकियां, गमले, पुराने टायर, नारियल के खोल, कबाड़ एवं अन्य जल संग्रहण वाले बर्तनों को सप्ताह में कम-से-कम एक बार खाली कर साफ अवश्य करें।

**शहर से गांव तक घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम**

शहरी क्षेत्रों में यह अभियान कम्युनिटी वॉलंटियर्स एवं अर्बन सहियाओं के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। टीम घर-घर जाकर डेंगू से बचाव की जानकारी देने के साथ-साथ जल जमाव वाले स्थानों की जांच कर रही है। जहां भी लार्वा मिल रहा है, वहां तत्काल नियंत्रणात्मक कार्रवाई की जा रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में एमपीडब्ल्यू, सहिया, केटीएस एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। ग्राम सभाओं, विद्यालयों एवं सामुदायिक बैठकों के माध्यम से लोगों को डेंगू, मलेरिया, कालाजार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द अथवा अन्य डेंगू जैसे लक्षण दिखाई देने पर स्वयं उपचार करने के बजाय तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। समय पर जांच एवं उपचार से डेंगू के गंभीर प्रभावों से बचा जा सकता है।

## एक नजर

### उधवा में ग्रामीणों ने की 24x7 मेडिकल सुविधा की मांग

**साहिबगंज:** जिले के उधवा प्रखंड के मेडिकल स्टोर रात नौ बजे के बाद ही बंद कर दिया जाता है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को झोलाछाप डॉक्टर पर ही आश्रित रहना पड़ता हैं। जिससे जरुरत मंदों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास में अधिकांश दवा दुकान रात दस बजे ही बंद हो जाता है। दवा दुकान 247 घंटे खुले नहीं रहने से खाश कर देर रात और सुबह के समय मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध नहीं हो पाता है। जिसके कारण गंभीर एवं आपातकालीन स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने ड्राग्स इंस्पेक्टर, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी व सिविल सर्जन से मांग किया कि उधवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी प्राइवेट मेडिकल दुकानों के संचालकों के साथ बैठक कर प्रमुख स्थानों में रोटेशन के आधार पर मेडिकल सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था किया जाए। ताकि आपातकालीन समय में मरीजों को आवश्यक एवं जीवन रक्षक दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो सके।

### पथलचट्टी गांव में दो ट्रांसफॉर्मर से कॉइल चोरी

**साहिबगंज:** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के पथलचट्टी गांव में अज्ञात चोरों ने 10 केवी के दो ट्रांसफॉर्मर से कॉइल चोरी कर ली। इस घटना के बाद से गांव में बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई है और शाम होते ही पूरा गांव अंधकार में डूब जाता है।ग्रामीणों ने बताया कि चोरी की इस घटना के कारण घरों में अंधेरा छा गया है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और जरूरी काम भी नहीं हो पा रहे हैं। रात में असामाजिक तत्वों का डर भी बढ़ गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचना देकर जल्द से जल्द नए ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। घटना की सूचना मिलने के बाद तीनपहाड़ पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है और चोरों की पहचान के लिए छानबीन कर रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि मामले की शिकायत मिली है। जल्द ही ट्रांसफॉर्मर बदलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### तलाक दिए बिना दूसरी शादी का आरोप

**पाकुड़:** पाकुड़ व्यवहार न्यायालय परिसर में शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद ने उस समय सबका ध्यान आकर्षित किया, जब दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। घटना के दौरान दोनों परिवारों के सदस्य भी मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए न्यायालय परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, हिरणपुर थाना क्षेत्र के बड़तल्ला रामपुर निवासी अमीर अंजान और उनकी पत्नी सलमा खातून के बीच वैवाहिक विवाद को लेकर मामला न्यायालय पहुंचा है। सलमा खातून और उनकी मां ने पति तथा ससुराल पक्ष पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सलमा खातून की मां का कहना है कि विवाह के लगभग पांच वर्ष बाद भी उनकी बेटी को लगातार मानसिक प्रताड़ना दी जाती रही। उनका आरोप है कि संतान नहीं होने का हवाला देकर पति और ससुराल वाले उसे परेशान करते थे। वहीं, सलमा खातून ने आरोप लगाया कि उनके पति ने उन्हें विधिवत तलाक दिए बिना दूसरी शादी कर ली। उनका कहना है कि दूसरी शादी की जानकारी उन्हें बाद में मिली। उन्होंने यह भी कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ में एक से अधिक विवाह का प्रावधान होने के बावजूद इसके लिए निर्धारित शर्तों और नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### रथयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, रिमझिम बारिश में श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ



**साहिबगंज:** जिले के राजमहल प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की उल्टा रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। उल्टा रथयात्रा के साथ तीनों विग्रह तालझारी रेलवे स्टेशन स्थित शंभू शर्मा के आवास से वापस मुन्नापटाल गांव स्थित भगवान जगन्नाथ धाम पहुंचे। रिमझिम बारिश के बावजूद सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और सैकड़ों भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ रथ खींचकर अपनी आस्था प्रकट की। रथयात्रा की शुरूआत तालझारी स्टेशन स्थित शंभू शर्मा के आवास परिसर से हुई। रथ लालमाटी, संग्रामपुर, इंग्लिश, मंगलहाट चौक सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए मुन्नापटाल गांव स्थित जगन्नाथ धाम पहुंचा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरे कृष्णा, हरे रामा के जयघोष के साथ भजन-कीर्तन और नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के कई गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बताया गया कि मुन्नापटाल गांव निवासी रवींद्र कर्मकार और उनकी पत्नी दुर्गी देवी ने नौ वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में रथयात्रा निकालने का संकल्प लिया था। तब से ग्रामीणों के सहयोग से लगातार आठ वर्षों से इस धार्मिक परंपरा का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है, जो अब क्षेत्र की आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है।

### साहिबगंज के महादेवगंज चौक मुख्य सड़क दलदल कीचड़ में तब्दील, राहगीर परेशानी



**साहिबगंज:** जिला मुख्यालय से महज चार से पांच किलोमीटर की दूरी पर बरसात की पहली तेज बारिश ने साहिबगंज सदर प्रखंड के महादेवगंज चौक से दो सौ मीटर आगे मुख्य मार्ग सड़क में विकास कार्यों की हकीकत उजागर कर दी है। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर होकर दलदल में तब्दील हो गई है।सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है।हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा साबित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से बदहाल है,लेकिन जिम्मेदार विभाग की उदासीनता के कारण आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। बारिश के बाद स्थिति और भी भयावह हो गई है। सड़क पर जलजमाव के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता,जिससे आए दिन लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों,गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई,लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के दौरान विकास और बेहतर सड़क का वादा किया जाता है,लेकिन चुनाव समाप्त होते ही गांव की समस्याएं भुला दी जाती हैं। इससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क पर न तो पक्कीकरण की व्यवस्था है और न ही बारिश के पानी की निकासी के लिए नाला बनाया गया है।परिणामस्वरूप हर वर्ष बरसात में यही स्थिति उत्पन्न होती है और लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होता है। स्थानीय किसानों, दुकानदारों और दैनिक मजदूरों को भी आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था तथा सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनहित में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी संवेदनशीलता दिखाता है या फिर ग्रामीणों को एक बार फिर केवल आश्वासनों का इंतजार करना पड़ेगा।

### भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस व राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**साहिबगंज :** भाजपा नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को स्टेशन चौक समीप कांग्रेस व राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। जिसमें राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा



शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद चौक समीप से हाथों में पार्टी का झंडा लेकर रैली निकालकर कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्टेशन चौक पहुंचकर कांग्रेस पार्टी ओर राहुल गांधी का पुतला दहन किया ओर जमकर कांग्रेस ओर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। वही पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी देश के छात्रों, युवाओं ओर देशवासियों को गुमराह कर रहे हैं। सांसद में जब केंद्र सरकार पेपर लीक मामले सहित अन्य मामले में चर्चा को तैयार है तो कांग्रेस व उनके सहयोगी दल सांसद में चर्चा से भागकर देशवासियों, छात्रों युवाओं को गुमराह कर रहे है। झारखंड में कांग्रेस जेएमएम की गठबंधन वाली सरकार में जेपीएससी में धांधली, भ्रष्टाचार हुआ, जीएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी हुआ। वही दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी चर्चा से भाग रहे है। कांग्रेस शासित राज्यों केरल, पंजाब, झारखंड सहित अन्य राज्यों में पेपर लीक सहित परीक्षा में गड़बड़ी पर कांग्रेस व उसके सहयोगी दल चुप्पी साधे है। कांग्रेस अराजकतत्वों को संरक्षक देने का कार्य कर रही है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। झारखंड के अंदर जितना भी परीक्षा हुई सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। वही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस विदेशी फंडिंग के जरिय देश को तोड़ना और अराजकता फैलाना चाह रहा है। कांग्रेस विदेशियों के हाथों में बिक गई है। छात्र नौजवान आपके मांगो को केंद्र सरकार पूरा करेंगे। राहुल गांधी ओर कांग्रेस पार्टी नौजवान व छात्रों को गुमराह करना बंद करे। कांग्रेस व राहुल गांधी सांसद में बहस करे, देश ओर युवाओं छात्रों को गुमराह न करे। कांग्रेस व राहुल गांधी को सोनम वांगचुक के अनशन खत्म करने से भी परेशानी हो रही है। मौके पर सैकड़ो कार्यकर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### रसल वाइपर सांप के डंसने से छह वर्षीय संतोष गंभीर

**बोकारो :** रसल वाइपर के काटने से 6 वर्षीय संतोष तुरी नामक युवक गंभीर अवस्था में है। पिता राजेन्द्र तुरी दिहाड़ी मजदूर हैं। बेटे के इलाज में अब तक करीब चार लाख खर्च हो चुका है। तीन बच्चों में एकलौता पुत्र को बचाने के लिए घर परिवार के लोग कर्ज में डूब चुके हैं। आगे और भी खर्च है, जिसके लिए बच्चे के माता-पिता जद्दोजहद कर रहे हैं। घटना शनिवार की है, जब बच्चे को रसल वाइपर सांप ने डंस लिया था। पहले बीजीएच ले जाया गया, फिर वहां से वेलमार्क अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बच्चे की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे गोमोह के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां के इलाज से फिलहाल बच्चे की बेहतर रिकवरी हो रही है। सहयोग की अपील – बालीडीह थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत स्थित झोपरो निवासी राजेंद्र तुरी का 6 पुत्र संतोष तुरी गोमोह के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहा परिवार बच्चे के इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। ऐसे में पिता राजेन्द्र तुरी और मां कौशल्या देवी ने लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

### सुजल ग्राम संवाद में तोरपा का गोपला गांव बना मॉडल

**खूंटी :** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में शुक्रवार को आयोजित वर्चुअल 'सुजल ग्राम संवाद' कार्यक्रम में खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड की हुसिर पंचायत स्थित गोपला गांव को मॉडल गांव के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय के सचिव,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अतिरिक्त सचिव सह मिशन निदेशक, झारखंड ग्रामीण जलापूर्ति मिशन (एसडब्ल्यूएसएम) के अधिकारी, उपायुक्त मो जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान गोपला गांव के मुखिया, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, जलसहिया, शिक्षक, आंगनबाड़ी कर्मी,स्वयं सहायता समूह की दीदियां और ग्रामीणों ने हर घर नल-जल योजना के सफल संचालन और रखरखाव के अपने अनुभव साझा किए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जलापूर्ति योजना का नियमित संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही जल संरक्षण, जल के समुचित उपयोग और योजनाओं के दीर्घकालिक रखरखाव के लिए ग्रामसभा, जनजागरूकता अभियान और सामूहिक प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने गोपला गांव में जलापूर्ति व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

### स्थानीय महिला कलाकारों को स्वंय सहायत समूह से जोड़ें : डीसी

**रामगढ़ :** रामगढ़ के स्थानीय कलाकारों, कुम्हारों और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में आर्टिसन मीट और क्लस्टर विजिट से संबंधित बैठक की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बैठक में डीसी ने उपस्थित सभी कलाकारों के बनाए गए पारंपरिक और आधुनिक सामानों की जानकारी ली और उनकी कला के संवर्धन पर चर्चा किया। बैठक के दौरान डीसी ने माटी कला बोर्ड को कुम्हार समूहों से संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं का प्रस्ताव प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने विशेष रूप से जिन समूहों को सोलर बिजली की आवश्यकता है उनके भी प्रस्ताव लेने का निर्देश दिया।

# राम मंदिर मौसी बाड़ी से शुरू हुई प्रभु जगन्नाथ की बहुरा यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता








**बोकारो :** आषाढ़ की बहुरा यात्रा को सेक्टर 1 स्थित श्री राम मंदिर मौसी बाड़ी से धूमधाम से शुरू हुई। हजारों श्रद्धालुओं की जयकार और भजन-कीर्तन के बीच भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर अपने घर सेक्टर 4 स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचे।भव्य रथ यात्रा, उमड़ा जनसैलाबदोपहर 12 बजे इरछ के अधिशासी निदेशक चित्तरंजन मिश्रा ने पारंपरिक विधि से भगवान का पूजन कर छेरा पन्हारा की रस्म अदा की। उन्होंने सोने की झाड़ू से रथ की सफाई कर रथ खींचने की शुरूआत की।इसके बाद रथ सेक्टर 1, पत्थरकट्टा चौक, सेक्टर 4 सिटी सेंटर, अंबेडकर चौक होते हुए विभिन्न मार्गों से भ्रमण करता हुआ शाम करीब 5 बजे जगन्नाथ मंदिर पहुंचा। रथ के मंदिर पहुंचते ही बारिश भी शुरू हो गई, जिसे भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद माना। सुबह से ही राम मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मंदिर के बाहर तक लोगों की लंबी कतारें लगी थीं। ढोलक की थाप पर हरे कृष्ण हरे मुरारी के भजन गाते श्रद्धालु रथ खींचने को बेताब दिखे। रास्ते भर महिला, युवा और बच्चों ने बढ़-चढ़ कर रथ खींचा।विशेष पूजा और प्रसाद वितरणजगन्नाथ मंदिर पहुंचने पर पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ विशेष आरती और पूजन किया। शुभ दिन नहीं होने के कारण भगवान, बलभद्र और सुभद्रा को रथ पर ही विराजमान रखा गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, शरबत और पानी की व्यवस्था की गई थी। गर्मी से राहत के लिए टैंकर से सड़कों पर पानी का छिड़काव भी किया गया।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हुई।27 जुलाई को होगा मंदिर में प्रवेशमंदिर के पुजारी हिमांशु दास ने बताया कि 24 जुलाई को रथ यात्रा के बाद भी भगवान 27 जुलाई तक सजे हुए रथ पर ही विराजमान रहेंगे। शुभ दिन होने के कारण 27 जुलाई को रात 9:30 बजे भगवान का मुख्य मंदिर में प्रवेश होगा। तब तक नगर के श्रद्धालु रथ पर ही भगवान का दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

## एक्सआईएसएस रांची के छात्रों ने किया आजीविका मॉडल का अध्ययन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**खूंटी :** एक्सआईएसएस रांची के रूरल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के 20 छात्र-छात्राओं ने अपने शैक्षणिक क्षेत्र भ्रमण के तहत शुक्रवार को खूंटी जिले में संचालित आजीविका और ग्रामीण विकास के विभिन्न मॉडलों का अध्ययन किया। इस दौरान एक्सआईएसएस के प्रोफेसर सौर्य दास भी भी मौजूद थे। भ्रमण की शुरूआत गुटजोरा स्थित आजीविका संसाधन केंद्र से हुई, जहां छात्रों ने ड्रैगन फ्रूट की खेती, पॉलीहाउस नर्सरी, हैचरी यूनिट, हार्डनिंग सेंटर, बागवानी और अनानास की खेती को देखा। केंद्र के संचालक दिनेश कुमार ने विभिन्न आजीविका गतिविधियों और इनके माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने खूंटी स्थित पलाश मार्ट का दौरा किया। यहां उन्होंने पलाश दीदी किचन, बेकरी यूनिट और महिलाओं की ओर से संचालित विभिन्न उद्यमों को देखा। छात्रों ने उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग और विपणन की प्रक्रिया को समझते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका का अध्ययन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्र-छात्राओं को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत संचालित आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, कृषि आधारित गतिविधियों तथा ग्रामीण उद्यमिता के सफल मॉडलों को जमीनी स्तर पर समझने का अवसर मिला। छात्रों ने इस अनुभव को ग्रामीण विकास की व्यवहारिक समझ के लिए उपयोगी बताया।

## मृतक बीएसएल कर्मी के आश्रित को नौकरी नहीं मिली तो होगा बड़ा आंदोलन : लंबोदर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो में 8 दिन पहले मौत हुए बोकारो स्टील प्लांट कर्मी के आंदोलन आज भी जारी है। आज आजसू के गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो आज आंदोलन स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने कहा कि अगर नियोजन नहीं दिया जाता है मृतक परिवार के आश्रित को तो उससे बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन की होगी। इस दौरान मृतक के परिजन के साथ साथ आश्रित के परिजन और स्थानीय विस्थापितों ने प्लांट के ए डी एम बिल्डिंग के गेट को जाम कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षा को लेकर सीआईएसएफ के जवान भी तैनात थे। बताते चले कि बोकारो स्टील प्लांट में पिछले दिन 30 जून को हुए हादसे के बाद इलाज के दौरान बोकारो स्टील प्लांट कर्मी की मौत 8 दिन पहले इलाज के दौरान हो गई। तबसे शव बी जी एच के मर्चरी में रखा हुआ है और परिजनों का आंदोलन लगातार जारी है। मृतक की पत्नी अनशन पर बैठी हुई है। वही गुस्साए विस्थापित और परिजनों ने बोकारो स्टील प्लांट के ए डी एम बिल्डिंग के गेट को जाम कर दिया है। वही आजसू के पूर्व विधायक लम्बोदर महतो ने बीएसएल प्रबंधन के रवैए को तानाशाही बताते हुए कहा कि आज एक आदिवासी महिला अनशन पर है जहां उसका पति सुभाष मोदी हो बीएसएल के ही कर्मी थे उनका प्लांट में हादसे के दौरान घायल हो जाने की वजह से इलाज के दौरान मौत हो गई। नियम के अनुसार परिजन के एक सदस्य को प्लांट में नियुक्ति मिलनी चाहिए लेकिन नहीं मिल रहा है इसमें न तो सरकार और न ही जिला प्रशासन संवेदनशील है। साथ ही यूनियन भी न्याय दिलाने में गंभीर नहीं है ऐसे में आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि वो केंद्र सरकार से भी बात करे ताकि न्याय मिल सके।

## डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर के लिए सेक्टर-4 तैयार, 1700 खिलाड़ियों की होगी मेजबानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 में आयोजित होने वाले डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। इस भव्य खेल आयोजन में डीएवी बीएनएस गिरिडीह, डीएवी सीसीएल गिरीडीह, डीएवी बीएनएस जुनियर विंग गिरीडीह, डीएवी डोरी, डीएवी इस्पात 12/ई, डीएवी इस्पात 2/सी, डीएवी इस्पात 8/बी, डीएवी इस्पात 9/ई, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-4, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर -6 के लगभग 1700 खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा, कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन करने के लिए शिरकत करेंगे। खिलाड़ियों के स्वागत, आवासन, खान-पान, सुरक्षा तथा प्रतियोगिताओं के सुचारु संचालन को लेकर विद्यालय प्रबंधन द्वारा व्यापक और पुख्ता तैयारियाँ की जा रही हैं। खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय के प्लेग्राउंड, टेनिस कोर्ट एवं अन्य खेल परिसरों को सुव्यवस्थित किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक छोटी-बड़ी आवश्यकता, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य एवं शिक्षक पूरी तत्परता, सजगता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, ताकि प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट एवं यादगार अनुभव प्राप्त हो सके। क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के विभिन्न मुकाबलों के लिए बोकारो के अलग-अलग डीएवी विद्यालयों में खेल स्थलों का चयन किया गया है। डीएवी पब्लिक स्कूल, इस्पात सेक्टर-2/सी में वॉलीबॉल, खो-खो एवं योग; डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8/बी में हैंडबॉल, क्रिकेट एवं कबड्डी; डीएवी पब्लिक स्कूल, इस्पात सेक्टर-12/ई में शतरंज तथा डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6 में फुटबॉल, ताइक्वांडो, कराटे एवं कुंगफू की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।

## होमगार्ड जवानों के लिए 365 दिन ड्यूटी की मांग तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक सुप्रीम कोर्ट परिसर स्थित एसोसिएशन के विधिक सलाहकार एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभय कांत मिश्रा के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी, प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी सहित संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में झारखंड के होमगार्ड जवानों की वर्षों से चली आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से प्रत्येक होमगार्ड को वर्षभर समान अवसर के साथ 365 दिवस ड्यूटी उपलब्ध कराने हेतु पारदर्शी, समान एवं न्यायसंगत ड्यूटी आवंटन एवं तैनाती नीति बनाए जाने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस संबंध में राज्य सरकार के समक्ष विस्तृत प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया जाएगा। यदि सरकार युक्तिसंगत समयावधि के भीतर आवश्यक नीति का निर्माण नहीं करती है, तो झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर कर उचित न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करेगा। इसके लिए राज्य के सभी जिलों से होमगार्ड जवानों की ड्यूटी, तैनाती एवं अन्य आवश्यक तथ्यों का संकलन किया जाएगा, जिससे सरकार एवं न्यायालय के समक्ष तथ्यात्मक एवं सशक्त पक्ष प्रस्तुत किया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि यह अभियान किसी व्यक्ति या विभाग के विरुद्ध नहीं, बल्कि झारखंड के प्रत्येक होमगार्ड जवान को समान अवसर, पारदर्शी व्यवस्था एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण दिलाने के लिए है। हम सभी जवानों से एकजुट होकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हैं।

# एमजीएम के दो जूनियर डॉक्टर गहरे पानी में डूबे, तलाश जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** बोडाम थाना क्षेत्र स्थित शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल डिमना लेक में शुक्रवार तड़के महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दो जूनियर डॉक्टर झील के गहरे पानी में डूब गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई, जबकि एमजीएम मेडिकल कॉलेज में भी चिंता और शोक का माहौल है। पुलिस, प्रशासन, स्थानीय गोताखोरों और राहत-बचाव दल की टीमें लगातार दोनों डॉक्टरों की तलाश में जुटी हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के तीन जूनियर डॉक्टर–सक्षम, समीर और उनके साथी यश शुक्रवार तड़के तीन बजे कार से डिमना लेक घूमने पहुंचे थे। तीनों रेडियल गेट के नीचे बने तालाबनुमा हिस्से के पास बैठे हुए थे। इसी दौरान एक डॉक्टर का मोबाइल फोन पानी में गिर गया। मोबाइल निकालने के प्रयास में वह गहरे पानी में उतर गया और देखते ही देखते डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरा डॉक्टर भी पानी में कूद पड़ा, लेकिन वह भी गहराई में समा गया। तीसरा साथी यश किसी तरह खुद को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहा। घटना के तुरंत बाद यश ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और बोडाम थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। शुक्रवार सुबह से झील में व्यापक स्तर पर खोजबीन की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक दोनों डॉक्टरों का कोई पता नहीं चल सका था। बताया जा रहा है कि रेडियल गेट के नीचे बना यह तालाबनुमा गड्ढा काफी गहरा है और पानी की स्थिति भी सामान्य नहीं होने के कारण राहत एवं बचाव अभियान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गोताखोर लगातार गहराई में तलाश कर रहे हैं, वहीं आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बचाव संसाधनों की भी मदद ली जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही एमजीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य का जायजा लिया। बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर, मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी तथा स्थानीय लोग भी डिमना लेक पहुंच गए। अपने साथियों के लापता होने की खबर से अस्पताल परिसर में भी मायूसी छा गई है। पुलिस ने घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह हादसा प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। दोनों डॉक्टरों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है और प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही अभियान में सफलता मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राधानगर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** राधानगर थाना पुलिस ने मारपीट, हत्या के प्रयास एवं छेड़खानी जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार राधानगर थाना कांड संख्या 260/26 के प्राथमिकी अभियुक्त पश्चिमी उधवा निवासी मंसूर शेख के विरुद्ध मारपीट, हत्या के प्रयास, छेड़खानी सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है। थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अभियुक्त अपने ठिकाने पर मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके ठिकाने पर छापेमारी की और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शुक्रवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में साहिबगंज मंडल कारा भेज दिया गया।

### घूरती रथ मेला के अवसर पर हुनरवाजों को किया गया सम्मानित



**रांची :** छात्र क्लब श्रमिक कल्याण मंच(यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान मे घूरती रथ मेला के शुभअवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा के अध्यक्षता में दि हैमर इंटीरियर्स, हरमू रोड होंडा शोरूम के सामने,किशोरगंज,रांची मे किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर क्लब के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांस एवं मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा उर्फ राजू उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान, काष्ठकला, इंटीरियर होम डेकोरेटर,कंप्यूटर शिक्षा, मेंहदी आर्ट आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले हुनरवाज अवधेश शर्मा, शशिभूषण शर्मा,अरविंद शर्मा,नन्ददेव शर्मा,विद्यानंद शर्मा,स्मृति अग्रवाल, हरिकिशोर शर्मा,विद्यानंद शर्मा को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते हुए हौसला बढ़ाया गया।इसके पूर्व छात्र क्लब ग्रुप के संरक्षक रोहित कुमार के जन्मदिन उत्सव पौधारोपण एवं केक काटकर मनाई गई। मौके पर संतोष कुमार श्रेयांस ने सभी सम्मानित हुनरवाजों के उज्जवल भविष्य की कामना की वही राजेश कुमार शर्मा उर्फ राजू ने भगवान जगन्नाथ जी के जयकारे के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम चौधरी, नमिता देवी,शशिवीणा कुमारी एवं प्रगतिशील विश्वकर्मा सेवा समिति रांची जिला के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मॉर्निंग वॉक पर निकली वृद्धा से दिनदहाड़े चेन झपटी, बाइक सवार बदमाश फरार



**बोकारो :** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र स्थित कैंप-2 इलाके में शुक्रवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली एक वृद्ध महिला से चेन झपटने की घटना सामने आई। घटना सुबह करीब 6:15 बजे की है। पीड़िता रामदुलारी देवी ने बताया कि वह रोज की तरह मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से लाल गमछा बांधे एक युवक ने उनके गले की चेन झपटने की कोशिश की। पहली बार में चेन नहीं निकलने पर महिला सड़क पर गिर गईं। इसके बाद आरोपी ने दोबारा झपट्टा मारकर करीब 10 से 15 ग्राम वजन की सोने की चेन छीन ली। पीड़िता के अनुसार, घटना के दौरान एक अन्य युवक काला गमछा बांधे मोटरसाइकिल पर कुछ दूरी पर खड़ा था। वारदात के बाद दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश निकल चुके थे। सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कर रही है कि वारदात में शामिल आरोपी स्थानीय हैं या बाहर से आए थे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। लगातार हो रही चेन छिनतई की घटनाओं से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

### झारखंड में रामगढ़ जिला पोषण पोटली बांटने में रहा अव्वल

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रामगढ़ जिले में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। उपायुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को बताया कि जिले के लोगों की सहभागिता और निक्षय मित्रों के सहयोग से अभियान को लगातार मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक जिले में 173 निक्षय मित्र अभियान से जुड़ चुके हैं, जिनके सहयोग से टीबी मरीजों को नियमित उपचार और आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि अभियान को और व्यापक बनाने के लिए एक विशेष पहल के तहत निक्षय मित्रों के लिए बैंक खाता भी खोला गया है। इस खाते के माध्यम से जिले के पदाधिकारी, कर्मचारी, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संचालक, निजी संस्थानों के प्रतिनिधि तथा समाजसेवी सहयोग राशि जमा कर निक्षय मित्र बन सकते हैं और टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में अब तक टीबी के संभावित लक्षण वाले 13,195 लोगों की आधुनिक मशीनों से जांच की गई। जांच के दौरान 500 टीबी मरीजों की पहचान की गई, जबकि 16 मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) टीबी मरीज भी चिन्हित किए गए। उन्होंने बताया कि जिले में टीबी मरीजों के उपचार की सफलता दर 98 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो अभियान की प्रभावशीलता को दशार्ती है। उपायुक्त ने बताया कि विशेष अभियान के तहत जिले के 82 हाई-रिस्क गांवों में शिविर आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके मुकाबले 148 शिविर आयोजित कर लक्ष्य से कहीं अधिक उपलब्धि हासिल की गई। इन शिविरों के दौरान 6,710 लोगों का एक्स-रे तथा 2,960 लोगों के बलगम के नमूनों की जांच की गई। जांच के दौरान 14 नए टीबी मरीजों की पहचान कर उनका उपचार तत्काल शुरू कराया गया।

## एक नजर

### राहुल गांधी का भाजपा ने फूंका पुतला, दोहरी नीति का लगाया आरोप



**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला इकाई की ओर से शुक्रवार को केशरी चौक पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध-प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी पर कथित दोहरी नीति अपनाने तथा संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस लगातार सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न कर लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत आचरण कर रही है। उनका आरोप था कि बार-बार हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही प्रभावित हो रही है, जिससे जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा बाधित हो रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद और चर्चा का विशेष महत्व है, लेकिन विपक्ष द्वारा लगातार विरोध और हंगामे की राजनीति की जा रही है। उन्होंने इसे संसदीय मयार्दा के विरुद्ध बताते हुए इसकी निंदा की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह, जिला मंत्री चम्पा साबरी, नगर अध्यक्ष संजय प्रजापति, ग्रामीण अध्यक्ष सुबोध सिंह, दिनेश गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन साह, शिवकुमार चौबे, जितेंद्र पांडेय, अमित सिंह, बबलू, भवानी राय सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### होमगार्ड बहाली में फर्जी दस्तावेजों का आरोप, उपायुक्त से जांच की मांग

**चतरा :** चतरा जिला होमगार्ड बहाली के तहत कुंदा प्रखंड में चयनित कुछ अभ्यर्थियों पर फर्जी दस्तावेजों के उपयोग एवं बहाली प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में कुछ आवेदकों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। शिकायतकताओं का आरोप है कि कई अभ्यर्थियों ने निर्धारित आयु पात्रता पूरी नहीं होने के बावजूद दूसरे विद्यालय से सातवीं कक्षा का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) बनवाकर आवेदन किया है, जबकि संबंधित अभ्यर्थी दसवीं एवं बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण हैं। ऐसे में उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र की सत्यता की जांच कराने की मांग की गई है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ अभ्यर्थियों के विरुद्ध शराब से संबंधित अथवा अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं कुछ अभ्यर्थियों के मूल रूप से बिहार निवासी होने के बावजूद कुंदा प्रखंड का जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाकर बहाली प्रक्रिया में शामिल होने का भी संदेह व्यक्त किया गया है। शिकायत में मुख्य रूप से चंदन कुमार (कुंदा 100353), आशीष कुमार (कुंदा 100471), विशाल कुमार (कुंदां 100422), अमलेश कुमार (कुंदा 100264) सहित अन्य अभ्यर्थियों के नामों का उल्लेख करते हुए उनके दस्तावेजों की जांच की मांग की गई है। आवेदकों ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि चयनित सभी अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी), जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र का गहन सत्यापन कराया जाए। यदि जांच में किसी अभ्यर्थी द्वारा फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने की पुष्टि होती है तो उसे बहाली प्रक्रिया से बाहर किया जाए, ताकि योग्य एवं पात्र अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। शिकायतकताओं ने कहा है कि बहाली प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनीं फरियादें अधिकारियों को त्वरित समाधान का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाए तथा उनके निष्पादन की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। जनता दरबार के दौरान पत्थलगड्डा प्रखंड के बरवाडीह निवासी लगभग 63 वर्षीय मोहम्मद अब्दुल रौफ ने उपायुक्त को बताया कि राशन कार्ड होने के बावजूद उन्हें राशन का लाभ नहीं मिल रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने तत्काल जिला आपूर्ति विभाग के संबंधित पदाधिकारी को जांच का निर्देश दिया। जांच में पाया गया कि लाभुक का ई-केवाईसी (ज्ञल्ब) लंबित होने के कारण राशन वितरण बाधित था। इसके बाद मौके पर ही उनका ई-केवाईसी पूर्ण कराते हुए समस्या का तत्काल समाधान कराया गया, जिससे उन्हें राशन का लाभ मिलने लगा। समस्या के त्वरित समाधान पर मोहम्मद अब्दुल रौफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन ने बताया कि समाहरणालय परिसर में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जहां आमजन अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## प्रतापपुर के प्लस टू मॉडल विद्यालय भवन निर्माण की होगी जांच, डीसी ने बनाई तीन सदस्यीय समिति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**प्रतापपुर :** सोशल मीडिया पर वायरल समाचार के बाद जिला प्रशासन ने प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू मॉडल उच्च विद्यालय के भवन निर्माण में कथित अनियमितता एवं घटिया निर्माण की शिकायत को गंभीरता से लिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, चतरा रवि आनंद ने पत्रांक-640, दिनांक 22 जुलाई 2026 के माध्यम से मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। प्रशासन के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण लगभग 3.60 करोड़ रुपये की लागत से करीब तीन वर्ष पूर्व कराया गया था। शिकायत में कहा गया है कि भवन के कई हिस्सों में प्लास्टर उखड़ने लगा है तथा दीवारों में दरारें दिखाई दे रही हैं। इससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। मामले की तकनीकी एवं भौतिक जांच के लिए गठित समिति में अनुमंडल पदाधिकारी, चतरा, जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा तथा सहायक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा को शामिल किया गया है। समिति को भवन की तकनीकी स्थिति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा संबंधित संवेदक की भूमिका की विस्तृत जांच कर साक्ष्य एवं स्पष्ट मंतव्य सहित 10 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा को भी जांच समिति को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि जांच निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित भवन में इतनी कम अवधि में आई दरारों और उखड़ते प्लास्टर के लिए कौन जिम्मेदार है।

## मां भद्रकाली मंदिर के लिए नई न्यास समिति गठित, पांच वर्षों तक संभालेगी जिम्मेदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी :** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास परिषद, झारखंड सरकार ने इटखोरी स्थित ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर के सुचारु प्रबंधन एवं संचालन के लिए नई न्यास समिति के पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना परिषद के अध्यक्ष जय शंकर पाठक के हस्ताक्षर से 23 जुलाई 2026 को जारी की गई। अधिसूचना के अनुसार, पूर्व में मां भद्रकाली मंदिर, इटखोरी के प्रबंधन के लिए गठित न्यास समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया है। यह कार्रवाई झारखंड उच्च न्यायालय, रांची द्वारा पारित आदेश तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चतरा को प्रबंध न्यासी के रूप में दायित्व सौंपे जाने के आलोक में की गई है। नई न्यास समिति का कार्यकाल आगामी पांच वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है। समिति मंदिर के कुशल प्रबंधन, संचालन, आय-व्यय के पारदर्शी संचालन, संपत्ति की सुरक्षा एवं धार्मिक गतिविधियों के संचालन का दायित्व निभाएगी। साथ ही मंदिर के समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना (स्कीम) तैयार कर तीन माह के भीतर झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास परिषद को उपलब्ध करानी होगी। अधिसूचना के अनुसार मां भद्रकाली मंदिर इटखोरी की नई न्यास समिति के अध्यक्ष यदुवेंद्र कुमार चौहान , कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरी प्रसाद यादव, सचिव योगेन्द्र सिंह, कोषध्यक्ष प्रकाश राम, जबकी सदस्य की ज्मिमेवारी अनिल कुमार सिंह, जुगेश्वर दांगी, रत्नेश्वर प्रसाद शर्मा, श्याम प्रसाद सिंह, विजय कुमार चौरसिया, बालगोविंद राम को दी गई है। नई न्यास समिति मंदिर की संपत्ति एवं आय का संरक्षण, बैंक खातों का नियमित संचालन, आय-व्यय का लेखा-जोखा, दान-पत्रों का संधारण, श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था, मंदिर के समग्र विकास, धार्मिक आयोजनों का सुचारु संचालन तथा वार्षिक बजट एवं विवरण परिषद को उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी होगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नई समिति से मंदिर के पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपेक्षा जताई गई है।

## भारतीय सेना में चयनित मुकेंद्र खरवार का गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत, ग्रामीणों ने फूल-माला पहनाकर किया सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कान्हाचट्टी :** कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत जशपुर गांव निवासी शंभू सिंह खरवार के पुत्र मुकेंद्र खरवार के भारतीय सेना में चयन के बाद छह माह का प्रशिक्षण पूरा कर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। गांव में खुशी का माहौल रहा और लोगों ने फूल-माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। मुकेंद्र खरवार एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता शंभू सिंह खरवार वर्षों तक बाहर रहकर मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते रहे हैं। बड़े भाई मुकेश सिंह होमगार्ड में कार्यरत हैं। मुकेंद्र की सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का वातावरण है। समाजसेवी सिकेंद्र खरवार के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में तुलबुल, कर्मा, कंदरी, केंदुवा, सहोर और जशपुर गांव के महिलाओं, पुरुषों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और देश सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाजसेवी सिकेंद्र खरवार ने कहा कि मुकेंद्र खरवार ने पूरे खरवार समाज, गांव और सुदूरवर्ती क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम में मुकेंद्र के ट्रेनर योगी स्टार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि मुकेंद्र ने उनकी अकादमी में दौड़ एवं शारीरिक दक्षता की कठिन तैयारी की थी और अपनी मेहनत के बल पर भारतीय सेना में स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि मुकेंद्र की सफलता अन्य युवाओं को भी सेना सहित विभिन्न प्रतियोगी क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। इस अवसर पर नरेश सिंह खरवार, तुलबुल हाई स्कूल के शिक्षक फुलेश्वर सिंह, अशोक पासवान, गोविन्द यादव, प्यारी पासवान, सुनील खरवार, किरण कुमारी, ब्रामदेव पासवान, पंचायत के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सहिया चयन में अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने उपायुक्त से की निष्पक्ष जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र की लमटा पंचायत अंतर्गत आतमपुर गांव में स्वास्थ्य सहिया के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा पुनः ग्रामसभा आयोजित कर नए सिरे से स्वास्थ्य सहिया का चुनाव कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की पूर्व स्वास्थ्य सहिया के सहिया साथी के रूप में चयनित होने के बाद नए स्वास्थ्य सहिया का चयन किया जाना था। इसके लिए नियमानुसार ग्रामसभा आयोजित कर ग्रामीणों की सर्वसम्मति से योग्य उम्मीदवार का चयन किया जाना आवश्यक था। लेकिन बिना विधिवत ग्रामसभा आयोजित किए ही पूर्व स्वास्थ्य सहिया ने अपने रिश्ते की भाभी का चयन कर उसका नाम संबंधित विभाग को भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि चयन प्रक्रिया में गांव के लोगों की सहमति नहीं ली गई और सरकारी नियमों की अनदेखी की गई। इससे गांव में नाराजगी का माहौल है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य सहिया जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति पूरी पारदर्शिता एवं ग्रामसभा की उपस्थिति में होनी चाहिए, ताकि योग्य और सर्वमान्य उम्मीदवार का चयन सुनिश्चित हो सके। मामले को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा पुनः ग्रामसभा आयोजित कर स्वास्थ्य सहिया का चुनाव कराने की मांग की है। वहीं, स्थानीय पंचायत के मुखिया ने भी कहा कि यदि चयन प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायत मिली है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए गांव में दोबारा ग्रामसभा आयोजित कर स्वास्थ्य सहिया का चुनाव कराया जाना उचित होगा।

# पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर विवाद ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हंटरगंज :** हंटरगंज प्रखंड के डाहा पंचायत अंतर्गत ग्राम बिहिया टोला सरहचिया (पहाड़ी टोला) में निमार्णाधीन पीसीसी सड़क को लेकर विवाद गहरा गया है। सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने और वर्षों पुराने सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण की कोशिश का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उपायुक्त चतरा को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य सड़क से लखन मिस्त्री के घर तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसी दौरान गांव के ही सचितानंद यादव पिता वासुदेव यादव द्वारा निर्माण कार्य में जानबूझकर बाधा उत्पन्न करने, सड़क निर्माण रुकवाने तथा रास्ता बंद करने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस रास्ते पर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, उसका उपयोग गांव के लोग कई पीढ़ियों से आवागमन के लिए करते आ रहे हैं। अब उसी रास्ते पर अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पूरे गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत पूर्व में हंटरगंज अंचल कार्यालय में भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग करनी पड़ी। उन्होंने सड़क निर्माण में उत्पन्न बाधा को तत्काल हटाने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि विकास कार्य बिना किसी रुकावट के पूरा हो सके। वहीं, दूसरे पक्ष के सचितानंद यादव ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उन्होंने अपने निजी भूखंड से लगभग आठ फीट चौड़ी कच्ची सड़क पहले से ही ग्रामीणों के आवागमन के लिए उपलब्ध कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत करने वाले कुछ लोगों ने स्वयं कच्ची सड़क पर मकान और ढाबा बनाकर सड़क की चौड़ाई कम कर दी है। उनका यह भी कहना है कि संबंधित रास्ता सर्वे रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है, फिर भी उन्होंने गांव के हित में अपनी जमीन से आवागमन की सुविधा दी है। इधर, हंटरगंज के अंचलाधिकारी ऋतिक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद तत्काल राजस्व कर्मचारी, सीआई एवं अमीन को जांच के लिए भेजा गया था। जांच में संबंधित भूमि गैरमजरूआ पाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर लेते हैं तो बेहतर होगा, अन्यथा नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 709 ग्राम अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बाइक व दो स्मार्टफोन भी जब्त




**सिमरिया/ गिद्धौर :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग स्थित बेलगाछ के पास छापेमारी कर दो अफीम तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने उनके पास से 709 ग्राम अर्धठोस अफीम, एक मोटरसाइकिल और दो स्मार्टफोन बरामद किए हैं। मामले की जानकारी देते हुए सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (आईपीएस) शुभम नागरगोजे भाऊसाहेब ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि लाल-काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक भारी मात्रा में अफीम लेकर इटखोरी-चतरा मार्ग से चौपारण की ओर बिक्री के लिए जा रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ सिमरिया के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें गिद्धौर के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव तथा थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री शामिल थे। टीम ने बेलगाछ के समीप घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका और तलाशी के दौरान प्लास्टिक में रखी 709 ग्राम अर्धठोस अफीम बरामद की। गिरफ्तार तस्करों की पहचान दयानंद कुमार एवं रामप्रवेश कुमार, दोनों निवासी ग्राम उंटा, थाना सदर, जिला चतरा के रूप में हुई है। इस संबंध में गिद्धौर थाना कांड संख्या 83/2026 दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच और छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी दल में गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

### निमार्णाधीन पीसीसी सड़क की साइड फिलिंग पर उठे सवाल, जांच की मांग



**हंटरगंज :** हंटरगंज प्रखंड की पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत धरधरी छठ घाट के समीप जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफटी) मद से निमार्णाधीन पीसीसी सड़क में साइड फिलिंग कार्य को लेकर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के दोनों किनारों पर साइड फिलिंग निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में यदि सड़क के किनारों की समुचित साइड फिलिंग नहीं की गई तो कटाव होने की संभावना बढ़ जाएगी, जिससे नई सड़क को भी नुकसान पहुंच सकता है। लोगों ने आशंका जताई कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने से सरकारी राशि का उद्देश्य प्रभावित होगा और सड़क की आयु भी कम हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग निर्माण कार्य का तत्काल निरीक्षण कर तकनीकी मानकों के अनुरूप साइड फिलिंग सुनिश्चित कराए, ताकि सड़क लंबे समय तक सुरक्षित एवं उपयोगी बनी रहे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा जिम्मेदार एजेंसी को मानकों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### एफपीओ में किसानों के बीच 10 हजार गेंदा फूल के पौधों का वितरण



**गिद्धौर :** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेर्नाइजेशन) में शुक्रवार को एफटीसी अनिल प्रजापति के नेतृत्व में किसानों के बीच गेंदा फूल के पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 10 हजार गेंदा फूल के पौधे दर्जनों किसानों एवं महिला किसानों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें फूलों की व्यावसायिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना था। एफटीसी अनिल प्रजापति ने कहा कि गेंदा फूल की खेती कम लागत में बेहतर आय का माध्यम बन सकती है। यदि किसान और विशेष रूप से महिलाएं संगठित होकर फूलों की खेती करें तो वे आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अपनी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती हैं। उन्होंने किसानों को गेंदा फूल की वैज्ञानिक खेती, पौधों की देखभाल एवं बेहतर उत्पादन के तरीकों की भी जानकारी दी। साथ ही कहा कि आने वाले समय में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ममता देवी, मालती देवी, अरुण कुमार, युगेश्वर दांगी सहित दर्जनों किसान एवं महिला किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए फूलों की खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

### फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** गोलमुरी थाना क्षेत्र के टिनप्लेट सब्जी मार्केट में 18 जुलाई की शाम रंगदारी को लेकर हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा और घटना में इस्तेमाल की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। शुक्रवार को सिटी एसपी ललित कुमार मीणा ने प्रेस वार्ता में बताया कि टिनप्लेट सब्जी मार्केट में एक दुकानदार से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। गदारी की रकम नहीं मिलने पर आरोपियों ने दुकानदार को जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की थी। घटना के बाद गोलमुरी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



## खुशकिस्मत हूं की टाइपकास्ट नहीं हुई

रसिका दुगल ने गहरे और हटकर किरदारों को चुनकर अपना करियर बनाया है। लेकिन वह मानती हैं कि एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि उनका करियर किस दिशा में जा रहा है। जहां 'मिर्जापुर' ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई, वहीं रसिका का कहना है कि 'मंटो' ने उन्हें उनके करियर के सबसे मुश्किल दौर से बाहर निकाला। रसिका ने उन किरदारों के बारे में बात की जिन्होंने उनकी जिंदगी बदल दी।

### 'मंटो' ऐसे समय में मिली जब सबसे ज्यादा जरूरत थी

बातचीत में अपने करियर के लिए सबसे अहम प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए रसिका ने कहा कि 'मिर्जापुर' बेशक सबसे ज्यादा लोगों तक पहुंची। लेकिन 'मंटो' ऐसे समय में मिली जब मुझे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। एक ऐसा प्रोजेक्ट जिसमें लोगों ने मुझे एक अलग नजरिए से देखा और जो बहुत बड़े दर्शकों तक पहुंचा, वह निश्चित रूप से 'मिर्जापुर' था। लेकिन मुझे लगता है कि जिस चीज ने मुझे उस मुश्किल दौर से बाहर निकाला, वह 'मंटो' थी।
रसिका का कहना है कि वह खुशकिस्मत रहीं कि एक ही तरह के किरदारों में बंधकर नहीं रह गईं। 'मिर्जापुर' में एक्टर्स को उनके किरदारों के नाम से जाना जाता है। लेकिन मैं लकी थी क्योंकि 'मंटो', 'मिर्जापुर' और 'दिल्ली क्राइम' लगभग एक ही समय पर रिलीज हुए थे। 'दिल्ली क्राइम' और 'मिर्जापुर' में बिल्कुल अलग-अलग किरदार थे। इसलिए मैं खुशकिस्मत थी कि मुझे उस विविधता को आजमाने और दिखाने का मौका मिला। दोनों ने अपने-अपने तरीके से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। 'दिल्ली क्राइम' एक बहुत ही शानदार शो है। रसिका ने माना कि टाइपकास्टिंग से बचना हमेशा उनकी प्राथमिकता नहीं थी।



# लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप को लेकर शहनाज गिल ने बताया अपना अनुभव

**बॉलीवुड अभिनेत्री शहनाज गिल ने हाल ही में लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इसे लेकर मन में एक डर आता है।**

जब शहनाज से पूछा गया कि क्या दूर रहने से प्यार बढ़ता है या कम हो जाता है? इस पर उन्होंने कहा, 'जब दो लोग एक-दूसरे से दूर होते हैं, तो प्यार और पार्टनर की अहमियत बढ़ जाती है। लेकिन इसके साथ ही एक डर भी मन में आता है कि सामने वाला इंसान पीठ पीछे क्या कर रहा होगा। इसलिए दूरी से शक भी बढ़ जाता है।' शहनाज ने कहा, 'मेरा मानना है कि अगर प्यार सच्चा हो और पार्टनर पास हो, तो रिश्ते में किसी दूरी की जरूरत नहीं होती।'

### आज के दौर में प्यार

जब शहनाज से पूछा गया कि आज के डेटिंग ऐप्स के जमाने में क्या ऐसा सच्चा प्यार मुमकिन है? तो उन्होंने कहा कि प्यार किसी भी तरह का हो, चाहे पुराने जमाने का या आज के दौर का बस दिल में सच्चा प्यार होना चाहिए।
फिल्म 'इश्कनामा' एक सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। यह फिल्म निम्मा और नसीमा नाम के दो प्रेमियों की असल जिंदगी की कहानी है। इसकी कहानी 1981 से 1988 के बीच भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के आस-पास की है, जो प्यार, उनके त्याग और मजबूरी में अलग होने के दर्द को दिखाती है।

### किस किताब पर आधारित है 'इश्कनामा'

फिल्म 'इश्कनामा', 'हिंद पाक बॉर्डरनामा' नाम की किताब पर बनी बताई जा रही है। इस फिल्म में शहनाज गिल के साथ जय रंधावा और सौरभ सचदेवा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म के डायरेक्टर अरविंद एस. खैरा हैं। फिल्म का म्यूजिक बी प्राक ने दिया है और गाने जानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 24 जुलाई को भारत, कनाडा और यूके समेत दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# रियलिटी शो में आता है कलाकारों का असली चेहरा, किरदार से अलग होती है पहचान

**टीवी अभिनेत्री ईशा सिंह 'बिग बॉस 18' में नजर आने के बाद काफी सुर्खियों में रही हैं। अब उन्होंने रियलिटी शो और एक्टिंग की दुनिया के बीच के फर्क को लेकर अपनी राय साझा की है।**

उनका मानना है कि रियलिटी शो कलाकार के असली स्वभाव को समझने का मौका देते हैं। जब कोई कलाकार रियलिटी शो में आता है तो दर्शक उसे उसके निभाए किरदारों से अलग एक इंसान के रूप में जान पाते हैं। इंटरव्यू में ईशा सिंह से जब पूछा गया कि क्या रियलिटी शो किसी अभिनेता या अभिनेत्री को ज्यादा लोकप्रिय बनाने में मदद करते हैं, इस पर उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि इससे किसी कलाकार की लोकप्रियता कितनी बढ़ती है, लेकिन दर्शकों को अपने पसंदीदा सितारों की निजी जिंदगी के बारे में जानने में हमेशा दिलचस्पी रहती है। लोग बिहाइंड द सीन्स जैसी चीजें इसलिए देखना पसंद करते हैं, क्योंकि वे कलाकार को और करीब से जानना चाहते हैं। जब कोई कलाकार किसी रियलिटी शो में आता है तो दर्शकों को उसके असली स्वभाव, व्यवहार और पसंद-नापसंद को समझने का मौका मिलता है।''
अभिनेत्री ने उदाहरण देते हुए कहा, ''दर्शक मेरे निभाए किरदारों जैसे जुही और सैयम को जानते हैं, लेकिन असल जिंदगी में ईशा कैसी हैं, उनका व्यवहार कैसा है और वह किस तरह की इंसान हैं, यह जानने का मौका रियलिटी शो से ही मिलता है। रियलिटी शो में कोई किरदार नहीं होता और न ही कोई अभिनय का पर्दा होता है, बल्कि वहां कलाकार खुद के रूप में सामने आता है।''
ईशा सिंह ने कहा, ''यही वजह है कि दर्शकों का कलाकारों के साथ एक अलग जुड़ाव बन जाता है। लोग सिर्फ किसी कलाकार का काम ही नहीं देखना चाहते, बल्कि यह भी जानना चाहते हैं कि वह अपनी निजी जिंदगी में कैसा है। दर्शकों को यह जानने में भी दिलचस्पी होती है कि कोई कलाकार क्या पहनता है, कैसे तैयार होता है, क्या खाता है और उसका व्यवहार कैसा है।''
उन्होंने आगे कहा, ''रियलिटी शो और फिक्शन शो दो बिल्कुल अलग चीजें हैं। दोनों का अपना अलग महत्व और अलग दर्शक वर्ग होता है। रियलिटी शो में कलाकार का निजी पक्ष सामने आता है, जबकि अभिनय में कलाकार किसी कहानी और किरदार को जीता है। रियलिटी शो की अपनी अलग ऑडियंस होती है। आज कई तरह के रियलिटी शो बनाए जा रहे हैं। लेकिन एक्टिंग पूरी तरह अलग चीज है। यह बिल्कुल अलग तरह का क्षेत्र है।''



# 'आर्टिकल 370' के लिए नेशनल अवॉर्ड मैं जिंदगी भर याद रखूंगी




अभिनेत्री यामी गौतम को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री घोषित किया गया है। उन्हें फिल्म 'आर्टिकल 370' में बेहतरीन अदाकारी करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इसके अलावा उनकी फिल्म 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया है। इस कामयाबी से अभिनेत्री खुश हैं। पुरस्कार मिलने पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी है। अभिनेत्री ने पुरस्कार मिलने के बाद एक्स पर लिखा 'हर सफर में एक ऐसा पल आता है, जो आपको याद दिलाता है कि आपने हार क्यों नहीं मानी। आज मेरे लिए वही पल है। 'आर्टिकल 370' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलना मेरे लिए एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं जिंदगी भर याद रखूंगी।' उन्होंने आगे लिखा 'चौदह वर्षों से, मैंने बस अपने काम के प्रति ईमानदार रहने, ईमानदारी से काम करने और अपनी परफॉर्मेंस को ही अपनी पहचान बनाने की कोशिश की है। यह सम्मान उम्मीद, हिम्मत, मजबूती और सिनेमा के लिए अटूट प्यार से भरे सफर का नतीजा लगता है। यह एक ऐसा सपना है, जिसे मैंने वर्षों से अपने दिल में संजोकर रखा था और आज, मैं इसे बहुत आभार और विनम्रता के साथ स्वीकार कर रही हूं।'

### यामी ने जताया आभार

उन्होंने फिल्म 'आर्टिकल 370' को चुनने के लिए और इसे पुरस्कार देने के लिए आभार जताया है। उन्होंने लिखा 'मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे शुभचिंतकों और उन सभी लोगों का शुक्रिया जिन्होंने उतार-चढ़ाव के हर दौर में मुझ पर भरोसा किया। आपके भरोसे ने मुझे आगे बढ़ते रहने की हिम्मत दी, तब भी जब मंजिल बहुत दूर लगती थी।'

# 'आर्टिकल 370' को तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने पर गदगद हैं आदित्य धर



**बीते दिनों 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम का एलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का एलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने रिएक्शन दिया है।**

### आदित्य धर ने जताई खुशी

बता दें कि 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार साल 2024 के लिए प्रदान किए जाएंगे। विजेताओं का एलान हो चुका है। 'आर्टिकल 370' को तीन पुरस्कार मिलने पर आदित्य धर गदगद हैं। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण किया है। 'धुरंधर' डायरेक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे।

### शब्दों में बयां करना मुश्किल

आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है।

### ऐसी कहानियां सुनाते रहेंगे

आदित्य ने आगे लिखा है, 'जियो स्टूडियोज में हमारे पार्टनर्स, खासकर ज्योति देशपांडे का दिल से शुक्रिया, जिन्होंने अटूट भरोसे के साथ इस फिल्म का साथ दिया और सार्थक सिनेमा को बढ़ावा दिया। पुरस्कार मिलना खुशी तो है ही, साथ ही वे आगे की जिम्मेदारी की याद भी दिलाते हैं। यह सम्मान हमारे इस भरोसे को और मजबूत करता है कि ईमानदारी, पक्के इरादे और मकसद के साथ कही गई कहानियां हमेशा अपनी जगह बना ही लेती हैं। यह मंजिल नहीं है। यह एक वादा है कि हम नई सीमाएं तय करते रहेंगे, ऐसी कहानियां सुनाते रहेंगे, जो मायने रखती हैं और ऐसा सिनेमा बनाते रहेंगे जो बातचीत शुरू करे। भावनाओं को जगाए और एक गहरी छाप छोड़े। दिल की गहराइयों से... धन्यवाद। यह सम्मान हम सभी का है। जय हिंद'।

### यामी और प्रियामणि के अभिनय को सराहा



इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया। आपके प्यार ने इस फिल्म को स्क्रीन से परे एक नई जिंदगी दी। यह सम्मान हमारे बेहतरीन डायरेक्टर, आदित्य सुहास जांभले का है, जिनकी सोच और पक्के इरादे ने हर फ्रेम को आकार दिया। यामी गौतम और प्रियामणि का भी शुक्रिया, जिन्होंने अपनी एक्टिंग में इतनी गहराई, मजबूती और सच्चाई दिखाई। शाश्वत सचदेव का भी धन्यवाद, जिनका संगीत हमारी कहानी कहने की कला की जान बन गया। हमारी कास्ट और क्रू के हर सदस्य का भी शुक्रिया, जिनकी लगातार मेहनत, जुनून और भरोसे ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया'।

# चाइना ओपन में सिंधु को करना पड़ा हार का सामना

## पीवी दूसरे गेम में चार मैच पॉइंट भी नहीं भुना पाईं



**नई दिल्ली।** जापान ओपन सुपर 1000 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु चाइना ओपन में अपना विजयी अभियान जारी नहीं रख पाईं। दूसरे दौर में उन्हें मेजबान चीन की चेन युफेई के खिलाफ 21-16, 20-22, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।पीवी सिंधु दूसरे गेम में चार मैच पॉइंट भी नहीं भुना पाईं। इसके बाद युफेई ने शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का चाइना ओपन सुपर 1000 में सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया।

**शानदार शुरुआत, पहले गेम में की दमदार वापसी**– पीवी सिंधु के लिए मुकाबले की शुरुआत आसान नहीं रही। वह पहले गेम में 6-12 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि चेन युफेई आसानी से बढ़त बना लेंगी, लेकिन कोच इरवांश्या के मार्गदर्शन के बाद पीवी सिंधु ने अपनी रणनीति बदली और लगातार क्रॉस-कोर्ट शॉट्स से चीनी खिलाड़ी को कोर्ट के एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ाया।

● **दूसरे गेम में 4 मैच पॉइंट भी नहीं दिला सके जीत**– दूसरे गेम में भी पीवी सिंधु पूरे समय हावी रहीं। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और एक समय स्कोर 20-16 कर लिया। यानी उनके पास मुकाबला खत्म करने के लिए चार मैच पॉइंट थे, लेकिन यहीं से मैच का रुख बदल गया। ओलंपिक चैंपियन रह चुकीं चेन युफेई ने जबरदस्त धैर्य दिखाया और लगातार छह अंक जीतकर गेम 22-20 से नाम कर लिया। इस दौरान पीवी सिंधु ने कुछ जल्दबाजी भरे फैसले किये और दो बार शटल को बाहर समझकर छोड़ दिया, लेकिन वह लाइन के अंदर गिरी।

● **निर्णायक गेम में 15-13 की बढ़त भी नहीं बचा सकीं**– निर्णायक गेम में भी पीवी सिंधु ने हार नहीं मानी। पीवी सिंधु ने 15-13 तक बढ़त बना ली थी और जीत की ओर बढ़ती दिख रही थीं। हालांकि, लगातार सातवां मैच खेल रही पीवी सिंधु पर थकान साफ दिखाई देने लगी। पीवी सिंधु के स्मैश में पहले जैसी ताकत नहीं रही और कई आक्रमण नेट में फंस गए। दूसरी ओर, घरेलू दर्शकों के समर्थन से खेल रहीं चेन युफेई ने आत्मविश्वास के साथ वापसी की और लगातार अंक जुटाते हुए तीसरा गेम 21-18 से जीत लिया।

● **सुधार की जरूरत भी आई सामने**– इस मुकाबले ने यह भी दिखाया कि पीवी सिंधु का आक्रामक खेल अब भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की क्षमता रखता है। हालांकि, मैच खत्म करने के अहम मौकों पर संयम बनाए रखना उनके लिए अभी बड़ी चुनौती है। चार मैच पॉइंट हासिल करने के बाद मिली यह हार पीवी सिंधु के लिए निराशाजनक जरूर रही, लेकिन जापान ओपन के खिताब और चाइना ओपन में चेन युफेई जैसी मजबूत खिलाड़ी के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने यह संकेत भी दिया कि वह फिर अपनी सर्वश्रेष्ठ लय की ओर लौट रही हैं।

# दिग्गज विश्वनाथन आनंद बने फिडे के अंतरिम अध्यक्ष

**लॉजेन, एजेंसी।** भारत के महान शतरंज खिलाड़ी और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (फिडे) का अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया है। रूसी प्रमुख अर्कांडी द्वोरकोविच को यूरोपीय संघ (ईयू) की नवीनतम प्रतिबंध सूची में शामिल किए जाने के कारण यह फैसला लिया गया है।

### क्या है पूरा मामला



यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोपीय संघ और उसके सहयोगी देशों ने रूस के खिलाफ कई आर्थिक और राजनीतिक प्रतिबंध लगाए हैं। अब ईयू ने प्रतिबंधों का 21वां पैकेज जारी किया है। इसमें 48 लोगों और 170 संस्थाओं सहित कुल 218 नए नाम जोड़े गए हैं।युद्ध शुरू होने के बाद यह अब तक की सबसे बड़ी प्रतिबंध सूची मानी जा रही है। इन प्रतिबंधों के तहत संबंधित लोगों की संपत्तियां फ्रीज की जा सकती हैं।उन्हें आर्थिक मदद या अन्य संसाधन उपलब्ध कराने पर रोक लगाई जाती है। इसके साथ ही उन पर यात्रा संबंधी प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं। प्रतिबंध सूची में नाम आने के बाद अर्कांडी द्वोरकोविच ने कहा कि वह इस फैसले को गैर-कानूनी और गलत मानते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस फैसले को कानूनी तरीके से चुनौती देंगे और उन्हें भरोसा है कि आखिरकार उन्हें न्याय मिलेगा।

### द्वोरकोविच अध्यक्ष के रूप में काम नहीं करेंगे

हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि जब तक यह मामला कानूनी रूप से साफ नहीं हो जाता, तब तक उनके खिलाफ लगे प्रतिबंध फिडे के कामकाज में परेशानी पैदा कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने स्वेच्छा से फिडे अध्यक्ष के रूप में अपनी सभी शक्तियों और जिम्मेदारियों को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब तक उन पर ईयू और स्विट्जरलैंड के नियमों के तहत प्रतिबंध लागू रहेंगे, तब तक वह अध्यक्ष के रूप में काम नहीं करेंगे।

### विश्वनाथन आनंद को अंतरिम अध्यक्ष बने

फिडे के नियमों के अनुसार, ऐसी स्थिति में डिप्टी प्रेसिडेंट अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालते हैं। इसी प्रावधान के तहत विश्वनाथन आनंद को अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया है। अब वह तब तक फिडे का नेतृत्व करेंगे, जब तक द्वोरकोविच पर लगे प्रतिबंध हट नहीं जाते या स्थिति में कोई बदलाव नहीं आता।

### द्वोरकोविच के फैसले को मंजूरी दी

फिडे काउंसिल ने भी द्वोरकोविच के फैसले को मंजूरी दे दी है। संगठन ने अपने बयान में कहा कि प्रतिबंध लागू रहने तक द्वोरकोविच फिडे के अध्यक्ष के रूप में मिलने वाले किसी भी अधिकार, जिम्मेदारी या विशेषाधिकार का इस्तेमाल नहीं करेंगे। वह संगठन या उसकी संपत्तियों पर किसी तरह का नियंत्रण भी नहीं रखेंगे। विश्वनाथन आनंद दुनिया के सबसे सफल शतरंज खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारत में शतरंज को नई पहचान दिलाई और कई युवा खिलाड़ियों को इस खेल की ओर प्रेरित किया। वह 2022 से फिडे के उपाध्यक्ष हैं और अब उन्हें अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## अनकैप्ड स्पिनर को किया शामिल

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी टेस्ट टीम की घोषणा की

**त्रिनिदाद, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने पाकस्तान के खिलाफ 25 जुलाई से 6 अगस्त तक होने वाले दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए गुरुवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में बाएं हाथ के स्पिनर जोशुआ बिशन को जगह दी है। बिशप ने पिछले तीन वेस्टइंडीज चैंपियनशिप सीजन में बारबाडोस प्राइड और वेस्टइंडीज एकेडमी के लिए कुल 91 विकेट लिए हैं, जो उस दौरान किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। वहीं सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल के चोटिल होने के कारण किर्क मैकेंजी की दो साल बाद टीम में वापसी हुई है। कैंपबेल को न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई वनडे इंटरनेशनल सीरीज के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था, जिसके कारण वह बाहर हो गए। मैकेंजी ने हालिया वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में छह पारियों में 64.60 की औसत से 323 रन बनाए थे। इस बीच, अल्जारी जोसेफ निजी कारणों से चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सीरीज़ का पहला मैच 25 से 29 जुलाई के बीच ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेला जाएगा। यह इस मैदान पर होने वाला पहला टेस्ट मैच



होगा, जिससे यह इस इलाके का 13वां ऐसा मैदान बन जाएगा जहां टेस्ट क्रिकेट खेला जाएगा। दूसरा मैच 2 से 6 अगस्त के बीच ऐतिहासिक क्वींस पार्क ओवल में होगा। वेस्टइंडीज अभी तालिका में आठवें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान सबसे आखिरी स्थान पर है।

**पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टंडीज की टेस्ट टीम :** रोस्टन चेस (कप्तान), जोमेल वारिकन (उप-कप्तान), जोशुआ बिशप, टैगनारिन चंद्रपॉल, जोशुआ डा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, शाई होप, अमीर जांगू, शामार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, किक मैकेंजी, कीमो पॉल, केमार रोच और जेडन सील्स।

## राष्ट्रमंडल खेल में किया कमाल

# भारतीय तैराक नटराज 50 मीटर बैकस्ट्रोक के सेमीफाइनल में पहुंचे



**ग्लास्गो।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में शुक्रवार को यहां संयुक्त 14वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। दो बार के ओलंपियन और कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके नटराज ने 25.52 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने बरमूडा के जैक हार्वे के साथ संयुक्त 14वां स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल के लिए हीट से शीर्ष-16 तैराकों का चयन किया गया। नटराज अपनी आठ खिलाड़ियों वाली हीट में पांचवें स्थान पर रहे। पैरा तैराकी में भारत के आरवीवीबीके बुडिगिना और इमाम अली ने पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस13 वर्ग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हीट में हिस्सा लेने वाले सभी आठ तैराक फाइनल में पहुंचे।

### जूडोका तुलिका मान निलंबित

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता जूडोका तुलिका मान को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। पिछले 12 महीनों में तीन बार अपने ठिकाने (वेयरअबाउट्स) की जानकारी न देने के कारण उन पर यह कार्रवाई की गई है, जिसके बाद उन्हें आगामी ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया है। तुलिका मान ने 2022 के बर्मिंघम खेलों में +78 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता था और वह ग्लास्गो में भी भारत के लिए पदक की एक मजबूत दावेदार मानी जा रही थीं। एक जूडो कोच ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि तुलिका ने 12 महीने की अवधि में तीन बार वेयरअबाउट्स विफलताएं की हैं और नाडा ने उन्हें नोटिस भेजा है। इसी वजह से उन्हें टीम से वापस लिया जा रहा है।

# आज भारत सीरीज जीतने के करीब जिम्बाब्वे के लिए बड़ी चुनौती

**हरारे एजेंसी।** भारतीय टीम शनिवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। जबकि हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होने वाले इस मैच में जिम्बाब्वे के लिए 'करो या मरो' वाली स्थिति होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली युवा भारतीय टीम ने पहले मैच में 7 विकेट से शानदार जीत के साथ सीरीज पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक और जीत भारत को सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त दिला देगी, जबकि हार जिम्बाब्वे को एक और घरेलू सीरीज हार की ओर धकेल देगी।

भारत की शुरुआती जीत जबरदस्त बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी रही। युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शानदार अंदाज बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक जड़कर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया, जबकि ईशान किशन (35) और कप्तान अय्यर (28 नाबाद) ने 40 गेंदें शेष रहते हुए 126 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले भारत के युवा तेज गेंदबाजो ने मैच का माहौल तैयार किया। मयंक यादव ने मैच की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को आउट किया और 18 रन देकर 2 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ़ द मैच' का पुरस्कार मिला। प्रिंस यादव ने दो विकेट लिए, जबकि रवि बिश्नोई और शिवम दुबे ने भी योगदान दिया, जिससे ज़िम्बाब्वे की टीम 7 विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

इस शानदार जीत ने भारत के उभरते सितारों पर सबका ध्यान खींचा है। हरारे एक बार फिर देश की अगली पीढ़ी के लिए खुद को साबित करने का मैदान बन गया है, जहाँ सूर्यवंशी और मयंक यादव अब भारत के दबदबे को बनाए रखने और शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत साबित करने की उम्मीदों को आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि, जिम्बाब्वे के लिए स्थिति साफ हैः या तो जीतें या सीरीज हारें। पहले मैच में पारी की पहली ही गेंद पर बेनेट का विकेट गंवाने के बाद सिकंदर रजा की टीम उबर नहीं पाई; सिर्फ़ वेस्ली मधेवेरे (39), तादिवानाशे मारुमनी (27) और रयान बर्ल (26) ने ही कुछ संघर्ष दिखाया।




मेजबान टीम को अपने टॉप ऑर्डर से कहीं बेहतर प्रदर्शन की ज़रूरत होगी, जबकि तेज़ गेंदबाज़ ब्लेसिंग मुज़राबानी और रिचर्ड नगारवा को शुरुआती विकेट लेने होंगे ताकि भारत के आक्रामक बल्लेबाजों को एक बार फिर मैच पर हावी होने से रोका जा सके।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला होने की उम्मीद है और मैच के दौरान मौसम भी साफ रहने का अनुमान है। हालांकि इस मैदान पर आम तौर पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को फायदा मिलता रहा है, लेकिन पहले मैच में भारत की आसान जीत से पता चला कि पिच पूरे समय स्ट्रोक-प्ले के लिए अच्छी रहती है। अपनी मजबूत स्थिति के कारण, भारत इस मैच में सीरीज जीतने की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगा। वहीं, जिम्बाब्वे के पास गलती की कोई गुंजाइश नहीं है; उन्हें जबरदस्त वापसी करनी होगी ताकि वे मुकाबले को तीसरे और निर्णायक टी-20 तक ले जा सकें।




# मयंक की भी यादगार वापसी बतौर कप्तान श्रेयस की पहली जीत

**हरारे, एजेंसी।**15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के रिकॉर्डतोड़ अर्धशतक और तेज गेंदबाज मयंक यादव की शानदार वापसी की बदौलत भारत ने गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हरा दिया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की यह पहली जीत रही, जबकि इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त भी हासिल कर ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। जवाब में भारत ने 13.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 15 साल और 118 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पचास रन बनाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज बन गए।

### 19 गेंदों में वैभव ने मचाया तूफान

*126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और अभिषेक शर्मा केवल एक रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने आते ही मैच का रुख बदल दिया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर अपनाए और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर जमकर हमला बोला। वैभव ने रिचर्ड एनगरावा और ब्लेसिंग मुजारबानी जैसे अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ शानदार शॉट लगाए। उन्होंने महज 19 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 50 रन ठोक दिए।*

### 21 महीने बाद मयंक की यादगार वापसी

करीब 21 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी वापसी को खास बना दिया। उन्होंने मैच की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। ऑन-फील्ड अंपायर ने बल्लेबाज को नॉट आउट दिया था, लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। इसके साथ ही मयंक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। उनसे पहले यह उपलब्धि अर्शदीप सिंह (टी20 विश्व कप 2024 बनाम अमेरिका) और हार्दिक पांड्या (एशिया कप 2025 बनाम पाकिस्तान) ने हासिल की थी।



### यादव ने 18 रन देकर दो विकेट झटके

145 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से लगातार गेंदबाजी करने वाले मयंक ने चार ओवर में सिर्फ 18 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने डियन मायर्स को भी अपनी तेज रफ्तार से परेशान करते हुए पवेलियन भेजा और चोट से वापसी के बाद अपनी फिटनेस और गति दोनों का शानदार परिचय दिया। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही जिम्बाब्वे पर दबाव बनाए रखा। मयंक यादव ने पहली गेंद पर विकेट लेकर मेजबान टीम को झटका दिया, जबकि प्रिंस यादव ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। शिवम दुबे और रवि बिश्नोई को एक-एक सफलता मिली। डेब्यू कर रहे अशोक शर्मा ने शुरुआती ओवर में रन जरूर खर्च किए, लेकिन बाद में अच्छी वापसी की।

## दिल्ली में आज भी 17 मेट्रो स्टेशन बंद, यात्रियों को परेशानी

### -तीन स्टेशनों पर इंटरचेंज सुविधा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के चलते दिल्ली में यातायात व्यवस्था प्रभावित बनी हुई है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने शुक्रवार को भी 17 मेट्रो स्टेशनों को सुबह 7-30 बजे से अगले आदेश तक बंद रखने का फैसला किया है। हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए राजीव चौक, मंडी हाउस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशनों पर इंटरचेंज की सुविधा जारी रहेगी। बंद रहने वाले स्टेशनों में लोक कल्याण मार्ग, राजीव चौक, पटेल चौक, रामकृष्ण आश्रम मार्ग, बाराखंभा रोड, सुप्रीम कोर्ट, सेवा तीर्थ, जनपथ, मंडी हाउस, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, आईटीओ, दिल्ली गेट, इंद्रप्रस्थ, खान मार्केट, जोर बाग, शिवाजी स्टेडियम और झंडेवालान शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार को भी मध्य दिल्ली में यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही थी। कई प्रमुख सड़कों पर बैरिकेडिंग और मेट्रो स्टेशनों के बंद रहने से लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि मेट्रो सेवा प्रभावित होने के कारण उनके सफर में 40 से 45 मिनट तक अतिरिक्त समय लगा। शाम के समय दफ्तरों की छुट्टी के बाद स्थिति और ज्यादा खराब हो गई। बसों में भीड़ बढ़ गई और कई लोगों को घर पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। प्रशासन ने लोगों से यात्रा की योजना बनाकर निकलने की अपील की है।

## हजारीबाग में मुठभेड़ के बाद राहुल दुबे गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, एक जख्मी

हजारीबाग (एजेंसी)। हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के पुलिस और राहुल दुबे गिरोह के सदस्यों के बीच हुई मुठभेड़ में एक अपराधी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया, जबकि दो अन्य को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के सदस्य चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में लेवी वसूलने की फिराक में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। इसी सूचना पर केरेडारी थाना और पगार ओपी की संयुक्त टीम ने बुकरु गांव के पास ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अपराधियों ने जंगल की ओर भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लगी। घायल अपराधी को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल और एक अवैध पिस्तौल भी बरामद की है। घटना की सूचना पर हजारीबाग एसपी अमन कुमार और बड़कागांव एसडीपीओ अमित आनंद ने भी मौके का मुआयना किया। गिरफ्तार अपराधियों से राहुल दुबे गिरोह के नेटवर्क और लेवी वसूली से जुड़ी अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

## असम में कई इलाके जलमग्न, बाढ़ से 7.21 लाख लोग प्रभावित, 6 लोगों की हुई मौत



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के कई हिस्से जलमग्न हैं। अधिकारियों ने बताया कि 11 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 7.21 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि मरने वालों की संख्या 6 हो गई है। एएसडीएमए के मुताबिक बाढ़ से प्रभावित जिले गोलाघाट, होजई, कामरूप, चराइदेव, जोरहाट, डिब्रूगढ़, शिवसागर, नागांव, कामरूप (मेट्रो), कार्बी आंगलोंग और तिनसुकिया हैं। कुल 37 राजस्व सर्कल और 883 गांव प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ के कारण 25,375.44 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ का सबसे गंभीर असर शिवसागर जिले में देखा गया है, जहां 3,75,682 लोग प्रभावित हुए। इसके बाद चराइदेव में 1,86,351 और जोरहाट में 1,15,764 लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पुष्टि की कि अब तक बाढ़ के कारण 6 लोगों की मौत हुई है। शिवसागर में 4, जबकि चराइदेव जिले में दो लोग बाढ़ की चपेट में आए। बाढ़ की ताजा रिपोर्ट में किसी के लापता होने की सूचना नहीं है। ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्र भी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 5 राजस्व सर्कल और 17 इलाके या वार्ड प्रभावित हुए हैं, जिससे 592 लोग प्रभावित हुए हैं। शहरी इलाकों में पानी भरने से कई निचले इलाकों में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रशासन ने प्रभावित जिलों में राहत सुविधाएं शुरू की हैं। अभी 103 राहत शिविर और 255 राहत वितरण केंद्र चल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि 24,000 से ज्यादा लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, जबकि 2.39 लाख से ज्यादा लोगों को मदद पहुंचाई गई है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि सबसे अधिक प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, अग्निशमन व आपातकालीन सेवाएं और जिला प्रशासन की टीमें राहत व बचाव अभियान में जुटी हैं।

## आंदोलन का असर चुनाव की तैयारियों पर दिखा, भाजपा नेतृत्व हुआ सतर्क

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में छात्रों और विभिन्न संगठनों के आंदोलनों का असर अब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी दिखाई देने लगा है। भाजपा नेतृत्व चुनाव से पहले किसी भी प्रकार के जनाक्रोश को लेकर सतर्क हो गया है। इसी रणनीति के तहत केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश मंत्रियों और विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने तथा जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी संगठन ने जनप्रतिनिधियों से कहा है कि वे बूथ स्तर तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में चल रहे आंदोलनों और विपक्ष के हमलों को देखते हुए भाजपा चुनावी माहौल को अपने पक्ष में बनाए रखने के लिए कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों के दौरे और जनसंपर्क अभियानों की निगरानी भी कर रहा है। वहीं विपक्ष का दावा है कि भाजपा जनता के बढ़ते असंतोष से चिंतित है, जबकि भाजपा का कहना है कि यह चुनाव पूर्व सामान्य संगठनात्मक तैयारी का हिस्सा है। आगामी उत्तर प्रदेश चुनावों को देखते हुए प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं।

# प्रदर्शन में पैलेट गन दागी, युवक का कान कटकर नीचे गिरा

### मेडिकल रिपोर्टों में दर्ज हुए चोटों के निशान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए प्रदर्शनकारियों की मेडिकल रिपोर्टों में ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनसे पैलेट गन और रबर बुलेट के इस्तेमाल की आशंका मजबूत हुई है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है, जबकि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

घायलों की मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) रिपोर्टों में कई गंभीर चोटों का उल्लेख किया गया है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जारी एक महिला प्रदर्शनकारी टोप्पो की रिपोर्ट में संदिग्ध गोली लगने से चोट दर्ज है। टोप्पो का दावा है कि उन्हें रबर बुलेट लगी थी, जिससे उनके दाहिने कान का एक हिस्सा कटकर जमीन पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय पुलिस आंसू गैस के गोले छोड़ रही थी और फायरिंग भी की जा रही थी। इसी दौरान उनके कान पर रबर बुलेट लगी और कान का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सफदरजंग



अस्पताल में भर्ती 28 वर्षीय एक पत्रकार की मेडिकल रिपोर्ट में कमर और हाथों पर पैलेट इंजरी के निशान दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट में उल्लेख है कि जंतर-मंतर पर पैलेट गन से हमला हुआ था। घायल पत्रकार का कहना है कि डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि उनके शरीर में कई छर्रे धंसे हुए हैं, जिन्हें अधिक संख्या में होने के कारण सर्जरी के जरिए निकालना आसान नहीं है। प्रदर्शन में घायल 19 वर्षीय साहिल का इलाज एम्स में चल रहा है। परिजनों के अनुसार, उनकी दाहिनी आंख में पैलेट घुस गया, जिससे आंख में गंभीर चोट आई है और एक और सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके अलावा उनके चेहरे, गर्दन, छाती और पेट में भी कई छर्रे फंसे हुए हैं। वहीं लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक अन्य घायल मंसूरी ने बताया कि उनके चेहरे और गर्दन से छर्रे निकालने के लिए दो सर्जरी करनी पड़ीं। उनका कहना है कि आंसू गैस का गोला फटने के बाद उन्हें चेहरे पर तेज जलन महसूस हुई और बाद में गंभीर चोटों का पता चला।

दूसरी ओर, दिल्ली पुलिस ने पैलेट गन या रबर बुलेट के इस्तेमाल से स्पष्ट इनकार किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के पास दंगा नियंत्रण के उपकरण होते हैं, लेकिन उनके इस्तेमाल को लेकर वे कोई पुष्टि नहीं कर सकते। वहीं सीआरपीएफ ने इस पूरे मामले पर आधिकारिक टिप्पणी करने से परहेज किया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार आरएएफ के पास पैलेट गन जैसे दंगा-रोधी उपकरण उपलब्ध होते हैं और भीड़ नियंत्रण के दौरान उनका उपयोग किया जा सकता है। मेडिकल रिपोर्टों के सामने आने के बाद प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग को लेकर सवाल तेज हो गए हैं। अब इस मामले में स्वतंत्र जांच और संबंधित एजेंसियों की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है।

## बुलावा नहीं आया, तो सोशल मीडिया पर छलका दर्द-ए-दिल, भाजपा में सब कुछ ठीक है?

मुंबई (एजेंसी)। गोरखपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में पूर्वांचल के पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर के लोकार्पण समारोह से एक राजनीतिक संदेश भी निकलकर सामने आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां 995 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, वहीं भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय मंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल का दर्द सोशल मीडिया पर सुर्खियां बन गया। उन्होंने लिखा कि घर के सामने फ्लाईओवर का उद्घाटन हुआ, जाने की इच्छा भी थी, लेकिन निमंत्रण नहीं मिला।



राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या भाजपा में अब निमंत्रण भी राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बन गया है? चार बार गोरखपुर शहर से विधायक रह चुके और वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री जैसे अहम पद पर बैठे नेता को यदि मंच तक बुलावा नहीं मिले, तो इसे महज प्रशासनिक चूक मानना आसान नहीं होगा।

डॉ. अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए जनता को बधाई भी दी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को टैग कर अपनी पीड़ा सार्वजनिक कर दी। अब राजनीतिक विश्लेषक इसे फ्लाईओवर से ज्यादा ऊंची होती सियासी दूरियां बताकर चर्चा कर रहे हैं। आखिर बुलावे की राजनीति में किसका कद बढ़ा और किसका घटा, यह सवाल फिलहाल गोरखपुर की सियासत में सबसे ज्यादा गूंज रहा है।

## पीएम मोदी के वीडियो पर बोले खड़गे- पहले धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त कर संसद आइए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देर रात जारी किए गए वीडियो संदेश के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब संसद का सत्र चल रहा हो, तब प्रधानमंत्री को सदन में आकर बयान देना चाहिए, न कि संसद के बाहर वीडियो संदेश जारी करना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए लिखा कि संसद में आने से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को उनके पद से बर्खास्त किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है और छात्रों के साथ हुए अन्याय पर अब तक कोई ठोस राजनीतिक जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मांगों को दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पहले छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। साथ ही प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और पेलेट गन के इस्तेमाल के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। खड़गे ने कहा कि इन कदमों के बाद ही शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक चर्चा संभव होगी।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने देर रात जारी वीडियो संदेश में कहा था, कि पेपर लीक रोकने के लिए सरकार सख्त कानून लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन और दोषियों को शीघ्र एवं कड़ी सजा दिलाने संबंधी मसौदा तैयार कर उन्हें सौंप दिया है। इस प्रस्ताव पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा होगी और मंत्रियों के सुझावों के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

## राहुल ने पीएम मोदी पर कसा तंज बोले- पहले शिक्षा मंत्री को हटाइए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक विवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आधी रात को वीडियो जारी कर प्रदर्शनकारी छात्रों की समझदारी का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाया जाए, प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करने वालों को सजा दी जाए और सरकार इस पूरे मामले पर देश के छात्रों से माफी मांगे।

राहुल गांधी का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक के खिलाफ और अधिक सख्त कदम उठाने पर



चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार पर राजनीतिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर लगातार सरकार की जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़े हुए हैं।

दूसरी ओर, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अभिजीत दिपके ने लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा 26 दिनों से जारी अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने पर राहत जताई है। दिपके ने कहा कि वांगचुक के त्याग और साहस ने पूरे देश की अंतरात्मा को जगाने का काम किया है। उन्होंने साफ किया कि जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक जंतर-मंतर पर उनका शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि सोनम वांगचुक ने गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में केंद्रीय मंत्रियों जे.पी. नड्डा और जितेंद्र सिंह, लेह-लद्दाख की एपेक्स बॉडी के वरिष्ठ नेताओं तथा अपने परिवार की मौजूदगी में उपवास तोड़ा। संसद के 65 सदस्यों द्वारा की गई अपील और देश भर से समर्थन मिलने के बाद उन्होंने अपना 26 दिनों का अनशन समाप्त किया।

## 26 जुलाई को पूरे देश में सपा मनाएगी संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस

### -अखिलेश बोले- जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा, संविधान ही है ढाल

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 26 जुलाई को पूरे यूपी और देशभर में संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि इसी दिन कोल्हापुर के तत्कालीन शासक राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने महात्मा ज्योतिबा फुले की विचारधारा से प्रेरित होकर आरक्षण व्यवस्था लागू की थी। उनके मुताबिक यह सामाजिक न्याय को व्यवहार में उतारने की एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसने आगे चलकर संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के प्रावधानों की मजबूत नींव रखी।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि आरक्षण दिवस 26 जुलाई को समाजवादी पार्टी ने संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में भी मनाने का फैसल लिया है क्योंकि इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित 'आरक्षण' को कोल्हापुर के परम आदरणीय-अनुकरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था। इसी दिन आरक्षण देने का शुभारंभ हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक न्याय की भावना को आरक्षण के रूप में इसी दिन अमल में लाया गया था, जो आगे चलकर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के सद्प्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश के लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धांत भी। इसके लिए हर वर्ष 26 जुलाई से अधिक ऐतिहासिक अवसर और क्या हो सकता है, क्योंकि विचार को सही में लागू करना ही तो सबसे बड़ा और प्रभावशाली उदाहरण होता है, जो परम आदरणीय-अनुकरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जी ने इस दिन लागू करके दिखलाया था।



सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष भी 26 जुलाई को पूरे उत्तर प्रदेश और देश में समाजवादी पार्टी संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस का आयोजन कर रही है। इस दिन सपा के मुख्यालय व सभी कार्यालयों में एक सादगीपूर्ण समारोह में भारत के संविधान की प्रति के सानिध्य में संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल भावना यही है कि संविधान-मानस्तंभ वस्तुतः पीडीए-प्रकाशस्तंभ के रूप में हमारे सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदैव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है। संविधान ही गैर बराबरी दूर करके समता-समानता को सुनिश्चित करेगा और हमारे 'बंधु राष्ट्र' बनाने के महा-संकल्प को भी।

# अब जगन्नाथ धाम और महाप्रसाद का व्यावसायिक उपयोग करना होगा अवैध

### पुरी जगन्नाथ मंदिर प्रशासन को मिले 5 नए ट्रेडमार्क

**पुरी (एजेंसी)।** हिंदुओं के पवित्र चार धामों में से एक, ओडिशा स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने 12वीं सदी के इस ऐतिहासिक मंदिर की पहचान और अनूठी परंपराओं की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कानूनी उपलब्धि हासिल की है। ट्रेड मार्क्स रजिस्ट्री ने जांच के दूसरे चरण के बाद मंदिर प्रशासन के पांच नए ट्रेडमार्क आवेदनों को स्वीकार कर लिया है। इन नए स्वीकृत शब्दों में जगन्नाथ धाम, श्रीक्षेत्र, महाप्रसाद, नीलचक्र और कोइली बैकुंठ शामिल हैं, जिन्हें जल्द ही ट्रेड मार्क्स जर्नल में प्रकाशित किया जाएगा। मंदिर कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह कदम महाप्रभु श्री जगन्नाथ की पवित्र संस्कृति से जुड़े धार्मिक चिह्नों और पहचान के अनधिकृत तथा व्यावसायिक दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया गया है।



हाल के वर्षों में कई व्यक्तियों और निजी संस्थाओं द्वारा इन पवित्र नामों का व्यावसायिक इस्तेमाल करने के मामले सामने आ रहे थे। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के दीघा में बने एक नए मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द के इस्तेमाल के बाद यह विवाद काफी गहरा गया था, जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने ट्रेडमार्क संरक्षण की प्रक्रिया को और तेज कर दिया। मान्यता के अनुसार, जगन्नाथ धाम पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ के मुख्य निवास स्थान को कहा जाता है, जिसे श्रीक्षेत्र या धरती का बैकुंठ भी माना गया है। वहीं, मंदिर की रसोई में तैयार होने वाले विशेष भोग को महाप्रसाद कहा जाता है। नीलचक्र मंदिर के शिखर पर स्थापित अष्टधातु का सुदर्शन चक्र है और कोइली बैकुंठ मंदिर परिसर का वह पवित्र उद्यान है, जहां नव कलेवर के दौरान पुराने विग्रहों का समाधि-विसर्जन किया जाता है। अब इन सभी नामों का बिना अनुमति व्यावसायिक प्रयोग दंडनीय अपराध होगा।

मंदिर प्रशासन ने जगन्नाथ संस्कृति से जुड़ी कुल 29 पहचानों और शब्दों के ट्रेडमार्क संरक्षण के लिए आवेदन किया था। इससे पहले पिछले महीने भी एसजेटीए को आनंद बाजार, पतितपावन और नीलचक्र के आधिकारिक लोगो के लिए ट्रेडमार्क पंजीकरण मिल चुका है। ट्रेड मार्क्स अधिनियम के तहत किए गए ये पंजीकरण पुरी मंदिर की समृद्ध विरासत, प्रामाणिकता और धार्मिक भावनाओं को सुरक्षित रखने में दूरगामी भूमिका निभाएंगे।

## भारत ने पीएम रहमान को ब्रिक्स सम्मेलन का भेजा न्योता

### -बांग्लादेश से संबंधों को पटरी पर लाने की पहल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से भारत और पड़ोसी मुल्क के बीच उपजे कूटनीतिक तनाव के बीच भारत ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। भारत ने बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान को 12-13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने का आधिकारिक निमंत्रण भेजा है। बांग्लादेश के ब्रिक्स का सदस्य देश न होने के बावजूद ढाका को आमंत्रित करना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को पुन-पटरी पर लाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



बांग्लादेश की विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद इस्लाम ने पुष्टि की है कि भारतीय पक्ष से प्राप्त निमंत्रण विदेश मंत्रालय को मिल चुका है, जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज दिया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले फरवरी में भी तारिक रहमान को भारत यात्रा का न्योता दिया था। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में रहने के कारण बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में किसी प्रतिकूल प्रतिक्रिया के डर से रहमान अब तक भारत यात्रा को लेकर सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। पद संभालने के बाद वह अपनी पहली विदेश यात्रा पर परंपरा से हटकर भारत के बजाय चीन गए थे। बांग्लादेश लंबे समय से ब्रिक्स समूह का सदस्य बनने की महत्वाकांक्षा रखता है और इस दिशा में उसे चीन व रूस का समर्थन भी प्राप्त है। ऐसे में नई दिल्ली में होने वाला यह शिखर सम्मेलन ढाका के लिए कूटनीतिक दृष्टिकोण से बेहद खास माना जा रहा है। इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भी शामिल होने की संभावना है। इससे पहले 2016 में भी जब भारत ने ब्रिक्स की मेजबानी की थी, तब बांग्लादेश को बिम्सटेक सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया था। हाल ही में मनीला में आसियान फोरम के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान के बीच भी संक्षिप्त मुलाकात हुई थी। भारत की इस वर्ष की ब्रिक्स अध्यक्षता बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर केंद्रित है। इस बड़े मंच पर बांग्लादेश की भागीदारी से दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता और व्यापारिक संबंधों को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# प्रोटेस्ट के बीच सरकार के संकटमोचक कैसे बन गए नड्डा?

### -वांगचुक का अनशन तुड़वाने में निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक विवाद और विभिन्न संगठनों के बढ़ते विरोध-प्रदर्शनों के चलते केंद्र सरकार पर चौतरफा राजनीतिक दबाव बना हुआ है। सड़क से लेकर संसद तक जारी इस संग्राम के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा सरकार के प्रमुख संकटमोचक बनकर उभरे हैं। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने से लेकर घायल छात्रों से मुलाकात और गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सोनम वांगचुक से दो दौर की बातचीत तक, हर मोड़ पर उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

आंदोलन की शुरुआत से ही जेपी नड्डा ने सरकार की ओर से संवाद के रास्ते खोले रखे। 20 जुलाई को जब प्रदर्शन उग्र हुआ और प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्च का ऐलान किया, तब उन्होंने तुरंत बैक-चैनल संवाद सक्रिय कर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को उचित मंच पर उठाया जाएगा। हिंसा के दौरान घायल हुए प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर उन्होंने उन्हें हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान करने का भरोसा दिया और संसद में भी स्पष्ट किया कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। गतिरोध को सुलझाने की दिशा में बड़ा मोड़ तब आया जब जेपी नड्डा आधी रात को मेदांता अस्पताल पहुंचे और 26 दिनों से अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक से मुलाकात की। इस पहल के बाद वांगचुक ने सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखीं। सरकार ने इन मांगों का सिलसिलेवार अध्ययन कर एक रूपरेखा तैयार की, जिसके बाद प्रधानमंत्री के बयान और जेपी नड्डा की सीधी मौजूदगी में सोनम वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। सोनम वांगचुक का अनशन तुड़वाकर जेपी नड्डा ने इस संकट को टालने की दिशा में पहली बड़ी सफलता हासिल कर ली है। हालांकि, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर प्रदर्शनकारियों को क्या आश्वासन मिला है, यह सवाल अभी भी बना हुआ है। अब उनकी अगली बड़ी चुनौती जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध-प्रदर्शन को पूरी तरह से समाप्त कराने की होगी।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**